आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी उपरांत 12:39 अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 सितंबर 2024

वर्ष 5, अंक 181, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा 16

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा 15

एक नजर

विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत 7 अक्टूबर तक

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी। खान की न्यायिक हिरासत की समय सीमा समाप्त होने पर उसे विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सितंबर को खान को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और जांच को बाधित कर सकता है।

अवैध पटाखा फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बारूद बरामद

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के महुआ थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में बने हुए पटाखे, पोटाश और बारूद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि महुआ थाना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि ग्राम रुधावली में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के लिए बड़ी मात्रा में प्याखों का निर्माण किया जा रहा है। महुआ थाना पुलिस ने इसकी सूचना समीप के अंबाह थाना पुलिस को भी दी। अंबाह और महुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम रुधावली में जाकर उक्त फैक्ट्री पर छापा मार करवाई की।

पुलिस के साथ मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर की मौत

चेन्नई। पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया गया 'सीजिंग' राजा के नाम से मशहूर घोषित अपराधी सोमवार को भागने की कोशिश के दौरान यहां पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने बताया कि जब राजा को छिपाकर रखे गए हथियारों की बरामदगी के लिए शहर के बाहरी इलाके में एक स्थान पर ले जाया गया, तो उसने भागने की कोशिश की और पुलिस दल पर गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में उस पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गई।

शोहदों ने दी तेजाब फेंकने की धमकी डर से छात्रा ने खुद को घर में किया कैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़िता की शिकायत पर पड़ोसी युवक समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज
- रास्ते में घेरकर युवती के साथ करता था अश्लील हरकत

अमृत विचार : मुगलपुरा थाना क्षेत्र में छात्रा ने शोहदे के डर से खुद को घर में कैद कर लिया। वह रास्ते में घेरकर युवती के साथ अश्लील हरकत करता था। बीते दिनों आरोपी अपने दो दोस्तों के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और तेजाब डाल कर चेहरा जलाने और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र की कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवती बीए की छात्रा है। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस में रहने वाला सुमित कॉलेज आते-जाते उसके साथ कई बार छेड़छड़ करता था। आरोपी अक्सर पीड़िता को अश्लील इशारे भी करता था। आरोपी की हरकत से तंग आकर युवती ने जनवरी 2024 से कॉलेज जाना बंद कर दिया। आरोप लगाया कि बीते 15 सितंबर को आरोपी सुमित अपने दो साथियों केशव और विक्की के साथ उसके घर के गेट पर आ गया। आते ही उसने तेजाब डालकर चेहरा खराब करने और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी वहां से भाग निकले।

इसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लील कमेंट करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हम बंटे थे इसीलिए अयोध्या से कटे थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मीरजापुर में 127 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- 1500 से अधिक युवाओं को वितरित किया स्मार्टफोन व टैबलेट
- मत्स्य आहार प्लांट के लिए लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम और रामलला के नवनिर्मित मंदिर का उदाहरण देते हुए सवाल पूछा है कि ऐसी स्थिति क्यों हुई कि अयोध्या में 500 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा? रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था? उसका एक ही कारण है कि हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। इसलिए बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास व सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए।

योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मीरजापुर के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ रुपये की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 1500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किए। मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना की पहली क़िस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल की भी शुरुआत की।

माफिया को प्रशासन करता था सैल्यूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो।

अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे विपक्षी

योगी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति का खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब राज्य की विकास की नई धारा के साथ बढ़ रहा है तो यह फिर से अवरोध बनकर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, कहा-अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी

चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली बदलने को लाया जाए अध्यादेश

तीन जजों की पीठ ने कहा कि संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली को चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के लिए से पॉक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना या डाउनलोड करना कानूनी अपराध घोषित किया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट को देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट और आईटी लॉ (सूचना एवं तकनीकी कानून) के तहत अपराध है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) शब्द की जगह संशोधित शब्दावली 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल) रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करें।

अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्तिजनक सामग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा।

दरअसल, एक मामले की सुनवाई में मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई पोर्नोग्राफी कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट न करना और इसकी शिकायत न करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने यह मामला खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद करते हैं और मामले को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

छत्तीसगढ़ में वज्रपात से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

राजनांदगांव, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने (वज्रपात) से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गए। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गए। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई। उस वक्त गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे भोजन अवकाश पर मैदान में खेल रहे थे और वे बिजली की चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक व जिला शिक्षाधिकारी के साथ मेडिकल टीम गांव पहुंची और घायल बच्चों का उपचार शुरू किया।

- भोजनावकाश में स्कूल में खेल रहे थे बच्चे

सुल्तानपुर डकैती का एक और आरोपी ढेर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मारे गए बदमाश अनुज सिंह पर घोषित था एक लाख रुपये का इनाम
- सोमवार भोर में एसटीएफ लखनऊ व अचलगंज पुलिस से हुई मुठभेड़

अमृत विचार : सुल्तानपुर जिले के एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को पड़ी डकैती में शामिल रहे दो बदमाशों की अचलगंज क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ से सोमवार भोर में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश अनुज प्रताप सिंह पर एक लाख रुपये का इनाम था।

सुल्तानपुर स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को दिनदहाड़े डकैती पड़ी थी। वारदात में शामिल रहे दो बदमाशों की लोकेशन एसटीएफ लखनऊ की टीम को उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में मिली थी। एसटीएफ ने उन्नाव पुलिस के साथ घेरने की योजना तैयार की। रविवार देर रात एसटीएफ व पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। बदमाश बाइक से भागने लगे। उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में बदमाशों का पुलिस से आमना-सामना हो गया। अपने को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के सिर में गोली लगी। दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। मारे गए बदमाश की पहचान अनुज प्रताप सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी गांव जनापुर थाना मोहनगंज अमेठी के रूप में हुई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुज की बहन मनीषा सिंह ने भाई को निर्दोष बताया। जो डकैती में शामिल थे सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। सजा देने का काम कोर्ट का है। मेरे भाई को विपिन सिंह और विनय शुक्ला ने फंसाया है। पिता धर्मराज सिंह ने कहा कि विपक्ष ने कहा था केवल जाति विशेष का एनकाउंटर सरकार करवा रही है। आज देख लीजिए ठाकुर का भी एनकाउंटर हो गया। जिन पर 35 से 40 केस हैं। उनका एनकाउंटर नहीं हो रहा है।

खाली छोड़ी केजरीवाल की कुर्सी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतिशी ने संभाला दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री पद का प्रभार
- कहा-भरत की तरह करेंगी मुख्यमंत्री पद का काम

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है।

मुख्यमंत्री पद का अनादर : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि आतिशी एक खाली कुर्सी दिखाती हैं तो इसका मतलब वह अपने को मुख्यमंत्री नहीं मानती हैं। यह कृत्य मुख्यमंत्री पद और संविधान का अनादर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा आतिशी जी और अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लालू-राबड़ी मॉडल और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं।

भारत में एमपॉक्स क्लेड-1 बी का पहला मामला मिला

नई दिल्ली। एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है। पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

- यूएई से केरल लौटे युवक में मिले लक्षण

सूत्रों ने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड-1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है, जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा है। सूत्रों ने बताया कि रोगी की हालत स्थिर है। यह इस स्वरूप का पहला मामला है। इस स्वरूप के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले महीने दूसरी बार एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया एमपॉक्स का एक मामला हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का था, जो इस महीने की शुरुआत में पश्चिमी अफ्रीकी 'क्लेड 2' स्वरूप से संक्रमित पाया गया था।

तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धिकरण

तिरुमला, एजेंसी

प्रसाद विवाद : मंदिर में किया गया शांति होम

मंदिर की रसोई में शुद्धि अनुष्ठान करते पुजारी।

तिरुमला मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट के परिप्रेक्ष्य में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सोमवार सुबह तिरुमाला मंदिर की यज्ञशाला में वैखानस आगम के सिद्धांतों के अनुसार मंदिर का शुद्धिकरण करते हुए 'शांति होम' किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी ने पवित्र समारोह के संपन्न होने के बाद बताया कि महा शांति होम का उद्देश्य बुरे प्रभावों को दूर करना, लड्डू प्रसादम और अन्य नैवेद्यम की पवित्रता को बहाल करना और श्रीवारी भक्तों का कल्याण करना है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र अनुष्ठान एक पाप-मुक्त अनुष्ठान है और इसके एक हिस्से के रूप में ऋत्विकों द्वारा वास्तु शुद्धि, कुंभजला संप्रोक्षण किया गया। भक्त लड्डू प्रसादम और नैवेद्यम की गुणवत्ता के बारे में अपनी आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक वेणुगोपाल दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह छह से दस बजे तक यज्ञशाला में संकल्पम, विश्वक्सेना आराधना, पुण्याहवचनम, वास्तु होम, कुंभ प्रतिष्ठा, पंचगव्य आराधना की गई।

घी की आपूर्ति करने वाली कंपनी को दी नोटिस

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगे थे और उनका परीक्षण किया था। इनमें से एक कंपनी के उत्पाद का नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बिहार में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढहा

पटना, एजेंसी

- प्रांत में हाल के दिनों में ढह चुके हैं एक दर्जन से अधिक पुल

बिहार में पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निर्माणाधीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों के ढहने की कड़ी में देखा जा रहा है।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने घटना के पीछे निर्माण कार्य में वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। हालांकि बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया कि घटना बियरिंग बदलने के दौरान हुई है जो एक नियमित अभ्यास है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के निर्माण की देखरेख बीएसआरडीसीएल कर रहा है। प्रबीन गुप्ता ने बताया कि खंभों पर गर्डर रखते समय उनमें से एक गिर गया।

फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर के लिए नामित

चेन्नई। किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनिमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं। असमी फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से चुनाव किया।

भविष्य की चिंता कौशल विकास मिशन के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह, उप्र. के 2677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक निराश

बजट 150 करोड़ का, केंद्र-राज्य का ड्रीम प्रोजेक्ट फिर भी बेपटरी

अजय दयाल, लखनऊ

- लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित, लेकिन अभी अवसर नहीं
- दस लाख रुपये की एफडी लगाई, सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने बेरोजगारी का संकट

> अभी हमें टारगेट नहीं मिला है, टारगेट मिलते ही ट्रेनिंग शुरू कर दी जाएगी। बजट की कोई समस्या नहीं है। संभवत: अगले माह इसके प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मूर्त रूप दे दिया जाएगा। - **अभिषेक सिंह**, मिशन निदेशक, कौशल विकास मिशन, उप्र.

अमृत विचार : लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये का बजट है, किंतु निर्धारित लक्ष्य नहीं। लगभग ढाई हजार प्रशिक्षण केंद्र हैं, लेकिन वहां सिर्फ सन्नाटा। लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित हैं, पर अभी अवसर नहीं। स्टार्टअप और ट्रेनिंग पार्टनर्स को भविष्य की चिंता सताने लगी है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में बेपटरी हो रहा है। यह ड्रीम प्रोजेक्ट है कौशल विकास मिशन का। इसका प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर दिलाना या स्वरोजगार में मदद करने का है।

फिलहाल स्थिति यह है कि वर्ष 2024-25 में 01 अप्रैल से आरंभ हुए सत्र में एक भी नई ट्रेनिंग शुरू नहीं हुई। ऐसे में उप्र. के 2,677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक गहरी निराशा में हैं। सत्र 2022-23 में इन्हीं ट्रेनिंग सेंटर की संख्या 2,276 थी जिसमें 2023-24 में 400 की बढ़ोत्तरी हो गई थी। आईटीआई और पॉलिटेक्निक सेंटर को छोड़ ऐसे निजी प्रशिक्षण केंद्र जो किराए पर हैं, उनके सामने आर्थिक संकट है। यही नहीं, दस लाख रुपये की एफडी जमाकर न्यू स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम पाने वाले सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने अब बेरोजगारी का संकट खड़ा होने वाला है। इनमें अधिकांश ऐसे हैं, जिन्होंने बैंकों से कर्ज लेकर दस लाख की एफडी मिशन में जमा की है। हालांकि 2022-23 और 2023-24 के सत्र उपलब्धि वाले रहे। उन सत्रों में क्रमशः 3.48 लाख पंजीकृत युवाओं में से 1.55 ने ट्रेनिंग ली और 97,286 को अलग-अलग क्षेत्रों में नियुक्ति भी मिल गई। इसके बाद 3.49 लाख युवाओं ने ट्रेनिंग हासिल करने को पंजीकरण कराया। इनमें से 2.23 ने प्रशिक्षण पूरा किया और 1.30 को रोजगार भी मिला।

अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को नहीं मिला लक्ष्य

वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए प्रशिक्षणदाताओं को लक्ष्य फरवरी 2022 में ही दे दिया गया था। इससे प्रशिक्षणदाताओं को तैयारी के लिए पर्याप्त समय भी मिल गया था और जिन लोगों ने किराए आदि पर प्रशिक्षण केंद्र बनाएं हैं, उन्हें भी पर्याप्त समय मिल गया था। वह बताते हैं कि इस बार अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को लक्ष्य नहीं दिया गया है।

शहर में आज

☞ वैश्य समाज की पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी सुनीता गुप्ता को उत्तर प्रदेश का संगठन मंत्री बनाने पर सम्मान समारोह सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में शाम 5 :00 बजे।

☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद सिविल लाइंस का इंस्टालेशन सेरेमनी साहू रमेश कुमार गर्ल्स इंटर कॉलेज में 12 :00 बजे।

☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस का पौधरोपण शिविर कांठ रोड पर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर के निकट सुबह 8 :30 बजे।

एक नजर

उद्यमी 7 अक्टूबर तक पुरस्कार के लिए जमा करें आवेदन

मुरादाबाद, अमृत विचार : खादी व ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना के अन्तर्गत न्यूनतम 3 वर्ष पुरानी निरन्तर कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाइयों को मंडल और प्रदेश स्तर पर पुरस्कार दिया जाना है। इसके लिए बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में उद्यमियों व इकाइयों की चयनित सूची मांगी गई है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत स्थापित इकाइयों से पुरस्कार के लिए 7 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

स्वास्थ्य शिविर में किया मरीजों का मुफ्त उपचार

अगवानपुर, अमृत विचार : कांठ रोड स्थित राम रहीम चैरिटेबल आई हॉस्पिटल में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर लगाकर मरीजों का मुफ़्त इलाज किया गया। शिविर का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू व भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने फीता काट कर किया। सोमवार को लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 331 मरीजों की शुगर मलेरिया आदि की जांच की गई। जबकि 25 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इस दौरान सभी मरीजों को मुफ़्त दवा भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अगवानपुर मिनी स्वास्थ्य केन्द्र की टीम भी मौजूद रही।

जिला अस्पताल में आयोजित काउंसिलिंग में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी।

अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह के पहले दिन बधिरों ने कराई काउंसिलिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिला अस्पताल में ईएनटी विभाग में सोमवार से स्वास्थ्य विभाग बधिर लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह मना रहा है। यहां रोगियों को बुलाकर डॉक्टरों ने उनकी काउंसिलिंग की। रोगियों की जो समस्याएं सामने आईं, उनका निस्तारण भी किया।

जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने रोगियों से कहा कि किसी भी बीमारी में वरिष्ठ चिकित्सक से परामर्श जरूर लें। झोलाछाप के संपर्क में न रहें। अन्यथा आपकी छोटी बीमारी बड़ी हो जाएगी। इसमें आप शारीरिक रूप के साथ आर्थिक रूप से भी परेशान होंगे। ईएनटी सर्जन डॉ.अनिल श्रीवास्तव ने नाक-कान-गला वाले रोगियों को बताया कि ईएनटी से संबंधित किसी भी रोग को हल्के में न लें, उसका समय से इलाज कराएं। उन्होंने कान वाले रोगियों में बधिरता को कैसे रोक सकते हैं, इस मामले पर भी जानकारी दी। एपिडेमियोलॉजिस्ट अजीजुर रहीम ने बताया कि बधिर लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह 29 सितंबर तक चलेगा। इसी के साथ ही बधिर जागरूकता सप्ताह का भी प्रारंभ किया गया है, जो 29 तक समस्त चिकित्सा इकाइयों पर चलेगा। इस मौके पर डीईआईसी मैनेजर सगीर अहमद, ऑडियोलॉजिस्ट अनिका गर्ग, स्टॉफ नर्स सविता चौहान एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

लाठी और बैशाखी के सहारे भी पहुंच रहे थे दिव्यांग, स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी दिखे अनजान

रेफरल फार्म को सीएमओ ऑफिस घिसटते पहुंचे दिव्यांग

निर्मल पांडेय, मुरादाबाद

अमृत विचार : सीएमओ ऑफिस में सोमवार को सुबह से ही दिव्यांगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो दोपहर डेढ़ बजे तक रही। ये दिव्यांग जिला अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को लगने वाले दिव्यांग शिविर में आए थे। यह शिविर आयुष भवन में चल रहा था। लेकिन, शिविर में उन्हीं दिव्यांगों की दिव्यांगता का मूल्यांकन हो रहा था, जिनके पास स्पेशलिस्ट रेफरल फार्म था। जो सीएमओ ऑफिस के प्रथम तल पर स्थित दिव्यांगजन सहायक कक्ष में मिल रहा था। इसी प्रपत्र के लिए कोई दिव्यांग लाठी तो कोई बैशाखी के सहारे टकते सीएमओ ऑफिस पहुंच रहा था। कुछ के पास तो बैशाखी या लाठी भी नहीं थी तो वह घिसटते हुए आ रहे थे।

बातचीत में दिव्यांगों ने बताया कि अभी तक जिला अस्पताल में पर्चा बनवा लेते थे। उसी पर्चे पर कैंप में आकर अपनी दिव्यांगता का मूल्यांकन कराते थे। लेकिन, इस बार से व्यवस्था बदल दी गई है। अब सीएमओ ऑफिस से उन्हें स्पेशलिस्ट रेफरल फार्म लेना पड़ रहा है। चूंकि यहां एक ही कंप्यूटर सिस्टम होने और नेटवर्किंग डाउन की वजह से एक-एक अभ्यर्थी को स्पेशलिस्ट रेफरल फार्म मिलने में समय लग रहा था।

तबस्सुम अपने पति चांदबाबू को लेकर पहुंची थीं। पति को लकवा मार गया है। वह बिलारी के गांव देवरखास से आई थीं। बताया कि वह दूसरी बार आई हैं। पहले आई थीं तो कागज कम थे। पाकबड़ा की राहेमीन अपने बेटे फैज के साथ सीएमओ ऑफिस में थीं। बेटे को दिमाग में दिक्कत बताई। गागन सराय की शालिनी बेटे का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के चक्कर में तीसरी बार सीएमओ ऑफिस पहुंची थीं। कुंदरकी के नदीम व इनकी पत्नी हुसनजहां दिव्यांग हैं। ये दोनों 500 रुपये में ई-रिक्शा बुक करके आए थे। सीएमओ ऑफिस में जमीन पर बैठे थे। कहा, पहले अस्पताल का पर्चा व आधार कार्ड से ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बन जाता था लेकिन, अब नया नियम स्पेशलिस्ट रेफरल फार्म का लागू कर दिया है। रामपुर दोराहे के आगे गांव ठीकरी से आए मो. तेजफिल के घुटनों से दोनों पैर कटे हैं। वह ट्राईसाइकिल खड़ी करने के बाद लाठी टेकते सीएमओ ऑफिस पहुंचे थे। बताया कि उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र में 60 प्रतिशत दिव्यांगता मूल्यांकित है, वह चाहते हैं कि बढ़ाकर 80 प्रतिशत कर दिया जाए तो उन्हें योजना का लाभ मिले। यही हाल, इनके दिव्यांग भाई मो. वासिल की दिव्यांगता का है। वासिल भी अपने प्रमाण पत्र में दिव्यांगता 80 प्रतिशत कराने आए थे। सिविल लाइन की गीता गोद में बच्चा रो रहा था। इन्होंने बताया कि उनके पति भगवान सिंह को भी दिव्यांगता है। इसी चक्कर में दूसरी बार सीएमओ ऑफिस आई हैं। गीता ने बताया कि वह सुबह 10.30 बजे से सीएमओ ऑफिस में हैं और दोपहर के 01 बज चुके हैं लेकिन, उन्हें स्पेशलिस्ट रेफरल फार्म नहीं मिल पाया।

रेफरल फार्म को उमड़ी दिव्यांगों की भीड़। ● अमृत विचार

सीएमओ ऑफिस जाते दिव्यांग। ● अमृत विचार

ई-रिक्शा बुक करके आए थे पांच दिव्यांग

डिलारी के सिहाली खद्दर से अरमान 600 रुपये में ई-रिक्शा बुक कर आए थे। इनके साथ आलिम, हसन, इरशाद समेत पांच लोग थे। ये सभी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने आए थे। अरमान ने बताया कि प्रमाण पत्र बनवा पाने में बहुत बाधाएं हैं, जिन्हें पार पाना हर किसी दिव्यांग के बस के बाहर है। इसीलिए ग्रामीण क्षेत्र के बहुत दिव्यांग जिले पर एक-दो चक्कर लगाए और फिर हिम्मत हारकर बिना प्रमाण पत्र हासिल किए ही घर बैठ जाते हैं।

46 अभ्यर्थियों के बने दिव्यांग प्रमाणपत्र

आयुष भवन में बैठे दिव्यांग चिकित्सा बोर्ड ने सोमवार को शिविर में 46 दिव्यांगों के प्रमाणपत्र स्वीकृत किए हैं। जबकि 10 लोगों को एक्स-रे आदि जांच कराने के लिए रेफर किया है। दोपहर एक बजे समय दिव्यांग चिकित्सा बोर्ड के प्रभारी डॉ. रामकिशोर व उनके सहयोगी मौजूद रहे।

दुकानें बंद कर मंडलायुक्त से मिले लाइनपार व्यापार मंडल के पदाधिकारी

कहा- सीएम ग्रिड योजना का स्वागत, लेकिन व्यापारियों को उजाड़ा न जाए, स्थानीय नागरिकों के हितों का रखा जाए ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लाइनपार व्यापार मंडल के पदाधिकारी सोमवार को दुकानें बंद कर सीएम ग्रिड योजना को लागू कराने की मांग को लेकर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त को बताया कि व्यापार मंडल सीएम ग्रिड योजना का विरोधी नहीं है, लेकिन हम चाहते हैं कि योजना के कार्य में व्यापारियों व नागरिकों को उजाड़ा न जाए।

लाइनपार व्यापार मंडल के राजपाल सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं। बाद में एकजुट होकर सभी व्यापारी व व्यापार मंडल के पदाधिकारी जुलूस की शक्ल में मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे। यहां पर उनके प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह से मुलाकात की। उनको बताया कि सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत चौधरी चरण सिंह चौक से लेकर केल्टन स्कूल तक सड़क का निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य होना है। व्यापारी और क्षेत्रवासी इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। योजना का स्वागत करते हैं लेकिन, व्यापारियों का अहित न किया जाए। विकास के नाम पर 500 से अधिक व्यापारियों को उजाड़ा नहीं जाना चाहिए। उनका रोजगार प्रभावित न हो। कहा कि विकास कार्य सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत लाइनपार में ही हो। व्यापारी और क्षेत्रवासी इसके लिए मंडलायुक्त के आभारी रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल व्यापारियों ने कहा कि उन्हें नगर विधायक रितेश गुप्ता और महापौर विनोद अग्रवाल पर पूरा भरोसा है कि उनके नेतृत्व में व्यापारियों व नागरिकों के हितों की रक्षा होगी।

प्रतिनिधिमंडल में राजपाल सिंह के अलावा महावीर प्रसाद गुप्ता, हरिओम, सत्यप्रकाश, हरिओम पाल, श्याम सिंह, किशोर विश्वास, केशव कुमार, रामपाल, विनीत कुमार, हर्ष सैनी, संजीव, राजकुमार, राजेंद्र कुमार सैनी, हिमांशु सैनी, विशेष शर्मा, गौरव कुमार, मुकुल कुमार, संजीव कुमार सैनी, विवेक चौहान, बंटी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कमिश्नर को ज्ञापन देते लाइनपार के लोग। ● अमृत विचार

सीएम ग्रिड योजना को लेकर लाइनपार में बंद दुकानें। ● अमृत विचार

सीएम ग्रिड योजना वापस होने से मायूस हुए व्यापारी

लाइनपार में सीएम ग्रिड योजना के अन्तर्गत विकास कार्य कराने की सरकार की मंशा स्थानीय हानि लाभ के खेल में धरी रह गई। योजना के वापस होने से इस क्षेत्र के विकास के लिए अब इंतजार करना पड़ेगा। पिछले कई दिनों से लाइनपार में सीएम ग्रिड योजना पर खींचतान चल रही थी। दो धड़े होने से विरोध बढ़ा तो अधिकारी भी पशोपेश में पड़े। बाद में दोनों संगठन रविवार को एक मंच पर आए और लाइनपार के हित के लिए योजना में सड़क की चौड़ाई कम कर लाइनपार में ही क्रियान्वित कराने पर सहमति बनी तो सोमवार को लाइनपार व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के नेतृत्व में दुकानदार दुकानें बंद कर मंडलायुक्त से मिले। अपनी बात रखी। लेकिन उन्हें तब निराशा हुई जब पता चला कि अब योजना वापस हो गई है।

मलेरिया का एक और रोगी मिला निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● डेंगू के अब तक मिले 17 मरीज जिला अस्पताल में हो रही जांच

अमृत विचार : संक्रामक रोग अभी समाप्त नहीं हुआ है। आए दिन कहीं न कहीं मलेरिया व डेंगू के रोगी मिल रहे हैं। शनिवार को ही गोविंदनगर में मलेरिया का एक रोगी मिला है, जो साईं अस्पताल में भर्ती है। जनवरी से अब तक मिले डेंगू रोगियों की कुल संख्या 17 बताई जा रही है। जबकि, जिला मलेरिया अधिकारी अब तक मलेरिया वाले रोगियों की कुल संख्या 8 बता रहे हैं। वैसे पैथोलॉजी में हर रोज डेंगू की 25-27 और मलेरिया के संबंध में 35-38 टेस्ट हो रहे हैं। लेकिन, कोई भी रोगी पॉजिटिव न मिलने की बात कही जा रही है।

पिछले दिनों में टाइफाइड के 5-6 रोगी जरूर मिले हैं। गोविंदनगर में मिले 50 वर्षीय मलेरिया रोगी के मुहल्ले में एंटी लार्वा का स्प्रे हुआ है या नहीं, इससे जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव अनभिज्ञ थे। उधर, जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों में सबसे अधिक संख्या खांसी, जुकाम-बुखार और बदन दर्द वालों की ही बताई जा रही है। जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.संगीता गुप्ता कहती हैं कि वह बुखार वाले अधिकांश रोगियों में डेंगू-मलेरिया की जांच करा रही हैं। पैथोलॉजी प्रभारी डॉ.अरुण तोमर ने बताया कि इधर पिछले करीब दो-ढाई सप्ताह से ब्लड जांच में किसी रोगी के डेंगू-मलेरिया होने की पुष्टि नहीं हुई है।

बिलारी, भगतपुर की सीडीपीओ का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक हुई। उन्होंने पोषण ट्रेकर पर आधार व मोबाइल सत्यापन के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के वजन, ऊंचाई की नापजोख, दवा व पुष्टाहार वितरण की समीक्षा की। इसमें लापरवाही पर सीडीपीओ बिलारी और भगतपुर का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने बिलारी व भगतपुर क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की नापजोख, दवा, पुष्टाहार वितरण का आंकड़ा न प्रस्तुत करने पर नाराजगी जताई। टेक होम राशन, पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को भर्ती करने, बेड क्षमता, संभव अभियान सहित अन्य बिंदुओं पर फीडबैक लिया। सैम व मैम बच्चों की रिपोर्टिंग और मानीटरिंग के बारे में जानकारी ली। विभाग के अधिकारियों को सैम व मैम बच्चों से संबंधित व्यवस्था को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों प्री स्कूल की तरह संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प के बारे में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 18 सूचकांकों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में सीडीओ।

दिक्कत गोकुलदास हिंदू गर्ल्स डिग्री कॉलेज में 861 सीटों पर नहीं आए छात्राओं के आवेदन, प्रवेश बंद

केजीके, हिंदू कॉलेज में सैकड़ों सीटें रह गईं खाली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सत्र 2024-25 ऑनलाइन पंजीकरण का अंतिम दिन सोमवार बीत गया। कई डिग्री कॉलेजों में बड़ी संख्या में सीटें रिक्त रह गई हैं। इधर, महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के कुलसचिव ने नए पंजीयन के लिए तीन दिन मौका कॉलेजों को दिया था। वैसे डिग्री कॉलेजों में मेरिट के आधार पर होने वाले ऑनलाइन प्रवेश करने के लिए अंतिम तिथि 10 सितंबर थी। लेकिन बाद में विश्वविद्यालय ने 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ तीन दिन का मौका दिया था। जिसके क्रम में सोमवार को प्रवेश का अंतिम दिन भी समाप्त हो गया है।

वैसे बीएससी के गणित अनुभाग में सीटें खाली रहना केदार नाथ गिरधारीलाल खत्री पीजी कॉलेज (केजीके) के लिए कोई नई बात नहीं है। यहां पिछले सात-आठ साल से गणित विषय से स्नातक करने वाले अभ्यर्थियों का टोटा बना चला आ रहा है। केजीके के पंजीकरण प्रभारी डॉ. अजय सिंह ने बताया कि उनके यहां इस बार फिर बीएससी (मैथ) में 646 सीटें खाली ही रह गई हैं। कुल 720 सीटों में से केवल 74 लोगों ने प्रवेश लिया है। उन्होंने बताया कि चालू सत्र के लिए सोमवार से नए प्रवेश भी बंद हो गए हैं। इसी तरह बीकॉम व एमकॉम में काफी सीटें रिक्त रह गई हैं। पंजीकरण प्रभारी ने बताया कि उनके कॉलेज में परास्नातक की कक्षाओं जैसे अंग्रेजी, सामाज शास्त्र, इतिहास, भूगोल के लिए निर्धारित सभी सीटें फुल हो गई हैं, जबकि अन्य विषयों में भी सीटें रिक्त ही रह गई हैं। उन्होंने बताया कि एमएसडब्ल्यू (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) की सभी सीटें भर गई हैं। बीएससी बायो में भी सीटें भर चुकी हैं। लॉ में सभी की सभी 330 सीटें फुल हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के अंतिम दिन परास्नातक में दो अभ्यर्थियों के प्रवेश हुए हैं।

हिंदू कॉलेज में 1361 सीटों पर नहीं हुए प्रवेश

हिंदू कॉलेज में कुल 1361 सीटें खाली रह गई हैं। इसमें परास्नातक के विभिन्न विषयों की 723 और बीएससी मैथ की 638 सीटें हैं, जिन पर अभ्यर्थियों के प्रवेश नहीं हो पाए। पंजीकरण प्रभारी प्रो. महेंद्र कुमार ने बताया कि प्रवेश तिथि के अंतिम दिन बीएससी मैथ में दो बच्चों के प्रवेश हुए हैं। इस तरह अब कुल 960 में 322 सीटों पर छात्र-छात्राओं के दाखिले हो गए हैं। उन्होंने बताया, परास्नातक में सबसे अधिक अर्थशास्त्र में 305 सीटें रिक्त रह गईं। इसी तरह हिंदी में 38, राजनीति शास्त्र में 28, मनोविज्ञान में 46, संस्कृत में 66, समाज शास्त्र में 90, उर्दू में 76, रक्षा अध्ययन में 10 और गृह शिल्प में 64 सीटें खाली हैं।

गोकुलदास में सबसे अधिक बीए में 454 सीटें खाली : गोकुलदास हिंदू गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्य चारू मेहरोत्रा ने बताया कि उनके यहां कुल 1350 सीटें हैं। इनमें से 861 सीटें रिक्त रह गई हैं। इसमें सबसे अधिक 454 सीटें बीए में खाली रह गईं। इसी तरह बीकॉम में 10, बीएससी बायो में 42 सीटें खाली हैं। परास्नातक के विषयों में जैसे हिंदी में 54, अंग्रेजी में 59, समाज शास्त्र में 56, अर्थशास्त्र में 70, संस्कृत में 57, मनोविज्ञान में 47 और उर्दू में 12 सीटों पर प्रवेश नहीं लिए जा सके हैं। इन सीटों के लिए किसी छात्रा ने आवेदन ही नहीं किया है।

इग्नू केंद्र को एमबीए के चार नए कोर्स मिले

मुरादाबाद, अमृत विचार : हिंदू कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. आनंद सिंह ने बताया कि एमबीए के चार कोर्स और मिले हैं। इनमें एग्रीकल्चर बिजनेस, बैंकिंग इन फाइनेंस, केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट, कंस्ट्रक्शन, लॉजिस्टक एवं सप्लाई चेन शामिल हैं। इनमें प्रवेश भी प्रारंभ हो गए हैं।

50 छात्रों की लिस्ट आ गई है। इग्नू से अभ्यर्थी सिर्फ 80,000 रुपये में ही एमबीए कर ले रहे हैं। दो कोर्स और मिले हैं, बी.लिस. (बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस), एम.लिस. (मास्टर इन लाइब्रेरी सांइस)। उन्होंने कहा कि अभी इग्नू से ही अंग्रेजी कोर्स करने वाले एक अभ्यर्थी ने नेट क्वालीफाई किया है। चालू सत्र में इग्नू अध्ययन केंद्र हिंदू कॉलेज पर मनोविज्ञान, हिंदी, अप्लाइड उर्दू के कोर्स भी प्रारंभ हो रहे हैं। इन सभी विषयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। अभ्यर्थी समय रहते दाखिला ले लें,

आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा।

36.0⁰	27.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:04 | सूर्यास्त 06:10

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

धर्मांतरण कराकर हिंदू महिला से निकाह कर रहे युवक को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जानकारी पर पहुंचे हिंदू संगठन ट्रेन में हुई थी दोनों की मुलाकात

अमृत विचार: मूंढापांडे थाना क्षेत्र में धर्मांतरण कराकर हिंदू महिला से निकाह कर रहे युवक को हिंदू संगठनों ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले गई। फिलहाल महिला ने युवक के खिलाफ बयान नहीं दिया है। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दी है।

विवाहिता का पति दिल्ली में एक कंपनी में काम करता है। महिला अपने पति से मिलने के लिए दिल्ली गई थी। पति का मोबाइल नंबर बंद होने के कारण वह घर लौट रही थी। इसी दौरान ट्रेन में मूंढापांडे के गांव निवासी गैर समुदाय के युवक से उसकी मुलाकात हुई थी। दोनों की मुलाकात दोस्ती में बदल गई। जानकारी के अनुसार, इसके बाद युवक महिला को अपने घर ले गया। फिर धर्मांतरण कराकर शादी करने को तैयार हो गया। रविवार रात करीब 11 बजे भनक लगते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता अंकुर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव चौहान, डॉ केपी सिंह, अंकित चौहान सहित तमाम कार्यकर्ता सक्रिय हो गए। उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी। कार्यकर्ताओं को साथ में लेकर पुलिस युवक के घर पहुंची। जहां से दोनों को पकड़ लिया। सीओ हाईवे कुलदीप गुप्ता ने बताया कि महिला ने युवक के खिलाफ बयान नहीं दिए हैं। सूचना देने पर महिला के परिवार वाले देर रात तक पहुंच जाएंगे। तब तक महिला को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है।

यूपी सरकार व इंडिया एक्सपो मार्ट के तत्वावधान में नोएडा में 25 सितंबर से होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

मुरादाबाद के निर्यातकों को ट्रेड शो में अच्छे कारोबार की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 25 सितंबर से ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश सरकार व इंडिया एक्सपो मार्ट के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से महानगर के निर्यातकों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है। जिसके लिए जनपद से 100 से ज्यादा निर्यातक हिस्सा ले रहे हैं। ट्रेड शो में मंगलवार को सभी निर्यातक अपने स्टाल पूरी तरह से तैयार कर लेंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार एवं इंडिया एक्सपो मार्ट के तत्वावधान में 25 सितंबर से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट पर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित होने जा रहा है। यह ट्रेड शो 25 से शुरू होकर 29 सितंबर को समाप्त होगा। जिसमें विदेशी ग्राहक खरीदारी और आर्डर के लिए उमड़ेंगें। इस ट्रेड शो में पीतल नगरी के निर्यातकों में अच्छे कारोबार की उम्मीद जागी है। जिसके चलते जनपद से लगभग 100 से ज्यादा निर्यातकों ने हिस्सा लिया है। निर्यातकों का कहना है कि सरकार की ओर से हो रहे दूसरे आयोजन में इस बार काफी विदेश ग्राहक आ रहे है। पूरी दुनिया में ट्रेड शो का प्रचार-प्रसार किया गया है। मुरादाबाद के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों के कारोबारी भी इस शो में हिस्सा ले रहे है।

> जनपद के 100 निर्यातकों ने हमारे माध्यम से आवेदन किया है। इसके अलावा कुछ निर्यातक खुद पहुंच रहे हैं। इसके अलावा मंडल के अन्य जिलों से भी लगभग 50 कारोबारियों ने ट्रेड शो में हमारे माध्यम से आवेदन किया है।
>
> **-योगेश कुमार,** संयुक्त आयुक्त उद्योग

> यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का दूसरा आयोजन बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिसका प्रचार पूरी दुनिया में कराया गया है। हर देश के ग्राहक आ रहे हैं। जिससे हमें इस बार अच्छे कारोबार की उम्मीद है।
>
> **-अवधेश अग्रवाल,** महासचिव, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन

> ट्रेड शो में एसोसिएशन के साथ-साथ महानगर के अन्य निर्यातक भी हिस्सा ले रहे हैं। इस बार बड़ी संख्या में ट्रेड शो में विदेशी ग्राहक आ रहे हैं। जिससे उम्मीद है कि इस बार निर्यातकों को अच्छा कारोबार मिलेगा।
>
> **-नवेदुर्रहमान,** अध्यक्ष, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन

निर्यातक रवाना हुए

मुरादाबाद, अमृत विचार : 25 सितंबर से आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने वाले निर्यातकों को पहले ही स्टाल आवंटित कर दिए गए थे। जिसके बाद निर्यातकों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि जो निर्यातक व कारोबारी ट्रेड शो में हिस्सा ले रहे, उन्हें मंगलवार तक अपने स्टालों को पूरा करना है। जिसके चलते सोमवार से ही महानगर के निर्यातक नोएडा के लिए रवाना हो गए।

एक नजर

राज्यमंत्री जसवंत सैनी आज मुरादाबाद में

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री संसदीय कार्य व औद्योगिक विकास विभाग जसवंत सिंह सैनी मंगलवार को मुरादाबाद भ्रमण पर रहेंगे। वह दिन में 1:00 बजे विधानसभा कुंदरकी क्षेत्र में ज्वाली राम इंटर कॉलेज जैतपुर पट्टी के निकट स्थित मिलन बैंक्वेट हॉल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी जिला प्रशासन के हवाले से दी गई है।

साक्षात्कार 27 सितंबर को

मुरादाबाद, अमृत विचार : बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए प्राप्त आवेदन-पत्रों से संबंधित लाभार्थियों का चयन किया जाना है। जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक ने बताया कि 27 सितम्बर को दिन में 11:00 बजे विकास भवन में इसके लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित से समय से साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कहा है।

15 हजार की घूस लेते सिपाही पकड़ा, दरोगा फरार

एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई, बिलारी कोतवाली में तैनात दरोगा ने मांगे थे 20 हजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कुंदरकी/बिलारी

अमृत विचार: एंटी करप्शन टीम ने बिलारी कोतवाली से सिपाही को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विवेचक दरोगा ने मुकदमे से दो बच्चों के नाम हटाने के लिए 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। दरोगा के कहने पर सिपाही ने पीड़ित से 15 हजार रुपये की रिश्वत ली थी। टीम के पहुंचने के बाद थाने में हड़कंप मच गया। मौका पाकर दरोगा थाने से फरार हो गया। टीम ने भ्रष्टाचार के मामले में कुंदरकी थाने में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिलारी थाना क्षेत्र के सिहारी नंदा गांव के निवासी मितेंद्र ने बताया कि उनके बेटों का गांव के ही बच्चों से विवाद हो गया था। मामले में दूसरी पार्टी ने मितेंद्र के दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की विवेचना बिलारी थाने के दरोगा रवि प्रकाश कर रहे थे। इसके बाद दरोगा रवि प्रकाश मुकदमा से बच्चों के नाम हटाने के लिए पीड़ित से 40 हजार रुपये की घूस मांगने लगा। बातचीत के बाद पीड़ित 20 हजार रुपये देने के लिए तैयार हो गया। इस बीच दरोगा रवि प्रकाश ने पीड़ित को पैसे के लिए कई बार फोन किया।

घूस नहीं देने पर दरोगा पीड़ित के बेटों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करने की धमकी देने लगा। दरोगा और सिपाही के रोज फोन आने से तंग आकर मितेंद्र 19 सितंबर को एंटी करप्शन टीम से मिले। टीम ने उसी दिन से दरोगा और सिपाही को टैप करना शुरू कर दिया। सोमवार को दरोगा के बुलाने पर मामले में गवाह बनकर एंटी करप्शन टीम का एक साथी मितेंद्र को बिलारी कोतवाली लेकर पहुंच गया। इसके बाद दरोगा सिपाही कौशल कुमार को रकम देने को कहने लगा।

पीड़ित ने 15 हजार रुपये निकालकर सिपाही कौशल को दे दिए। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। देखते-देखते थाने में हड़कंप मच गया। दरोगा रवि प्रकाश मौका देखकर थाने से फरार हो गया। टीम उसकी तलाश में जुटी है। एंटी करप्शन टीम सिपाही कौशल कुमार को कुंदरकी लेकर पहुंची। टीम ने वहां पर दरोगा रवि प्रकाश और सिपाही कौशल कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कुंदरकी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

आरोपी सिपाही को कोतवाली से पकड़कर ले जाती एंटी करप्शन की टीम।

दरोगा रवि प्रकाश व सिपाही कौशल कुमार।

> बिलारी कोतवाली में तैनात सिपाही कौशल कुमार को घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मामले में लिप्त दरोगा रवि प्रकाश थाने से फरार हो गए। उनकी तलाश की जा रही है। पीड़ित के बेटों का मुकदमा से नाम हटाने के लिए दरोगा 20 हजार रुपये मांग रहा था। पीड़ित मितेंद्र की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की है।
>
> **-फाजिल सिद्दिकी,** सीओ एंटी करप्शन

दरोगा ने पैसों के लिए कई बार किया था फोन

पीड़ित मितेंद्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद दरोगा रवि प्रकाश ने उनके पास कई बार पैसों के लिए फोन किया था। पीड़ित पैसे का इंतजाम करने की बात कहकर टालता रहा। 19 सितंबर को पीड़ित मितेंद्र एंटी करप्शन टीम से मिले और उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद टीम ने फील्डिंग लगाना शुरू कर दी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे दरोगा रवि प्रकाश ने पीड़ित को फोन करके पैसे लेकर थाने आने के लिए कहा था। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से सिपाही कौशल को रंगेहाथ दबोच लिया। पीड़ित की गतिविधियों पर संदेह होने पर दरोगा रवि प्रकाश थाने फरार हो गया। आरोपी 2011 बैच का सिपाही और मेरठ का रहने वाला है। टीम सिपाही को पकड़कर अपने साथ ले गई। फिलहाल दरोगा की तलाश की जा रही है।

सहारा अस्पताल में बच्चे की मौत पर परिजनों ने किया जमकर हंगामा

संवाददाता, पाकबड़ा

- मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया

अमृत विचार : सहारा अस्पताल में बच्चे की मौत होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह परिजनों को शांत कराया।

थाना क्षेत्र मझोला के गांव मनोहरपुर निवासी राजवीर सिंह ने 16 सितंबर को पत्नि मिथिलेश की डिलीवरी गांव में ही सोनम से करवाई थी। जोकि अपना एक निजी क्लीनिक चलाती है। राजवीर सिंह ने बताया कि पानी की कमी होने पर भी उसने जबरदस्ती नॉर्मल डिलीवरी की थी। बच्चे की हालत बिगड़ने पर पाकबड़ा के समाथल रोड पर स्थित सहारा अस्पताल में ले आई थी और बच्चे को भर्ती करा दिया था। बच्चा तभी से सहारा अस्पताल में भर्ती था। हमने कहा कि बच्चे की हालात सीरियस है तो छुट्टी कर दो हम कहीं और दिखा लेंगे। लेकिन उन्होंने छुट्टी नहीं की थी। जब बच्चे की मौत हो गई तब सोमवार को कहने लगे कि बच्चे की हालात सीरियस है। इसे कहीं और भर्ती करा लो। जिस पर परिजनों ने अस्पताल के संचालक एवं डॉक्टर पर बच्चे की मौत का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

हंगामा बढ़ता देख सूचना पाकर 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। तब अस्पताल संचालक ने कहा कि बच्चे की हालात सीरियस है हम कहीं और दिखा देते हैं। बच्चे को कई जगह दिखाय मगर उसकी जान न बच सकी। राजवीर सिंह ने बताया कि मृत बच्चे को गांव ले आए हैं और उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

पाकबड़ा में नहीं बंद हो रहा मौतों का सिलसिला

प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई की चेतावनी व छापेमारी के बाद भी पाकबड़ा में अस्पतालों में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। आए दिन किसी ने किसी अस्पताल में कोई न कोई मौत हो रही है। लेकिन उसके बाद भी अवैध रूप से अस्पतालों का संचालन जारी है। कमीशन खोरी के चक्कर में झोलाछापों द्वारा भोले-भाले लोगों को फंसा कर मोटी रकम ऐंठ ली जाती है।

आरोपी ससुरालियों की गिरफ्तारी को प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने सीओ सिविल लाइंस कार्यालय घेर लिया। उन्होंने ससुरालियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद नारेबाजी करते हुए एसएसपी कार्यालय के लिए निकले। इससे पहले ही रास्ते में प्रदर्शनकारियों को रोककर पुलिस ने दो दिन के अंदर अन्य ससुरालियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। मामले में पुलिस ने पति को पांच दिन पहले ही गिरफ्तार किया है।

बता दें कि गजरौला थाना क्षेत्र के सुल्तान नगर निवासी आकांक्षा सैन की शादी 2015 में मझोला के कुंदनपुर ढक्का निवासी मनोज कुमार से हुई थी। दहेज को लेकर आकांक्षा को पति और ससुर नरेश, देवर अमित और सास मायादेवी प्रताड़ित करते थे। 25 जून की रात को आकांक्षा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। उस समय शव का पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने बिसारा सुरक्षित किया था। मामले में बिसरा रिपोर्ट आने के बाद आकांक्षा की जहर देकर मौत की पुष्टि हुई है। मृतक के भाई रोहित ने बताया कि बिसरा रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने 5 दिन पहले आकांक्षा के पति मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने सोमवार को ससुर नरेश, देवर अमित और सास मायादेवी की गिरफ्तारी के लिए सीओ सिविल लाइंस के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि मृतक महिला के परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

पीलीकोठी चौराहे से एसएसपी कार्यालय जाते प्रदर्शनकारी। ● अमृत विचार

- 25 जून की रात को जहर देकर की थी महिला की हत्या
- पति समेत ससुरालियों पर दर्ज हुआ था दहेज उत्पीड़न का मामला

कारोबारी ने महिला से की छेड़छाड़, रिपोर्ट

पाकबड़ा, अमृत विचार: एक कारोबारी ने महिला के साथ छेड़छाड़ कर दी। जिस पर महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस कारोबारी को पकड़ कर ले आई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ पाकबड़ा के कारोबारी जुनैद ने छेड़छाड़ कर दी। जिसकी कैलसा रोड पर बॉम्बे पेंट के नाम से दुकान है। महिला ने आरोप लगाया कि जुनैद ने पहले भी एक बार मेरे साथ छेड़छाड़ की थी। जिसके बार में उसने डर की वजह से घरवालों को नहीं बताया था। सोमवार को सुबह फिर से आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जिससे तंग आकर महिला ने थाने में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कारोबारी को गिरफ्त में ले लिया है। महिला कस्बे में ही एक ब्यूटी पार्लर का संचालन करती है।

उरमू के धरने में यूपीएस गो बैक के लगे नारे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग के लिए धरना शुरू किया है। जोकि 27 सितंबर तक जारी रहेगा। धरने पर यूनियन से जुड़े रेलकर्मियों ने नई पेंशन योजना यूपीएस का विरोध जताया और यूपीएस गो बैक के नारे लगाए। मंडल रेल प्रबंधक मुख्यालय पर हुए प्रदर्शन के दौरान पूरे दिन रेलवे कर्मचारी नारेबाजी करते रहे।

एनएफआईआर व उरमू की ओर से पुरानी पेंशन की लड़ाई तेज कर दी गई है। उरमू के महामंत्री बीसी शर्मा के निर्देश के बाद पांच दिन के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। सोमवार को रेल संगठन की ओर से पांच दिवसीय आंदोलन की शुरुआत कर दी गई। संगठन के आह्वान पर तमाम रेल कर्मचारी डीआरएम कार्यालय के गेट पर पहुंचे और धरना दिया। धरने में मौजूद रेल कर्मचारियों ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठाई। प्रदर्शनकारी नेताओं ने साफ तौर पर यूपीएस को मानने से इनकार कर दिया। धरना स्थल पर बैठे नेताओं ने यूपीएस गो बैक के नारे लगाए। इस दौरान रेल संगठन ने कर्मियों को ओपीएस की सुविधाएं दिलाकर लड़ाई जीतने का संकल्प लिया। यूनियन के मंडल मंत्री शलभ सिंह ने कहा कि प्रदर्शन की शुरुआत डीआरएम गेट से की गई है। 27 सितंबर तक पूरे मंडल में उरमू की सभी ब्रांचों पर कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

प्रदर्शन में राजपाल, शेखर ठाकुर, संतोष यादव, धर्मवीर सिंह, केके पांडेय, संदीप कुमार, बुशरा जाफरी, नरेंद्र कुमार, अंकित कुमार, चंद्रशेखर, रोहित कुमार, नितिन कुमार, अरुणा गुप्ता, अनिता राय, झम्मन लाल मीणा, सिद्धार्थ शंकर, अरविंद कुमार, गौरव सिंह, जयकुमार, नंदकिशोर, रफी हुसैन, संजय, रितेश सिंह आदि शामिल रहे।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन करते उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के लोग।

- डीआरएम कार्यालय पर पुरानी पेंशन योजना बहाली को प्रदर्शन

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना पुलिस ने एकता कालोनी निवासी विशाल सैनी को किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि रामतलैया चौकी क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय किशोरी शनिवार की सुबह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन वहां नहीं पहुंची। बाद में शाम करीब 4:30 बजे बदहवास हालत में घर वापस आई। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी को एकता कालोनी निवासी विशाल सैनी रेलवे स्टेशन के पास मिला और चिली पोटैटो में नशीला पदार्थ खिला दिया। इसके बाद आरोपी ने किशोरी से दोस्त के कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि सोमवार सुबह आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

मुलाकात महानगर में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए जताया आभार

मंडलायुक्त से मिला निर्यातकों का प्रतिनिधिमंडल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर, यंग एंटरप्रेन्योर समिति व मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सभी ने मंडल के किया जा रहे विकास कार्यों पर उनका धन्यवाद किया और भविष्य में और विकास कार्य कराए जाने की उम्मीद जताई।

सोमवार को मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर, यंग एंटरप्रेन्योर समिति व मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से उनके कैंप कार्यालय पर मिला। जिसमें यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी व मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन और मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर की ओर से प्रशासन को हर संभव सहायता के लिए मंडलायुक्त को आश्वासन दिया। वहीं मंडलायुक्त ने भी सभी को आश्वासन दिया कि वह निर्यातकों की समस्याओं का हर संभव समाधान कराएंगे। इस मौके पर मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन संरक्षक नजमुल इस्लाम, मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर के सचिव व यस के डॉ. नीरज विनोद खन्ना, यस के नेशनल चेयरमैन विशाल अग्रवाल, यस के नेशनल सेक्रेटरी सनत कोठीवाल, यस के चेयरमैन जेपी सिंह, मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ. हरजीत सिंह, सतीश सक्सेना और मोहम्मद जीशान आदि शामिल रहे।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह से उनके कैंप कार्यालय में मुलाकात करता प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

नॉन इंटर लाकिंग कार्य के चलते 14 ट्रेनें प्रभावित

मुरादाबाद, अमृत विचार: शाहगंज स्टेशन यार्ड में रिमॉडलिंग कार्य के लिए पांच अक्टूबर तक प्री नॉन व नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाना है। जिसके चलते 14 ट्रेनें प्रभावित होंगी। जिसमें दो ट्रेनों को निरस्त किया गया और 12 ट्रेनों को बदले मार्ग से संचालित किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि लखनऊ-अयोध्या कैंट, अकबरपुर, जाफराबाद रेल खंड में शाहगंज स्टेशन पर यार्ड रिमाडिलंग कार्य के अंतर्गत प्री और नॉन इंटरलाकिंग का कार्य पांच अक्टूबर तक किया जाएगा, जिसके चलते ट्रेन संख्या-14017 आनंद विहार से अध्योया और ट्रेन संख्या-14018 आनंद विहार से रक्सौल सद्भावना एक्सप्रेस को तीन अक्टूबर तक निरस्त किया गया है। इसके अलावा 12 ट्रेनों को बदले मार्ग से संचालित किया जाएगा।

आदर्श कॉलोनी में एसपी सिटी ने दी दबिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सिविल लाइंस की आदर्श कॉलोनी में शराब तस्करों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। सोमवार को एसपी सिटी ने शराब के गोरखधंधे में लिप्त भ्रमित परिवारों को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया। हालांकि गठित पुलिस टीम कॉलोनी में छापेमारी भी कर रही है।

दरअसल, एसएसपी सतपाल अंतिल ने बीते गुरुवार को भारी पुलिस बल के साथ नशे के गोरखधंधे के लिए बदनाम सिविल लाइंस के आदर्श कॉलोनी में छोपमारी की थी। इसी कड़ी में सोमवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह कॉलोनी पहुंचे। उन्होंने आदर्श कॉलोनी, हबुड़ा कॉलोनी और भातु कॉलोनी में पुलिस टीम के साथ दबिश दी। वह मादक पदार्थों के मामले में लिप्त भ्रमित परिवार वालों से मिले। उन्होंने सभी को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया। एसपी सिटी ने बताया कि आदर्श कॉलोनी में लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रत्येक घर का सत्यापन किया जाएगा। नशे के गोरखधंधे में लिप्त परिवार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आदर्श कॉलोनी में महिलाओं से बातचीत करते एसपी सिटी। ● अमृत विचार

एक किलो चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद अमृत विचार : सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने एक किलो चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि थाना क्षेत्र के इमली तिराहे से मादक पदार्थ तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक किलो चरस बरामद किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब्त चरस की कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी की पहचान चक्कर की मिलक निवासी सलीम उर्फ मोटा के रूप में हुई है।

एक नजर

पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकालते क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार।

डिप्टी एसपी ने नगर में निकाला पैदल मार्च

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर में शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर डिप्टी एसपी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। शुक्रवार को डिप्टी एसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में नगर में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने को कोतवाली चौराहा, बुधबाजार, पुरानी घास मंडी अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी सुदेश पाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजेंद्र सिंह, विपिन कुमार, योगेश कुमार, रजत कुमार, नितिन कुमार, सचिन कुमार, चौधरी, कांस्टेबल सन्नी कुमार, मनीष कुमार, निशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

बुरी तरह पिटाई से हुई थी युवक की मौत, रिपोर्ट में पुष्टि

मुरादाबाद, अमृत विचार : अगवानपुर की झाड़ियों में मिले शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक एक पसली टूटी पाई गई। ऐसे में युवक की पिटाई के बाद शव जलाने कर पहचान मिटाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि शिनाख्त अभी भी नहीं हो पाई हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर की झाड़ियों से पुलिस ने रविवार को अधजला शव बरामद किया था। सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की एक पसली टूटी पाई गई है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि युवक को बुरी तरह पीटकर हत्या करने के बाद शव को जलाने का प्रयास किया गया है। जिससे युवक की पहचान मिट सके। हालांकि शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि आसपास के लोगों से युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया था, लेकिन हो नहीं सकी। आसपास के थानों और जिलों को सूचना भेजकर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। युवक की शिनाख्त के बाद ही आगे की कार्रवाई हो सकेगी।

भगवान की ओर दृष्टि न रहने से होती है चिन्ता

मुरादाबाद, अमृत विचार : आकाश रेजिडेंसी सोसायटी में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य धीरशान्त 'अर्द्धमौनी' ने कहा कि विषाद, चिन्ता, भय आदि भगवान की ओर दृष्टि न रहने से होते हैं। चंचल मन को शान्त और एकाग्र करने के लिये एक ही रूप की उपासना आवश्यक होती है अनेकों रूपों की उपासना से तो चित्त की चंचलता और भी बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि भगवान इस सम्पूर्ण जगत के महाकारण हैं। ऐसा दृढ़ता से मानना 'ज्ञान' है और भगवान के सिवाय दूसरा कोई कार्य कारण तत्व नहीं है, ऐसा अनुभव होना 'विज्ञान' है। उन्होंने कहा कि निकृष्ट मनुष्य की न तो दोस्ती अच्छी होती है और न ही शत्रुता। व्यवस्था में सुधा शर्मा, राजेश्वरी देवी, सिया देवी, सुभाष चन्द्र, शोभित गुप्ता, योगेश चन्द्र, नितेश कुमार, मनीष कुमार, अनिवाश कुमार, अमरीश कुमार, तुषार सिंह आदि मौजूद रहे।

खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ने के साथ उत्पादन क्षमता में होगी वृद्धि, जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी और मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी

फसल अवशेषों को न जलाएं, सड़ा-गला कर खाद के रूप में करें प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

पंचायत भवन में आयोजित कृषक गोष्ठी में स्टाल का निरीक्षण करते सीडीओ सुमित यादव।

किसानों को किट प्रदान करते एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पंचायत भवन सभागार में सोमवार को प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू योजना व उप्र श्रीअन्न मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर जोर दिया गया है। लोगों को श्रीअन्न के प्रयोग के फायदे बताए गए।

एक दिवसीय जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी और मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी में श्रीअन्न के उत्पादन में वृद्धि करने, उनसे होने वाले लाभ व पोषक तत्वों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे नवदीप यादव, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम श्री राजनाथ प्रसाद आदि ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने केंद्र व प्रदेश सरकार के किसानों के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के बारे में बताया। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि फसल में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों की सलाह से अत्याधुनिक खेती की पद्धति को अपनाएं। किसानों से फसल अवशेष न जलाने की अपील कर कहा कि इन्हें जलाने की बजाय खेत में ही सड़ा गला कर खाद के रूप में प्रयोग किया जाए। जिससे खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों को श्रीअन्न की उपयोगिता के बारे में जानकारी देकर इसे उगाने के लिए प्रोत्साहित किया। किसानों से फसल अवशेष न जलाने, पराली/फसल अवशेष जलाने को शून्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो किसान गोशालाओं में पराली दान में देना चाहते हैं तो उसे खेत से उठवाकर गोशालाओं तक पहुंचाया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने ज्वार, बाजरा, सावा, कोदो, रागी, रामदाना, कुट्टू इत्यादि श्रीअन्न की खेती करने के लिए प्रेरित किया। बताया कि श्रीअन्न में कार्बोहाईड्रेट, प्रोटीन, वसा के अतिरिक्त कैल्शियम, मैग्निशियम, आयरन, जिंक, फास्फोरस एवं अन्य मिनरल्स, फाइवर तथा विटामिन्स अत्यधिक मात्रा में पाये जाने के कारण अत्यन्त ही पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक होता हैं। श्रीअन्न खाने से कुपोषण, हृदय सम्बन्धी बीमारियों, मधुमेह रोग एवं मोटापा से भी मुक्ति मिलती है। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी राजेन्द्र पाल सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हर्षित कुमार चौहान, डीसी एनआरएलएम राजनाथ प्रसाद, डीडीएम नाबार्ड रजत सहगल सहित अन्य अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

ईश्वर भक्ति से दूर होंगे मनुष्य के कष्ट : आचार्य सोमदेव

वेद प्रचार मंडल के वार्षिकोत्सव में तीसरे दिन हुआ यज्ञ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में कथा सुनाते कथा व्यास सुशील मिश्रा।

अमृत विचार : वेद प्रचार मंडल का चार दिवसीय 29वां वार्षिकोत्सव गुलजारीमल धर्मशाला में मनाया जा रहा है। वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को प्रातःकाल वृहद यज्ञ किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सोमदेव शास्त्री और भूपेंद्र शास्त्री रहें। यज्ञ के यजमान राजेंद्र स्वरूप बिसारिया, मनोरमा बिसारिया, डॉ. सत्यवीर, डॉ. शिवानी, विनीत गुप्ता, सोहेला गुप्ता, सरोज गुप्ता, कमलेश गोयल, सतीश चंद्र मदान, निर्मल आर्य, प्रीता आर्या रहें।

कार्यक्रम में दिल्ली से आई अंतर्राष्ट्रीय गायिका अमृता आर्या ने भजनों की प्रस्तुति दी। राजस्थान से आए आचार्य सोमदेव शास्त्री ने कहा कि हमें मनुष्य का जीवन मिला है। इस जीवन को प्राप्त करने में हमारे माता-पिता का योगदान निर्विवाद है, साथ ही हमारी आत्मा और शरीर का संबंध कराने वाला सच्चिदानंद स्वरूप, सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान परमात्मा है। यदि परमात्मा न होते तो न यह सृष्टि अस्तित्व में आती और न ही इस सृष्टि में प्राणी जगत का अस्तित्व होता। वहीं इसका पालन में संचालन कर रहे हैं। हम सभी मनुष्यों को ईश्वर को जानना है और उसकी आज्ञा का पालन करते हुए जीवन व्यतीत करना है। जिससे हम अपने जीवन में दुखों से बचे रहे और मृत्यु के बाद हमें मोक्ष प्राप्त हो सके। इस मौके पर वेद प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरविंद आर्य बंधु सहगल, राजेंद्र स्वरूप बिसारिया, मयंक गुप्ता, ज्ञानेंद्र गांधी, अजब सिंह आर्य, डॉ. मनोज आर्य, उमेश चंद्र आर्य, संतोष नारंग, देवदत्त नारंग, विजय अरोरा, सुदेश आर्या, कुसुम आर्या, रमेश सिंहआर्य, डॉ. अभय श्रोतिय, कपिल गुप्ता, लाल किशोर शास्त्री, डॉ. अर्जुन वीर वर्मा, आदित्य गुप्ता, मनोरमा विसरिया, विनोद गुप्ता, वीके अग्रवाल, अतुल गुप्ता, डॉ. आलोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मित्रता में समर्पण का अद्भुत उदाहरण है भगवान कृष्ण और सुदामा का संबंधः सुशील मिश्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन युधिष्ठिर राजसूय यज्ञ, सुदामा चरित्र एवं परीक्षित की परम गति का भावपूर्ण वर्णन कथा व्यास सुशील मिश्रा ने किया। सोमवार को कथा व्यास सुशील मिश्रा ने सुदामा का चरित्र सुनते हुए कहा कि सुदामा को अनेक कथाओं और धार्मिक आयोजनों में आज जोकर बनाकर प्रस्तुत किया जाता है। यह सुदामा का सरासर अपमान है और धर्म के साथ खिलवाड़ भी है। वास्तव में सुदामा ने भगवान कृष्ण पर जितना बड़ा उपकार किया है, उतना बड़ा उपकार तो कान्हा पर किसी ने नहीं किया। सुदामा और कृष्ण की मित्रता एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसमें कृष्ण ही सुदामा से मांगते हैं। सुदामा ने कृष्ण से कुछ नहीं मांगा बल्कि सुदामा ने तो कृष्ण के कष्ट को अपनी ओर कर लिया। जिससे कृष्ण का जीवन योगेश्वर कृष्ण के रूप में इस समाज में प्रतिस्थापित हो सके। आश्रम के अध्यक्ष एवं संयोजक बाबा संजीव आकांक्षी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आश्रम में होने वाला यह आयोजन अविस्मरणीय एवं सफल रहा है और इसमें पूरे नगर के कोने-कोने से आए भक्तों ने प्रतिभाग कर आयोजकों का मनोबल बढ़ाया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुन्ना गुरुजी, रोहित मुखिया, नाथूराम कश्यप, मूलचंद कश्यप, डॉ. बृजपाल सिंह यादव, बिहारी लाल कश्यप, चंद्रपाल कश्यप, वर्तिका शर्मा, शंकर लाल गुप्ता, पंकज शर्मा, नीरज मित्तल, प्रमोद रस्तोगी, राखी शर्मा, रामेंद्र शर्मा, निधि शर्मा, डोली शर्मा, अशोक गुप्ता, नीता गुप्ता, मधुसूदन वर्मा व वीर वाला गुप्ता शामिल रहे।

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते वुडन कारखानेदार। ● अमृत विचार

वुडन कारखानेदारों ने विभाग पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सोमवार को वुडन कारखानेदारों ने वन विभाग पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और उनसे समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि हम हस्तशिल्प कुटीर उद्योग बंधु जो कि मुरादाबाद के निर्यातकों के लिये लकड़ी की हस्तशिल्प वस्तुओं को आकार देकर माल तैयार करते है। जिसमें बढ़ईगिरी का कार्य शामिल है। हम लोगों को बढ़ईगिरी कार्य के लिये एक छोटे आकार की कटिंग मशीन की जरूरत होती है, जिसकी तुलना वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा बड़ी आरा मशीन से की जा रही है। जिसकी वजह से हम लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है और हमारे कटिंग मशीन के पार्ट्स को खोलकर कई बार वन विभाग के लोग ले गए हैं। जिससे हमारा काम प्रभावित होता है और समय पर निर्यातकों के ऑर्डर पूरे नहीं कर पाते हैं। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद नईम, इरशाद सैफी एडवोकेट, तसलीम अहमद, शरीफ अहमद, मोहम्मद साजिद और मुजफ्फर अहमद समेत अन्य लोग शामिल रहे।

भड़काऊ बयान देने वालों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

● कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अमृत विचार: राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ बयान देने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

सोमवार को कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ व उकसाने वाले बयान देने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला चेयरमैन अफजल साबरी ने कहा कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल के नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ और उकसाने वाले बयान दिए गए।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जबसे संविधान, संवैधानिक मूल्य बचाने, पिछड़े दलित आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज को उनकी आबादी के हिसाब से भागीदारी दिलाने के जातिगत जनगणना, आर्थिक सर्वे और संस्थागत सर्वे मुद्दे द्वारा देशव्यापी मुहिम पर हैं। तब से आरएसएस, बीजेपी और उनके सहयोगी दल कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर हमलावर हो रहे है। हम राहुल गांधी के सम्मान के प्रति गंभीरता, एसपीजी सुरक्षा और नफरत फैलाने वाले तत्वों पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते है।

ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद नाजिम, गुलवेज सिद्दीकी, भयंकर सिंह बौद्ध, बन्ने पहलवान, राजेंद्र वाल्मीकि, मोहम्मद मियां, अनवर अली, कामिल मंसूरी, मुख्तार हुसैन, नईम अंसारी, मोहम्मद आसिफ, जमील अहमद, शमीम अहमद, दानिश कुरैशी शामिल रहे।

जिलाध्यक्ष से मोबाइल और नकदी लूटी

अगवानपुर, अमृत विचार: नगर पंचायत में दिनदहाड़े गो रक्षक दल के जिलाध्यक्ष को लूटने का मामला सामने आया है। दो युवकों ने गो रक्षक दल के जिलाध्यक्ष की जेब से मोबाइल सहित 6064 रुपये की नकदी छीन ली। पीड़ित ने अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को गो रक्षक दल के जिलाध्यक्ष कामेश सिंह लोधी ने दी तहरीर में बताया कि छुट्टा पशुओं को गोशाला में ले जाने के लिए नगर पंचायत की ओर से गाड़ी पहुंची। उस समय गोरक्षक दल के जिलाध्यक्ष कामेश सिंह लोधी भी वहां मौजूद थे। वह पशुओं को ट्राली में लादवा रहे थे। तब पीछे से नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी सुमित व एक अज्ञात युवक के साथ बाइक पर आया और उनकी जेब को फाड़कर ले गया। जिसमें मोबाइल व 6064 रुपये भी थे। उन्होंने पीछा भी किया, मगर आरोपी मौके से फरार हो गए।

एचएस चड्ढा मेमोरियल कप 27 से

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

एचएस चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप टूर्नामेंट की जानकारी देते संरक्षक गुरजीत सिंह चड्ढा।

● देश-विदेश के टेनिस खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

अमृत विचार : अतंर्राष्ट्रीय टेनिस संघ द्वारा संचालित और आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में हरभजन सिंह चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप का आयोजन 27 सितंबर से मुरादाबाद क्लब व बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के टेनिस कोर्ट में होगा। सोमवार को आयोजकों ने मुरादाबाद क्लब में प्रेसवार्ता कर टूर्नामेंट के बारे में जानकारी दी।

मुरादाबाद टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव जैन ने बताया कि एसोसिएशन के सहयोग से चड्ढा ग्रुप के डायरेक्टर गुरजीत सिंह चड्ढा द्वारा अपने पिताजी हरभजन सिंह चड्ढा की याद में एचएस चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप प्रदेश स्तर पर कराया जाता है। लेकिन, इस बार यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। इस टूर्नामेंट में 30 साल से लेकर 75 साल आयु वर्ग तक के पुरुष व महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली, जोधपुर, चेन्नई, मुंबई, पुणे, भोपाल, चंडीगढ़, शिमला व सोलन समेत विदेश के करीब 180 खिलाड़ी खेलने के लिए आ रहे है। जिसमें अंक के आधार पर उनको रैंक दिया जाएगा। एसोसिएशन के संरक्षक गुरजीत सिंह चड्ढा ने बताया कि टूर्नामेंट की शुरुआत बीआर आम्बेडकर अकादमी के पुलिस उप महानिरीक्षक बाबूराम द्वारा की जाएगी। टूर्नामेंट समन्वयक अवनीश रस्तोगी ने बताया कि पुलिस गेम्स क्लब के टेनिस कोर्ट में 27 सितंबर की सुबह 10:00 बजे टूर्नामेंट की शुरूआत होगी और समापन दो अक्टूबर हो होगा। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष डॉ. एसके राज, आरएन अग्रवाल, सनत कोठीवाल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, अनुज गुप्ता, डॉ. संजय शाह, पंकज सक्सेना मौजूद रहे।

सड़कों पर अंधेरा रहने से ग्रामीणों में दहशत

कांठ, अमृत विचार : नगर में रसूलपुर-अमरोहा रेलवे फाटक से लेकर गांव रसूलपुर- मुख्तियारपुर नवादा तक प्रकाश व्यवस्था ठप है। जिससे शाम होते ही सड़कों पर अंधेरा छा जाता है। इससे आवागमन करने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में तेंदुए के दिखने की बात सामने आ रही है। अभी तक तेंदुआ कई लोगों पर हमला कर चुका है। कुछ समय पहले ही मुख्तियारपुर नवादा में सीसीटीवी में तेंदुए के कैद होने के बाद लोग डर बना हुआ है। इन दिनों न सिर्फ ग्रामीण बल्कि नगर क्षेत्रों में भी तेंदुए का भय लोगों को सता रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता है।। ग्रामीणों ने इन दोनों रेलवे फाटक से गांव तक सड़क किनारे स्ट्रीट लाइटें लगवाने कई बार मांग की है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

केजीके कालेज में सदस्यता अभियान चलाते एबीवीपी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

एबीवीपी ने केजीके कालेज में चलाया सदस्यता अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सोमवार को लाइनपार स्थित केजीके कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सदस्यता ली।

सदस्यता लेने वाले सभी छात्रों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन की ओर से छात्र हित में किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।

विभाग संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल ने बताया कि एबीवीपी भारत का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो बिना किसी स्वार्थ के छात्र हित में कार्य कर रहा है। इस मौके पर कालेज इकाई उपाध्यक्ष शुभम कुमार, सज्जन सिंह, नरेश कुमार, शेखर, अमन, आदित्य, नेहा व मनीषा शामिल रहे।

आयोजन पारकर इंटर कालेज में आयोजित हुई जनपद स्तरीय अंडर-17 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता

चित्रगुप्त बना अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

पारकर इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में बल्लेबाजी करता बल्लेबाज।

अमृत विचार : पारकर इंटर कॉलेज के मैदान में जनपद स्तरीय अंडर-17 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसकी शुरूआत स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य उदयराज सिंह व पारकर इंटर कालेज के उप प्रधानाचार्य डेविड वाल्टर ने की।

प्रतियोगिता में पहला मैच महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज और चित्रगुप्त इंटर कालेज के बीच खेला गया, जिसमें चित्रगुप्त इंटर कॉलेज ने 16 रन से जीत हासिल की। दूसरा मैच एसएस इंटर कालेज और हैबिट मुस्लिम इंटर कालेज के बीच खेला गया, जिसमें हैबिट मुस्लिम इंटर कालेज ने सात रन से जीत हासिल की। तीसरा मैच मदन स्वरूप इंटर कालेज और आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज के बीच खेला गया, जिसमें आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज पांच विकेट से विजेता रहा। चौथा मैच डीएसएम इंटर कालेज कांठ तथा पारकर इंटर कालेज के बीच खेला गया, जिसमें पारकर इंटर कालेज ने दो रन से जीत दर्ज कराई। पांचवां मैच आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज और एसडीएम इंटर कालेज के बीच खेला गया, जिसमें आकांक्षा विद्यापीठ नौ विकेट से विजयी रहा। सेमीफाइनल में पहला मैच पारकर इंटर कालेज और चित्रगुप्त इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें चित्रगुप्त इंटर कालेज दो रन से विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल हैबिट मुस्लिम इंटर कालेज और आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें हैबिट मुस्लिम इंटर कालेज ने 13 रन जीत दर्ज की। फाइनल मैच हैबिट मुस्लिम इंटर कालेज और चित्रगुप्त इंटर कालेज के बीच सुपर ओवर में खेला गया। जिसमें कड़े मुकाबले में चित्रगुप्त इंटर कालेज दो रन से विजेता रहा और प्रतियोगिता का चैंपियन बना। प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रूप में सुमित कुमार शर्मा, शमशाद हुसैन, राजीव सिंह रहे। अंपायरिंग की भूमिका पवन द्विवेदी, राजीव कुमार, मनीष व रोहन ने निभाई। स्कोरर की भूमिका राजा और कमेंट्रेटर की भूमिका अभय ने निभाई। इस मौके पर जनपदीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर, वीर सिंह ,राजपाल सिंह, भोजराज सिंह, श्यामवीर सिंह, आफताब आलम, कृपा शंकर, निशित दास, सचिन चौधरी, भास्कर राघव, मुदस्सिर हुसैन, नजबुल हसन, दीपक कुमार गोला, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में फुटबॉल कैंप में खिलाड़ियों को समझाते कोच इरशाद।

राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सोमवार को रामगंगा विहार स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में उत्तर प्रदेश महिला फुटबाल टीम के खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। जिसके बाद सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई। जिसमें महिला खिलाड़ियों ने अभ्यास भी किया।

सोमवार को सोनकपुर स्टेडियम में सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली प्रदेशीय टीम के प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। यह शिविर 7 अक्टूबर तक स्टेडियम में संचालित होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर नेहा, निशा, एसके क्षेत्री, सचिन, अंकित, यश शुक्ला शामिल रहे।

एक नजर

पुलिस ने फरार दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर दो वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक विपिन कुमार हेड कांस्टेबल इमरान खान, होमगार्ड ध्यान सिंह ने अभियान चलाकर इमरान पुत्र शकील अहमद वार्ड 2 को व फहीम उर्फ नन्हे पुत्र शकील निवासी वार्ड 22 लल्ला कालोनी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

शांति भंग में दो गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : झगड़े पर उतारू दो लोगों को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां दोनों को जमानत पर छोड़ दिया गया है। रविवार को कोतवाली उपनिरीक्षक सचिन कुमार क्षेत्र के ग्राम सुंदरनगर में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे। तभी गौरव पुत्र जयपाल सिंह व कुलदीप पुत्र बाबू सिंह को पुलिस ने झगड़े करने व शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

राजा राव तुलाराम को दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में पूर्व सांसद डीपी यादव व अन्य ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : अहीर रेजिमेंट टीम के तत्वाधान में गांव रुस्तम नगर सहसपुर में राजा राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादाद में लोक गायक व क्षेत्र के लोग पहुंचे। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व सांसद डीपी यादव रहे।

सोमवार को श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने शहीद प्रदीप यादव, शहीद राजाराव तुलाराम आदि के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। हरियाणा से आए अजीत राव सिंह यादव ने कहा कि शहीद राजा तुलाराव 1857 की क्रांति में महानायक के तौर पर उभरे थे। उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई से संपर्क किया और बीकानेर के राजा से मिले। अंग्रेजों के खिलाफ उन्होंने संघर्ष किया। इसके बाद 1863 में वह शहीद हो गए। उनकी कुर्बानी को लेकर अहीर रेजिमेंट तैयार किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं को फौज में भेजना है। पूर्व मंत्री व सांसद डीपी यादव ने कहा कि युवा अपने समाज को सुधार करने के लिए एकजुट होकर अहीर रेजिमेंट फौज बनने की जो मांग करें। उस प्रत्याशी का ही समर्थन करें। यू ट्यूबर शरद यादव उर्फ गुरु ने युवाओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा में लोक गायक कालू यादव सोरखा, जोगेंद्र यादव, शहीद प्रदीप यादव के पिता श्रीपाल सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश यादव, अजीत राव यादव, अतुल यादव, गगन यादव, अखिलेश यादव, जीतपाल यादव, विजय यादव पूर्व विधायक ठाकुरद्वारा, नवदीप यादव ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव के अलावा कर्मवीर सिंह यादव, राज यादव, प्रेम कुमार यदुवंशी, कौशल क्रांतिकारी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान निर्देश यादव, विमल यादव, सुमित यादव, भुवेश, बबलू, सुमित, बहादुर, विकास, देवेंद्र, सचिन आदि मौजूद रहे। संचालन प्रेम कुमार यदुवंशी, क्रांतिकारी कौशल, कपिल राज वाल्मीकि आदि ने किया।

पूर्व सांसद डीपी यादव को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

कांठ, अमृत विचार: सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने किसानों के साथ उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्यालय में एसडीओ को बुलाकर बिजली की समस्याओं से अवगत कराया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि दो वर्षों से लगातार खराब हो रही गन्ने की फसल के कारण किसान अपने क्रेडिट कार्ड का अब ब्याज भी जमा करने में असमर्थ हैं। किसान की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। किसान बैंकों के साथ-साथ साहूकारों से भी पैसा लेकर फसल में लगा चुके हैं जिसे देखते हुए भारत सरकार गन्ने का किसानों का कर्ज माफ किया जाए, गन्ना पेराई सत्र 2024-25 शुरू होने वाला है अभी तक सरकार ने गन्ने का मूल्य निर्धारण नहीं किया है। इस अवसर पर चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह बिश्नोई, दर्शन सिंह, बलराज सिंह, अरविंद जॉनी, भविष्य बिश्नोई, रामकला गुर्जर, महेश ठाकुर, विशाल हिंदू, सलीम अहमद, धर्मपाल सैनी, अंश चौधरी, प्रिंस चौधरी, हैप्पी विश्नोई, अजय सिंह, सुखबीर सिंह, रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

कदीर तिराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

कदीर तिराहे पर अवैध पार्किंग से जाम के हालात

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कदीर तिराहे पर सड़क के किनारे पर बनी ई रिक्शा व हाथ ठेलों की अवैध पार्किंग से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कदीर तिराहा पर ई रिक्शा व हाथ ठेलों द्वारा अवैध पार्किंग बना कर रास्ता बंद कर दिया गया है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ई रिक्शा व फलों के ठेले लगा कर सड़क को बंद कर दिया गया है। सड़क का मुख्य प्रवेश द्वार बंद हो जाने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस रोड पर अतिक्रमण की भरमार है। जगह-जगह कार पार्क कर दी जाती है। जिससे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। नागरिकों ने शीघ्र ही ई रिक्शा व हाथ ठेले को हटाने की मांग की है।

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर ठाकुरद्वारा देहात मंडल में सदस्यता अभियान कार्यक्रम की कार्यशाला मंजू देवी इंटर कॉलेज शरीफ नगर में हुई। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. ओमपाल सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय सदस्य के कार्यकाल के तहत सदस्य बनना बहुत जरूरी है। 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर प्राथमिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को 200 सदस्य बनाना अनिवार्य है। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मास्टर सतपाल सिंह ने की व संचालन रोहताश सिंह देशबंधु ने किया। मंडल अध्यक्ष अखिलेश बिश्नोई, महिला मोर्चा की अध्यक्ष गार्गी, शरद बिश्नोई, कंचन रानी, हिमानी बिश्नोई, राजीव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का आरंभ करते अतिथि।

शिविर में 200 रोगियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ग्राम भरतावाला में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आरंभ भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह व ठाकुरद्वारा ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काट किया। शिविर में लगभग 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा दी गई। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. ओमपाल सैनी, अजय कुमार सिंह, कमलेश कुमार, पूजा राघव, भूपेंद्र सिंह चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति, डॉ. राजपाल सिंह सैनी, डॉ. तान्या, डॉ. नवनीत कुमार व प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

अज्ञात युवकों ने कार सवार से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने कार सवार के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम करणपुर अलियाबाद निवासी मोहम्मद वसीम पुत्र राशिद अली 22 सितंबर को कांठ से घर जा रहा था। जैसे ही उसकी कार मौढ़ी चौराहे पर पहुंची कुछ अज्ञात लोगों ने कार को रुकवा लिया और गालियां देने लगे। जब वसीम ने विरोध किया तो हमलावरों ने उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल छीन कर सड़क पर पटक कर तोड़ दिया। इसके बाद वह बड़ी मुश्किल से जान बचाकर वहां से निकला और थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैठक में उपस्थित अधिवक्ता व एसडीएम। ● अमृत विचार

एसडीएम और अधिवक्ताओं का आपसी समन्वय पर जोर

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: तहसील बार एसोसिएशन कांठ के अधिवक्ताओं व एसडीएम के मध्य परिचय बैठक में बार और बेंच के भीतर तालमेल को लेकर चर्चा की गई।

नए एसडीएम प्रिंस वर्मा व तहसील के अधिवक्ताओं के मध्य तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने लंबित विवादों के शीघ्र समाधान करने एवं आपसी सामंजस्य के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा कि वादकारी बड़ी आशा के साथ अपने मुकदमे लेकर आते हैं, जिनका समाधान निष्पक्ष रूप से होना चाहिए। इस मौके पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद अय्यूब, महासचिव नन्हे खां, चरण सिंह ढाका, मोहम्मद अफसर, वाजिद अली, महेंद्र सिंह, डॉ. विनीत नैन, प्रमोद शर्मा, शुभम विश्नोई आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

गन्ना समिति चुनाव को लेकर ठोक रहे दावेदारी

कांठ/छजलैट, अमृत विचार: सहकारी गन्ना समिति में चुनाव की प्रक्रिया जोरों पर है, जिसकी अस्थाई सूची लगभग तैयार हो चुकी है। जिन व्यक्तियों ने अपनी दावेदारी ठोकी है उनकी आपत्तियों का निवारण मंगलवार को किया जाएगा। उसके बाद अंतिम सूची तैयार की जाएगी।

डेलीगेट चुनाव के लिए सरगर्मियां जोरों पर हैं। निर्वाचन अधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गिरीश पंत ने बताया कि जिन लोगों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किए हैं, उनकी आपत्तियों का निवारण आज किया जाएगा। उसके पश्चात ही अंतिम सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर को सभी की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। चुनाव 3 अक्टूबर को होगा। सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि सोमवार को निर्वाचन समिति के समक्ष सभी ने अपने दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। मंगलवार को आपत्तियों का निवारण किया जाएगा।

ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन का चुनाव 28 सितंबर को, 13 प्रत्याशी मैदान में

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **अध्यक्ष के चार, महासचिव के तीन और कोषाध्यक्ष के दो प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव**
- **महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं सहसचिव पद पर एक-एक प्रत्याशी का नाम वापस**

अमृत विचार : ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन चुनाव में सोमवार को महासचिव, कोषाध्यक्ष और सहसचिव के पदों पर एक प्रत्याशी ने नाम वापसी की है। अब अध्यक्ष पद के लिए चार, महासचिव के पद के लिए तीन और उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए चार, कोषाध्यक्ष के पद के लिए दो प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। इस तरह कुल पांच पदों के लिए 13 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं।

बार सभागार में सोमवार को चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी का दिन था। महासचिव पद के प्रत्याशी अतीक अहमद खां, कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल कुमार नायक, सहसचिव पद के प्रत्याशी अरुण प्रताप सिंह ने नाम वापस ले लिया। अब अध्यक्ष पद के लिए आबिद अली, नसीब अहमद खान, योगेंद्र सिंह, हरस्वरूप सिंह मैदान में हैं, जबकि महासचिव पद के लिए सतीश कुमार वत्सल, मनोज कुमार, विशाल अग्रवाल के बीच मुकाबला है। उपाध्यक्ष पद के लिए पुष्पेंद्र कुमार, अनुज कुमार चौहान, कुलवंत सिंह, दिग्विंदिर सिंह मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए शैलेंद्र कुमार, विपिन कुमार के बीच मुकाबला है। चुनाव अधिकारी सफदर अली खां ने बताया कि सह सचिव पद के लिए अरुण प्रताप सिंह वत्सल के नाम वापसी के बाद निर्धारित तीन पदों के लिए तीन प्रत्याशी नौशाद अली, मोहम्मद अकरम, राधेश सिंह का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया। कार्यकारिणी सदस्य के लिए अमित भारद्वाज, संजीव कुमार, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद सलमान सैफी निर्विरोध चुने गए हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद उमर और कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार खड़गवंशी एकमात्र नामांकन होने की वजह से निर्विविरोध चुने गए हैं। बाकी पदों के लिए 28 सितंबर को बार सभागार में 182 सदस्य मदान करेंगे। उसकी दिन मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव अधिकारी हीरा लाल अग्रवाल, सत्यवीर सिंह ने चुनाव की प्रक्रिया कराएंगे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान 11 से चलाया जाएगा

छजलैट, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार विकासखंड छजलैट के सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का आयोजन किया जाएगा जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान उपस्थित होंगे। सरकार के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विकासखंड छजलैट में चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संयुक्त खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत ने देते हुए बताया कि 24 सितंबर से 27 सितंबर तक तीन दिवसीय संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 81 ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी व ग्राम प्रधान की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

कांठ में पानी प्रदूषित कर रहे धुलाई प्लांट

कांठ, अमृत विचार : नगर में बड़ी संख्या में कपड़ा धुलाई के अवैध प्लांट चल रहे हैं, जिनसे निकलने वाला हानिकारक रसायनयुक्त पानी नालियों द्वारा तालाबों व किसानों के खेतों में पहुंचकर उन्हें दूषित कर रहा है। नगर में प्रिंटेड कपड़े के थानों को धोने वाले अवैध प्लांट चल रहे हैं। इन स्थानों पर प्रतिदिन लाखों मीटर कपड़ा धोने के बाद रंगीन व घातक रसायनयुक्त पानी सीधा ही नालों में बहाया जा रहा है। आगे जाकर यह पानी नदी व तालाब को बर्बाद कर रहा है। एक मीटर प्रिंट कपड़ा धोने में 7 लीटर पानी चाहिए। यानी 80 मीटर थान को धोने में 560 लीटर पानी का उपयोग हो रहा है। रोज इन अवैध प्लांटों से लाखों लीटर केमिकलयुक्त पानी घोसीपुरा स्थित गंदे नाले में जा रहा है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर से आंखें मूंदे बैठे हैं। भाकियू नेता अनेक बार इस संबंध में विरोध प्रदर्शन भी कर चुके हैं। नागरिकों ने प्रशासन से इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है।

स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

कुंदरकी, अमृत विचार : नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आरंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट के साथ फीता काटकर किया। इस पर अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सौरभ ने बताया कि लगाए गए स्टॉलों पर डेंगू, मलेरिया, शुगर आदि के मरीजों का डाक्टरों द्वारा चैकअप किया गया और बीपी आदि की जांच के बाद दवा दी गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, संजय दिवाकर, प्रेमपाल दिवाकर, हाजी मजलूम पाशा, शफीक अब्बासी, जयपाल चौधरी, मंसूर पाशा, ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, मोहम्मद वाजिद पाशा, सोनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

नगर में मच्छरों का प्रकोप, जिम्मेदार मौन

कांठ, अमृत विचार : नगर पंचायत में इस समय मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिसके चलते वायरल बुखार तेजी से बढ़ रहा है। नगर में दवा का छिड़काव न होने की वजह से बीमारियां बढ़ी हैं। लोगों ने नगर पंचायत से क्षेत्र में फॉगिंग कराने की मांग की है। कांठ नगर में स्वच्छता और सफाई पर जहां सरकार ने अनेक योजना चला रखी हैं। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वही इसके बाद भी नगर में अब तक न तो फॉगिंग की कोई व्यवस्था की गई है, और न ही किसी तरह की कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि इस समय मच्छर का प्रकोप बहुत बढ़ गया है। जिससे बुखार व डेंगू जैसी बीमारियां बढ़ने की संभावना हो गई हैं। नगर पंचायत छिड़काव के नाम पर खानापूर्ति करा रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस संबंध में संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में करें सहयोग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं एसडीएम प्रीति सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एसडीएम सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम ने अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए संचारी रोग नियंत्रण को सफल बनाने पर जोर दिया।

नगर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए संचारी रोग नियंत्रण को सफल बनाने को लेकर जोर देते हुए बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण व इनका त्वरित इलाज सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन के लिए कार्य करें। दस्तक अभियान तथा संचारी अभियान में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार के रोगियों की डेंगू एवं मलेरिया की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नियमित रूप से साफ सफाई कराने एवं नालियों एवं रिक्त स्थानों पर जलभराव की समस्या की स्थिति का समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रों में झाड़ियों को कटवाते हुए फागिंग कराने के निर्देश दिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बताया कि संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान समस्त विभाग्य अधिकारी मौजूद रहे।

महाविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता गोष्ठी हुई

बिलारी, अमृत विचार: हरि मंगल महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ- सफाई की। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश रंजन ने कहा कि हमें नगर, गांव व सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता संबंधी गतिविधियां करते रहना चाहिए। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता, शंकर सिंह, सुरेंद्र चौहान, डॉ. रश्मि सिंह, रूमपाल सिंह, निर्मला यादव, वुशरा नईम, यूसुफ अब्दुल्ला, राजवीर सिंह, मनोज यादव, मोहित यादव आदि का सहयोग रहा। स्वयंसेवकों में सानिया परवीन, अदिवा वी, लायवा नूर, ईरा, महक, इकरा, खुशी,दीक्षा चौधरीआदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में लाभार्थियों के साथ अतिथि।

शिविर में लाभार्थियों को किया निशुल्क चश्मों का वितरण

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: सोमवार को नगर के साहू ब्रजरतन अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में लाभार्थियों को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा किया गया। शिविर में कुल मिलाकर 221 चश्मों का वितरण लाभार्थियों को किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति, मधु चौहान, डॉ. अनुज चौधरी, गजेंद्र चौधरी, सचिन चौधरी, अंकुल चौधरी, रवि कुमार, अमित कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजन

श्रीमद् भागवत कथा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

पितृपक्ष में श्रीमद्भागवत कथा से पूर्वजों को मिलती है शांति : शास्त्री

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: नगर स्थित मंदिर पौणा खेड़ा के प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री ने पितामह भीष्म के मोक्ष की कथा का गुणगान किया। जिसे सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई।

सोमवार को कथा से पूर्व सभी जजमानों में भगवान नारायण और अपने-अपने पितृ देवताओं का पूजन किया। इसके बाद भगवान कृष्ण और व्यास जी का पूजन पं. सर्वेश द्विवेदी द्वारा कराया गया। श्रीमद् भागवत कथा में हरे कृष्णा हरे रामा महिला संगठन द्वारा की तनु शर्मा के नेतृत्व में महिला श्रद्धालुओं ने महाराज को सम्मानित किया। प्रसाद वितरण व्यवस्था गोपेश पांडे द्वारा की गई। हेल्पिंग हैंड क्लब द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। आरती में नीरज शर्मा, अंशु पांडे, शालिनी चुग, उमा अग्रवाल, खुशबू गुप्ता, निधि शर्मा, सरिका गुप्ता, तनु शर्मा, दीपा गुप्ता ,ज्योत्सना शर्मा, अरविंद शर्मा, रोहन देव, डॉ. विश्वास शर्मा आदि द्वारा की गई। कथा में पंकज चौहान, ध्रुव शर्मा, महंत राहुल सांवरा, तरुण कपूर, नीतू कपूर, सचिन चौहान, अरविंद ठाकुर, डॉ. देवेंद्र शर्मा, पूजा शर्मा, रामनिवास शर्मा, राजू गुप्ता एडवोकेट, सभासद देवेश शर्मा, अभिषेक पांडे सभासद आदि का सहयोग रहा।

आचार्य ओमकृष्ण शास्त्री का सम्मान करतीं हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की महिलाएं।

कथा में उपस्थित अतिथि व समिति के सदस्य।

श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का वर्णन

छजलैट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम सन्दलीपुर मानपुर मुजफ्फरपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक अखिलेश किशोरी ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया। सनातन वर्ग सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक ने गो माता की सेवा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि गाय का पालन पोषण जीवन में सार्थक ऊर्जा का संचार करता है। कृष्ण जन्म पर कथा पंडाल को फूल मालाओं से सजाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू एवं ठाकुर रामवीर सिंह रहे। समिति अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कथा में आये अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक शर्मा, मोनू शर्मा, डॉ. अखिलेश बिश्नोई, सुभाष सिंह, दयानंद बिश्नोई, जयपाल सिंह ठेकेदार, बालमुकुंद शर्मा, लकी चौधरी, प्रियांक चौधरी, रूपेश बिश्नोई, संजीव बिश्नोई, मनोज शर्मा, मेहताब सिंह बिश्नोई एवं गीता प्रधान, चारु चौधरी, विनीत चौधरी, ग्रेसी सिंह, प्रीति चौधरी आदि उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण संजीव चौधरी व वीर सिंह राठी द्वारा किया गया।

खाते से धनराशि गायब करने का लगाया आरोप

कांठ, अमृत विचार: पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों पर मोहल्ला घोसीपुरा निवासी करण सिंह ने 83 हजार रुपये खाते से गायब करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला घोसीपुरा निवासी करण सिंह पुत्र चुन्ना सिंह ने 6 जुलाई 2022 को 83,000 रुपये पीएनबी की शाखा में अपने खाते में जमा किए थे। कुछ समय बाद पता चला कि उसके खाते में कोई धनराशि नहीं है। किसान ने शाखा प्रबंधक से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया कि जो रुपये जमा करके गए थे, वह कर्ज के खाते में जमा कर लिए हैं। जबकि किसान का कहना है कि उसने ऋण का भुगतान बहुत पहले कर दिया था। सोमवार को भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में किसान एसडीएम प्रिंस वर्मा से मिले। एसडीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

एक नजर

उन्नत फसल के लिए पेस्टीसाइड्स का सही उपयोग जरूरी : कुलदीप

रामपुर, अमृत विचार : जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि कृषि उत्पादों की उन्नत फसल के लिए पेस्टीसाइड्स का उपयोग आवश्यक है। बताया कि पेस्टीसाइड्स की खरीदारी करने पर कृषकों को कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए। असली पेस्टीसाइड ही खरीदें और सही तरीके से उसका उपयोग करें। रसायन का स्प्रे करने से पहले उपयोग करने की विधि को अच्छी प्रकार पढ़ लें। इसके बाद ही दिए गए निर्देशों के मुताबिक उसका इस्तेमाल करें।

दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने 5 सितंबर को शकील अहमद उर्फ शकील खान निवासी मोहल्ला कलघर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उसका कहना था कि उसकी बेटी पर आरोपी गलत नजर रखता है। उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास भी किया। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।

शार्ट सर्किट से दुकान व घर में लगी आग

गांव मेघानगला का मामला, करीब 20 लाख रुपये का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रविवार देर रात मेघानगला गांव में एक घर और दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना से काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव मेघानगला निवासी इंद्रजीत यादव ने घर में ही जनरल स्टोर खोल रखा है। रोजाना की तरह रविवार को भी वह दुकान बंद करके कमरे में चला गया। रात करीब दो बजे अचानक दुकान से आग की लपटें निकलने लगीं। यह देख पड़ोसियों ने शोर मचा दिया। इससे इंद्रजीत व उसके परिजन भी जाग गए। इस बीच आग ने घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। परिजनों ने किसी तरह बच्चों को बाहर निकाला और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने लगे। इस बीच सूचना पाकर शहजादनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में अग्निशमन कर्मी वाहन लेकर मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक घरेलू सामान, बाइक और दुकान का सामान जलकर नष्ट हो चुका था। घटना से मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। गृहस्वामी के अनुसार आग से करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

आग में जलकर नष्ट हुआ घरेलू सामान।

आग में जली मोटर साइकिल।

आग में जलीं कुर्सी व अन्य सामान।

लिंटर में पड़ीं दरारें दीवारों का प्लास्टर गिरा

आग लगने से इंद्रजीत का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आग की वजह से लिंटर में दरारें आ गईं। जबकि दीवारों का प्लास्टर भी छूटकर गिर गया। घर में रखा बैड, सोफा, मेज कुर्सी पूरी तरह से जलकर राख हो गईं।

फायर ब्रिगेड के चार वाहनों ने पांच घंटे में पाया आग पर काबू

आग इतनी भयंकर थी कि फायर ब्रिगेड के पांच वाहन मंगाने पड़े। इसके बाद करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

किशोरी को किया चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द

रामपुर, अमृत विचार : जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि 19 सितंबर को 14 वर्षीया मानसिक रूप से कमजोर किशोरी को बिलासपुर पुलिस ने चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया।

मंदबुद्धि किशोरी।

चाइल्ड हेल्पलाइन ने बालिका का जिला अस्पताल में उपचार कराया। किशोरी की काउन्सिलिंग की भी गई। इस दौरान उसका नाम व परिवार की जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन वह कुछ भी नहीं बता सकी। चाइल्ड हेल्पलाइन ने किशोरी के परिवार को खोजने का काफी प्रयास किया। किशोरी बाल कल्याण समिति के आदेश पर राजकीय बाल गृह विशेषीकृत (निर्वाण मानसिक संस्थान) मोहन रोड लखनऊ भेज दिया गया है। बताया कि किशोरी के बारे में कोई जानकारी मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रभारी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर निजामुददीन एवं जिला पर्यवेक्षक अमित कुमार सक्सेना से सम्पर्क कर सकते हैं।

सार संक्षेप

दबंगों ने मामूली बात पर युवक का मोबाइल तोड़ा

स्वार, अमृत विचार : दबंगों ने मामूली बात पर युवक का मोबाइल तोड़ दिया। विरोध पर मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर तीन युवकों का शांति भंग में चालान कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव समोदिया निवासी अनुज, विनय व संजीव ने मामूली बात पर रोहित का मोबाइल तोड़ दिया था। विरोध पर तीनों युवकों ने उसे मारपीट घायल भी कर दिया था। घायल की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की थी। पुलिस में शिकायत करने पर तीनों आरोपी सोमवार को भी रोहित से मारपीट करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया।

मेडिकल स्टोर में हुई चोरी का खुलासा, एक आरोपी पकड़ा

मसवासी, अमृत विचार : मेडिकल स्टोर में दिनदहाड़े हुई चोरी का चौकी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। नगर के काशीपुर मुख्य मार्ग स्थित कृष्णा मेडिकल स्टोर के गल्ले का ताला तोड़कर दो चोरों ने 7 सितंबर को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद चोर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए थे। चोरों की यह करतूत मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। मेडिकल स्टोर स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने दो चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार को पुलिस ने एक आरोपी को थाना केला खेड़ा जनपद ऊधमसिंह नगर निवासी मोहम्मद माजिद को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 2800 रुपये बरामद हुए हैं। चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि दूसरा आरोपी भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस की गिरफ्त में चोरी का आरोपी।

पूर्व सभासद और भतीजे पर लगाया दबंगई का आरोप

शाहबाद, अमृत विचार : मोहल्ला कानून गोयान निवासी सालरा बेगम ने वार्ड 11 के पूर्व सभासद व उसके भतीजे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। महिला के अनुसार शाहबाद-ढकिया मार्ग पर उन्होंने नई दुकानों का निर्माण कराकर उन्हें किराए पर दिया है। बाहर खाली जगह में उसके बेटे तैयब मियां की चाय की दुकान है। आरोप है कि 6 दिन पहले रात में आरोपी लाठी- डंडे लेकर दुकान पर आए। बेवजह फसाद फैलाने की कोशिश की। जान से मारने की धमकी भी देकर गए। आरोप लगाया कि आरोपी अवैध वसूली में लिप्त रहते हैं। पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है।

हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रंजिश के चलते ग्रामीण की हत्या करने के मामले में जिला जज ने एक दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा उस पर एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। जबकि 3 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

शाहबाद थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर निवासी भूरे सिंह का गांव के ही मोहन सिंह से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 5 मई 2012 को उसका भाई नरेशपाल अपनी पत्नी के साथ खेत की सिंचाई करके घर आ रहा था। रास्ते में मोहन सिंह, चंद्रकेश, कृष्णपाल और जयपाल ने नरेशपाल को घेरकर गोली मार दी थी। इसमें नरेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। गोली की आवाज सुनकर भूरे और उसकी चाची मोरकली वहां पहुंच गए थे। आरोपियों ने इन पर भी फायर कर दिया था। भूरे के कोहनी में छर्रा लग गया था। पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले की सुनवाई जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी की कोर्ट में चल रही थी। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि कोर्ट ने कृष्णपाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जबकि मोहन, चंद्रकेश और जयपाल को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

जयाप्रदा के मामले में 1 अक्टूबर को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ स्वार थाने में दर्ज आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सोमवार को बहस नहीं हो सकी। अब इस मामले में 1 अक्टूबर को सुनवाई होगी। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार थाने में आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले में सोमवार को बहस होनी थी। मगर सुनवाई नहीं हो सकी। अधिवक्ता अरुण प्रकाश सक्सेना ने बताया कि अब इस मामले में 1 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

यतीमखाना प्रकरण में विवचेक से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : यतीमखाने से जुड़े मामले में सोमवार को गवाह जसपाल सिंह से जिरह हुई। अब इस मामले में 26 सितंबर को सुनवाई होगी। वर्ष 2019 में आजम खां के खिलाफ तमाम मामले दर्ज हुए थे। जिसमें शहर कोतवाली क्षेत्र की यतीमखाना बस्ती के भी मामले में मामला दर्ज हुआ था। उन पर बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, मारपीट के साथ ही भैंस व बकरी चोरी के आरोप लगाए गए थे। यह मामला एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में विचाराधीन है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गवाह से जिरह हुई है। इस मामले में 26 सितंबर को सुनवाई होगी।

छात्र के हत्यारोपियों का शस्त्र लाइसेंस होगा निरस्त

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में छात्र के हत्यारोपियों का शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। आरोपियों को जेल भेजने के बाद पुलिस ने उनके शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव में 8 दिन पूर्व दो गुटों में विवाद हो गया था। इस दौरान पथराव, मारपीट और फायरिंग भी हुई थी। इसमें गोली लगने से छात्र मोहम्मद शानिब की मौत हो गई थी। पुलिस ने 4 नामजद एवं 2 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सभी नामजद आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। सोमवार को पुलिस ने आरोपी हाजी माजिद के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की रिपोर्ट भेज दी है। थानाध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया कि आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उमस भरी गर्मी से स्कूल में बेहोश हुई दो छात्राएं

- छात्राओं के बेहोश होने की सूचना से स्कूल प्रशासन में मचा हड़कंप
- आनन-फानन में कर दी छुट्टी जानकारी पर अभिभावक पहुंचे

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : उमस भरी गर्मी के चलते स्कूल की कक्षा में बैठीं दो छात्राएं बेहोश हो गईं। इससे स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्कूल प्रशासन ने आनन-फानन में छुट्टी कर दी। सूचना पाकर बेहोश हुई छात्राओं के अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए।

सितंबर की उमस भरी गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है उमस भरी गर्मी से लोग बेहद परेशान हैं। गर्मी में बच्चों और स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भी बुरा हाल है। सोमवार को सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में भीषण गर्मी के चलते कक्षा की दो छात्राएं बेहोश हो गईं। इसकी सूचना से स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्कूल की छुट्टी कर दी गई। इसके बाद बेहोश हुई छात्राओं के अभिभावकों को मामले की सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही छात्राओं के अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए। बेहोश हुई छात्राएं कक्षा 9 की शानू और चमन हैं।

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.अजय प्रकाश दीक्षित ने बताया कि छात्र-छात्राओं को गर्मी से बचाव के लिए सभी कक्षाओं में पंखे चल रहे हैं। लेकिन गर्मी के चलते अचानक छात्राएं बेहोश हो गई थीं। उनके अभिभावकों को सूचना दे दी गई थी। छात्रों की हालत में सुधार होने के बाद अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया।

होटल में चेकिंग करती एएचटीयू और श्रम प्रवर्तन की टीम।

अभियान चलाकर 5 बालश्रमिकों को मुक्त कराया

रामपुर, अमृत विचार : एएचटीयू और श्रम प्रवर्तन की संयुक्त टीम ने बालश्रम उन्मूलन के तहत सोमवार को अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने रेस्क्यू करके 5 बालकों को मुक्त कराया। थाना एचटीयू एवं श्रम प्रवर्तन की टीम ने बालश्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह तथा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ जन जागरूकता अभियान भी चलाया। इस दौरान होटलों में चेकिंग की गई। सिविल लाइन व गंज थाना क्षेत्रों में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व बेकरी की दुकानों आदि से 5 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया। बालश्रम की रोकथाम के लिए मुख्य चौराहों, होटल व ढाबा मालिकों को हिदायत भी दी। कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बालकों को काम पर न रखें। ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

खेल भावना से खेलने के लिए किया प्रेरित

रामपुर, अमृत विचार : शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में अंडर-17 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का ट्रॉयल हुआ। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी कैलेंडर में 31 खेलों को कराने का लक्ष्य दिया था। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली और जनपदीय क्रीड़ा प्रभारी अरविंद कुमार भास्कर की देखरेख में सोमवार को जनपद स्तरीय अंडर-17 बालक क्रिकेट का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर के प्रधानाचार्य नफीस अहमद खान ने छात्रों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। छात्रों को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। अलग-अलग विद्यालयों से आए छात्रों का ट्रायल लिया गया। इसके आधार पर जनपदीय बालक अंडर-17 वर्ग की टीम का गठन हुआ। इस अवसर पर सलीम यूसुफ जैदी, मनोज कुमार, तुषार शर्मा, प्रतेश श्रीवास्तव, मोहम्मद सुहेल, ओम प्रकाश, राजीव कुमार, दीपक कुमार, प्रभु दयाल आदि मौजूद रहे।

31 अक्टूबर तक चलेगा टीकाकरण अभियान

रामपुर, अमृत विचार : गोवंश में लम्पी वायरस से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान 31 अक्टूबर चलाया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ड. महेश कुमार कौशिक ने बताया कि इस अभियान के लिए जनपद में 84,877 खुराक वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है। यह वैक्सीन केवल गौवंशीय पशुओं में लगायी जाती है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पशुपालकों के घर जाकर गोवंशीय पशुओं का निशुल्क टीकाकरण किया जायेगा। साथ ही पशुओं की टैगिंग का कार्य भी किया जायेगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस से बचाव के लिए 31 अक्टूबर तक गोशालाओं सहित पूरे जनपद में निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने पशु पालकों से गोवंश में टीकाकरण अवश्य कराने की अपील की है। बताया कि टीकाकरण कराने से पूर्व अपने पशु के कान में टैग डलवाकर पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होंने बताया कि लम्पी रोग में सही इलाज न मिलने पर 3 प्रतिशत पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है।

सीएचसी पर की जाए न्यूरो सर्जन की तैनाती

शाहबाद, अमृत विचार : सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएचसी अधीक्षक से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सीएचसी पर सरकार से मिलने वाला लाभ मरीजों तक पूरा नहीं पहुंच रहा है। खून की जांच करने वाली मशीन खराब है। क्षेत्र में आंख, कान, नाक, गले के काफी मरीज हैं। इसलिए सीएचसी पर न्यूरो सर्जन की तैनाती की जाए। इस दौरान युवा मंडल अध्यक्ष अमरपाल सिंह यादव, झंडू सिंह, कृपाल सिंह, रामनाथ मौर्य, आकिल खान, अबरार मलिक, कृष्णपाल सिंह, राकेश सिंह, शाहिद खान, रामपाल, सलमान, आदिल खां आदि किसान मौजूद रहे।

हर साल 100 घंटे श्रमदान की दिलाई शपथ

शाहबाद, अमृत विचार : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत की ओर से सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज में अभ्यर्थियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य देवेश कुमार सिंह ने अभ्यर्थियों को प्रत्येक वर्ष 100 घंटे श्रमदान कर अपने घर, मोहल्ले, गांव व नगर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर अभियान में भी भाग लिया। इस अवसर पर एसबीएम प्रभारी मुजीब मियां, लिपिक नवेद मियां, फरहा, अरशद, रेहान अहमद आदि मौजूद रहे।

साइबर सेल ने वापस कराए 32,752 रुपये

रामपुर, अमृत विचार : साइबर सेल की टीम ने पीड़ित के 32,752 रुपये वापस करा दिए। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अशोक विहार निवासी किशन ने साइबर पोर्टल पर 20 सितंबर को धोखाधड़ी की शिकायत की थी। उनका कहना था कि 26 अगस्त को साइबर ठग ने इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से उनके 62,000 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने तहरीर देकर अपनी रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई थी। इस पर थाने की साइबर सेल की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर आरोपी के खाते की जानकारी करके रविवार को किशन से ठगी गई रकम में से 32,752 रुपये सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय मिश्रा ने उसके बैंक खाते में वापस करा दिए। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित की शेष धनराशि वापस कराने का प्रयास किया जा रहा है।

हिमांशु नवीन गुप्ता दिल्ली में करेंगे रामलीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : टांडा बादली के ग्राम लांबाखेड़ा निवासी नवीन कुमार गुप्ता के पुत्र हिमांशु नवीन गुप्ता 15 वर्ष से रामलीला में विभिन्न पात्रों का अभिनय कर रहे हैं। इस वर्ष भी वह दिल्ली के मयूर विहार में होने वाली रामलीला में मंचन करेंगे।

हिमांशु नवीन गुप्ता 2009 से रामलीला में भगवान श्री राम की सेवा में लगे हैं। वह नारद, अंगद, भरत, मकरध्वज, लक्ष्मण, अक्षय कुमार समेत अन्य किरदारों में अपनी अभिनय का कौशल दिखा चुके हैं। पिछले वर्ष भगवान श्रीराम का अभिनय भी नई दिल्ली के विशाल मंच पर कर चुके हैं। इस वर्ष दिल्ली के मयूर विहार में विशाल मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। हिमांशु नवीन गुप्ता बताते हैं कि उन्हें रामलीला की शिक्षा राम सिंह कला मंच मुरादाबाद शैली के डायरेक्टर योगेंद्र सिंह राजू से मिली। हिमांशु एक मेकअप आर्टिस्ट और ऑलराउंडर कलाकार हैं। वह खाली समय में यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाते हैं। वह देहाती कॉमेडी किंग शेखचिल्ली के साथ भी कई फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं।

राम के रूप में हिमांशु नवीन गुप्ता।

प्रेमिका से मिलने आए युवक को परिजनों ने पकड़ा, कराया निकाह

मसवासी, अमृत विचार : प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे प्रेमी को परिजनों ने दबोच लिया। मामला कोतवाली पहुंच गया। तब प्रेमी-प्रेमिका का निकाह करा दिया गया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी युवक का चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से फोन पर हुई बातचीत के बाद प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खा लीं। इसके चलते प्रेमी मौका मिलने पर प्रेमिका से मिलने उसके गांव आता रहता था। शनिवार की देर रात भी युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर आ गया। आहट होने पर युवती के परिजन जाग गए। उन्होंने युवक को दबोच लिया और उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद उसे कोतवाली ले गए। वहां दोनों पक्षों की पंचायत हुई। इसमें सोमवार को दोनों का निकाह करा दिया गया।

कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ और उकसाने वाले बयान देने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ लगातार भड़काऊ और उकसाने वाले बयान दिए जा रहे हैं। भाजपा नेता राहुल गांधी को मारने की धमकी दे रहे हैं। भाजपा ने भारत में राजनीति का स्तर गिरा दिया है। भाजपा नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने मांग राष्ट्रपति से की गई है।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

राहुल गांधी ने दिया मोहब्बत का पैगाम

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि राहुल गांधी ने देश ने नफरत के खिलाफ मोहब्बत का पैगाम दिया है। राहुल गांधी के इस काम से भाजपा बुरी तरह बौखला गई है। सरकार को चाहिए कि नेता विपक्ष के खिलाफ बोलने वाले अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करे।

ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता, पूर्व विधायक संजय कपूर, अफरोज अली खां, नोमान खान, दुर्गेश मौर्य, जिवेन्द्र गंगवार, मकदूम अहमद, महेंद्र यदुवंशी, रियाज अहमद, ताहिर अंजुम, आरिफ अली, उमर खान, शुएब अली, हनीफ अली, महबूब खां, नदीम खां आदि शामिल रहे।

जरी, जरदोजी ट्रेड में प्रशिक्षण को 30 तक करें आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के तहत जनपद को सामान्य वर्ग के 25 तथा अनुसूचित जाति वर्ग के 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य मिला है।

जरी-जरदोजी ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाना है। चयन के बाद मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड नजीबाबाद द्वारा तहसील, ब्लाक एवं जनपद स्तर पर प्रशिक्षणार्थियों को समूह में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक युवक-युवतियां ऑनलाइन सेवाओं में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर 80 हजार रुपये की दवा सील की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुरादाबाद और स्थानीय औषधि विभाग की टीम ने सूचना के आधार पर एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के चलता मिला। इसके अलावा यहां से दवाओं के नूमने भी लिए। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

सोमवार को जिलाधिकारी रामपुर एवं सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद मंडल के निर्देश पर रामपुर के औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार एवं मुरादाबाद की औषधि निरीक्षक उर्मिला वर्मा ने पुलिस के साथ बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। मेडिकल स्टोर पर बोर्ड भी नहीं था। यहां प्रतिबंधित दवा भी मिलीं। यह मेडिकल स्टोर मोहम्मद रेहान निवासी ग्राम खूंटाखेड़ा थाना भोट था। टीम ने यहां से पांच नमूने लेकर दवाओं को सील कर दिया है। सील की गई दवा की कीमत 80,000 रुपये है।

मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करते टीम के सदस्य।

लापरवाही फुंका ट्रांसफार्मर बदलने की मांग, पांच दिन से छाया है अंधेरा

लोगों ने बिजलीघर पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार : गांव अकबराबाद में 5 दिन पूर्व 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ओवरलोडिंग के चलते फुंक गया था। पांच दिन बाद भी ट्रांसफॉर्मर नहीं बदले जाने के कारण ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। ग्रामीणों ने सोमवार को बिजली घर में धरना देकर अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की।

चौकी क्षेत्र के गांव अकबराबाद में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर 5 दिन पूर्व फुंक गया था। आरोप है कि पांच दिन बाद भी फुंके ट्रांसफार्मर को अधिकारियों ने नहीं बदलवाया। ट्रांसफॉर्मर फुंकने से आधे गांव में अंधेरा छाया है। आधे गांव के लोग अपने मोबाइल भी दूसरों के घर चार्ज करने को मजबूर हैं। उमस भरी गर्मी में ग्रामीणों का बुरा हाल है। अकबराबाद के ग्रामीण सोमवार को इकट्ठा होकर बिजलीघर पहुंचे। विद्युत निगम के अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जेई भूपेंद्र कुमार शर्मा ने ग्रामीणों को जल्दी ही ट्रांसफॉर्मर बदलने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने दो दिन में ट्रांसफॉर्मर नहीं बदलने पर फिर से धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस दौरान कक्कू खान, सब्बू खान, दारा खान, सरवर खान, असलम, आजम खान, मोनिस खान, सहमत खान, अरशद खान, शाहरुख खान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

> उसम भरी गर्मी में ग्रामीणों का बुरा हाल है। ऊपर से बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाया नहीं जा रहा है।
>
> -शब्बू खान

> फूंके हुए ट्रांसफार्मर की विभाग को सुध लेनी चाहिए। ताकि किसान रात को आराम की नींद सो सकें। लोग अपने परिचितों से भी बात नहीं कर पा रहे हैं।
>
> - फुलबेज खान

> गांव में 10 केवीए के 2 ट्रांसफार्मर 4 महीने से फुंके पड़े हैं। इस पर लोगों ने 63 केवीए के ट्रांसफार्मर से तार बांध लिए थे। अब 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर भी फुंक गया।
>
> - जमशेद खान

एक नजर

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की तिथियां निर्धारित

रामपुर, अमृत विचार : जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने 2024-25 में सामूहिक विवाह के लिए 12 नवंबर, 10 दिसंबर, 16 जनवरी एवं 12 फरवरी 2025 की तिथियां निर्धारित की गई हैं। सामूहिक विवाह ऑनलाइन आवेदन के आधार पर ही किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बन्धित खंड विकास अधिकारी कार्यालय तथा नगरीय क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत कार्यालय एवं विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

टांडा के एसडीएम बने विकास वर्मा

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने दो एसडीएम को इधर से उधर कर दिया है। टांडा में तैनात उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को शाहबाद का उप जिलाधिकारी बनाया गया है। जबकि डिप्टी कलेक्टर विकास कुमार वर्मा को टांडा का एसडीएम बनाया गया है।

श्री खाटू श्याम की भक्ति में जमकर थिरके श्रद्धालु

श्री श्याम संकीर्तन से पहले निकाली गई भव्य निशान यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

शहर में निकली निशान यात्रा में शामिल भक्त।

निशान यात्रा में भजनों पर थिरकते श्रद्धालु।

अमृत विचार : श्री खाटू श्याम जी की निशान यात्रा सोमवार को धूमधाम से निकाली गई। शहर के कई मोहल्लों से होकर निकली निशान यात्रा में श्याम बाबा की भक्ति में श्रद्धालु सराबोर हो गए। पुष्प वर्षा के बीच भक्तों ने नृत्य करते हुए बाबा के जयकारे लगाए। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

श्री लखदातार सेवा समिति की ओर से मंगलवार को आदर्श रामलीला मैदान सिविल लाइंस में द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की पूर्व संध्या पर श्याम भक्तों ने बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली। निशान यात्रा चाह इच्छा राम छोटा सनातन स्थित श्री श्याम मंदिर से निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी हाथों में श्री श्याम बाबा का निशान लेकर बाबा की भक्ति में नृत्य करते हुए चल रहे थे। आगे-आगे श्याम प्रेमी भजनों पर नृत्य कर रहे थे। इसके पीछे भव्य रूप से फूलों से सजे वाहन में श्री खाटू श्याम बाबा विराजमान थे। इस दौरान सभी ने बाबा के जयकारे भी लगाए। इससे आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया।

निशान यात्रा सनातन धर्म मंदिर से शुरू होकर मिस्टन गंज चौराहा, चूने वाला फाटक, बाजार नसरुल्ला खां, सराफा बाजार, मिस्टन गंज, राजद्वारा, गांधी समाधि, मोहम्मद अली जौहर मार्ग, कलेक्ट्रेट चौराहा, एसपी आवास, आवास विकास कालोनी से शौकत अली मार्ग होते हुए देर रात आदर्श रामलीला मैदान स्थित संकीर्तन स्थल पर पहुंची। निशान यात्रा पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्याम प्रेमियों को जलपान और प्रसाद का वितरण भी किया गया। निशान यात्रा समारोह स्थल पर पहुंचने के बाद भक्तों ने बाबा को निशान चढ़ाया।

कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

अनुराग अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सचिन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सौरभ अरोड़ा, राधे श्याम, सुमित मित्तल, श्याम अग्रवाल, यश दयाल, नवीन सक्सेना, पंडित नवनीत शर्मा, लवी रस्तोगी, संजीव कश्यप, अश्वनी त्यागी, सौरभ अरोरा, सुधीर अग्रवाल, अभय अग्रवाल, राहुल गुप्ता, शुभ, लव, सचिन गुप्ता, रवि रस्तोगी, अंकुर अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, प्रेरणा, हर्षित विरमानी, मुकेश रस्तोगी, केशव मदान, कपिल भाटिया, वंश अग्रवाल समेत हजारों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

अपनी समस्याओं को साझा करें किसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

पंचायत को संबोधित करते जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार। ● अमृत विचार

- **कैंप कार्यालय मुंडिया कलां में हुई किसानों की पंचायत**
- **प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाया मनमानी करने का आरोप**

अमृत विचार : जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने किसानों से कहा कि प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा ने 25 सितंबर को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय नौबस्ता कलां लखनऊ में बुलाई है। इसमें जिले की प्रमुख समस्याओं को उठाया जाएगा। किसान अपनी समस्याओं को साझा करें।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कैंप कार्यालय मुंडिया कलां में पंचायत हुई। जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि जिले के प्रशासनिक अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। उनकी शिकायत प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा द्वारा प्रदेश के प्रमुख सचिव से की जाएगी। इस पंचायत का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं को हल करना और जिला प्रशासन को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह अपनी समस्याओं को साझा करें। यह पंचायत जिले के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां वह अपनी समस्याओं को उठा सकते हैं।

पंचायत में वीरेंद्र कुमार, नरेश गंगवार, लखविंदर गंगवार, ओमप्रकाश गंगवार, उभान राम, रामकिशोर प्रजापति, बेनाम गंगवार, अबरार अंसारी आदि मौजूद रहे।

सीडीओ ने किया प्रशिक्षण का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

प्रशिक्षण में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल।

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल सोमवार को डायट में चल रहे गणित किट प्रशिक्षण में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित किया और संस्थान की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डायट प्राचार्य की देख रेख में तीन दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा व गणित किट प्रशिक्षण चल रहा है। इसमें सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी लता गंगवार ने बताया कि स्वार विकासखंड से 50 शिक्षकों को सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण व शाहबाद विकासखंड के 65 शिक्षकों को गणित किट प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण का जायजा लिया। मास्टर ट्रेनर नोडल तृप्ति चंद्रा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सहायक अध्यापिका शमा परवीन व परितोष कुमार उनका सहयोग कर रहे हैं। गणित किट प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता सचिन कुमार हैं। वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार ने शिक्षकों को संबोधित किया। प्रशिक्षण प्रभारी प्रवक्ता शावेज लतीफ ने सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण किया। व्यवस्था में मोहम्मद दानिश का सहयोग रहा।

बीईओ ने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलासपुर पर निपुण एफएलएन का प्रशिक्षण हुआ। इसमें बिलासपुर ब्लॉक के 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी बिलासपुर मजहरूल इस्लाम ने प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा एआरपी रामचंद्र राठौर, अमर सिंह, सोनी ने भी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सैयद आफाक हुसैन, नीतू चौधरी, कुलसूम परवीन, विपिन कुमार, पूनम रस्तोगी, रश्मि त्यागी, सुमन लता, साक्षी, अंकित कुमार, कुमारी मेघा समेत 100 शिक्षक प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

सेवा पखवाड़ा शिविर में 220 लोगों का किया गया परीक्षण

संवाददाता, स्वार

स्वार में मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट करते सीएचसी के प्रभारी डॉ. देवेश

अमृत विचार : सेवा पखवाड़ा के तहत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 220 लोगों का परीक्षण किया गया। भाजपा के जिला प्रभारी राजा राम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व भर के दिग्गज देश भारत से मित्रता करने के लिए खुद आगे आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 10 वर्ष में देश के तिरंगे को उस मुकाम पर ला दिया है, जिसके आगे आज सारा विश्व सलाम कर रहा है। शिविर में सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डॉ. देवेश चौधरी समेत स्टॉफ ने 220 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री महेन्द्र सैनी, महिला मोर्चा की जिला मंत्री संजय मौर्य, अमित चंद्रा, राजेश कुमार शर्मा, समर सिंह चौहान, मुकुटलाल, अंकुश चौधरी, प्रेमपाल, हरीश मौर्य, अमित सक्सेना, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

मूलभूत सुविधाओं को जनता तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य : औलख

संवाददाता, बिलासपुर

स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े में बोलते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

अमृत विचार : सीएचसी में कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि जनता तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना सरकार का एकमात्र उद्देश्य है।

सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद अब सभी सरकारी अस्पतालों में बहुत सी जांचों को निशुल्क कर दिया गया है। 70 वर्ष की उम्र में पहुंच चुके मरीजों का सभी तरह का इलाज निशुल्क किया जाएगा। सरकार सेवा पखवाड़े का आयोजन करा रही है। ताकि लोगों को बड़े पैमाने पर निशुल्क इलाज की सुविधा दी जा सके।

उन्होंने कहा कि सरकार जनता तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। अब निर्धन परिवारों तक रोजगार, स्वास्थ्य आदि योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच रहा है।

कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, नगर अध्यक्ष चेतन पारुथी, चिकित्साधीक्षक डॉ. अजीज हसन, डॉ. वीके शर्मा, डॉ. मणिक अग्रवाल, जोगपाल सिंह, हरनेक सिंह, जसविंदर पाल सिंह, धन्नूमल बंसल, अनिल मदान आदि मौजूद रहे।

भगवान वाल्मीकि के प्रकाश पर्व पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

बिलासपुर, अमृत विचार : रविवार देर रात मोहल्ला कायस्थान में भावाधस की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि 17 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि दयावान का प्रकाश पर्व आ रहा है। सभी लोग यह पर्व दीपावली कि तरह मनाएं।

बताया कि इसी दिन मोहल्ला भट्टी टोला से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख तथा पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल रहेंगे। उन्होंने शोभायात्रा कि तैयारी में अभी से जुटने की अपील की। इस मौके पर रविराज वाल्मीकि, परवेश वाल्मीकि, जानू चौहान, मुनीश वाल्मीकि, छोटा भीम वाल्मीकि, अनिल वाल्मीकि, रवि कुमार, आशीष वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

मथुरापुरी वर्णन आदि लीलाओं का किया मंचन

बिलासपुर, अमृत विचार : श्री कृष्ण लीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे श्री कृष्ण लीला मंचन में कलाकारों ने मथुरापुरी वर्णन आदि लीलाओं का सुंदर मंचन किया।

मोहल्ला कायस्थान स्थित श्री कृष्ण लीला कमेटी के तत्वावधान में 67वां वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान कलाकारों ने मथुरापुरी वर्णन, यशोदा द्वारा कृष्ण की स्तुति आदि लीलाओं का सुंदर मंचन किया। इसके अलावा कलाकारों ने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

कमेटी के संरक्षक पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रमोद कुमार जौहरी, संतोष कुमार जौहरी, अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, डॉ. बलविन्द्र सिंह, राजीव जौहरी, सुनील गुप्ता, संजय कुमार जौहरी, स्वदेश कुमार सक्सेना, प्रशांत सक्सेना, रूपराम राठौर, प्यारेलाल सैनी, सुभाष रस्तोगी, दीपक सक्सेना, अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

परंपरा इस वर्ष पितृ अमावस्या पर बृजघाट में विसर्जित करेंगे 39 लावारिस लोगों की अस्थियां

लावारिस लाशों के 'वारिस' बन गंगा में करते हैं अस्थि विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

स्वर्ग धाम का मुख्य द्वार।

अधिकांश लावारिस शव पुलिस द्वारा लाए जाते हैं। उनका अंतिम संस्कार समिति कराती है। इसके लिए विभाग द्वारा अंत्येष्टि का खर्चा भी दिया जाता है। इसके अतिरिक्त लावारिस व गरीब लोगों के शवों का अंतिम संस्कार भी समिति अपने खर्च पर कराती है।

-राजीव कुमार मांगलिक,
अध्यक्ष, श्मशान भूमि जीर्णोद्धार समिति

अमृत विचार : एक वर्ष में पुलिस ने 39 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कराया लेकिन, पुलिस मृतकों की शिनाख्त नहीं करा पाई। इन शवों की अस्थियां एक वर्ष से अपनो का इंतजार कर रही हैं। इन लावारिस शवों के वारिस बनकर श्मशान भूमि जीर्णोद्धार समिति के सदस्य हर साल इनकी अस्थियों का बृजघाट स्थित गंगा में विसर्जन करते हैं। पितृ अमावस्या पर इस वर्ष भी कमेटी के पदाधिकारी बृजघाट में 39 लावारिस लोगों की अस्थियों का विसर्जन करेंगे, ताकि उन्हें मोक्ष मिल सके।

जिनका कोई नहीं, उनका खुदा है यारो गीत की पंक्तियां शहर की श्मशान भूमि जीर्णोद्धार समिति पर बिल्कुल सटीक बैठती है। करबी 30 साल पूर्व बनी यह समिति अब तक करीब छह हजार लावारिस शवों की अस्थियों का विसर्जन करा चुकी है। समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार मांगलिक ने बताया कि आजकल की भागदौड़ वाली जिंदगी में हर शख्स व्यस्त है। ऐसे में उनके पास गुम हुए अपनों को तलाशने तक का भी समय नहीं है। इसी के चलते तमाम लोग लावारिश हालत में दम तोड़ देते हैं। यह समिति ऐसे ही लावारिस लोगों की वारिस बनकर काम करती है। उनका पूरे विधि विधान से तर्पण किया जाता है।

इसके लिए समिति के पदाधिकारी हर साल लावारिस लाशों की अस्थियों को कलश में एकत्र करके बृजघाट ले जाकर पतित पावनी गंगा में प्रवाहित करते हैं। स्वर्ग धाम में एक अक्टूबर 2023 से 23 सितंबर तक 39 लावारिस लोगों के शव पहुंचे थे। इनका अंतिम संस्कार लावारिस में किया गया था। इसके बाद इस उम्मीद के साथ इनकी अस्थियों को एक स्थान पर एकत्र करके रखा गया था कि शायद उनका कोई अपना इन्हें तलाशता हुआ पुलिस के पास पहुंच जाए। लेकिन एक वर्ष के इंतजार के बाद भी कोई नहीं आया तो समिति पितृ अमावस्या पर इन सभी लोगों की अस्थियों को बृजघाट जाकर गंगा में विसर्जित करेगी। ताकि इन्हें मोक्ष की प्राप्ति हो सके।

72 घंटे तक किया जाता है इंतजार

किसी शव की शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम कराने के बाद भी 72 घंटे तक उसके परिजनों के आने का इंतजार किया जाता है। इसके बाद भी यदि कोई परिजन नहीं आता तो शव का उसके धर्म के अनुसार लावारिस में अंतिम संस्कार कर दिया है।

समिति अपने खर्च पर करती है अंतिम संस्कार

स्वर्गधम नगर क्षेत्र का मुख्य अंत्येष्टि स्थल है। यहां लावारिस शवों की अंत्येष्टि समिति द्वारा अपने खर्च से कराई जाती है। लावारिस शवों की अस्थियों को प्रतिवर्ष पितृ अमावस्या पर विधि विधान से वाहन में रखकर बृजघाट ले जाते हैं। वहां पूरे विधान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए नदी में प्रवाहित किया जाता है। एक अक्टूबर 2023 से 23 सितंबर तक 39 लावारिस शवों की अस्थियों को संजोकर रखा गया है।

सार संक्षेप

श्री बालाजी धाम मेहंदीपुर जा रहे जत्थे में शामिल श्रद्धालु।

श्री बालाजी महाराज के दर्शन को जत्था हुआ रवाना

मिलक, अमृत विचार : श्री बालाजी दरबार समिति के महंत अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में 405 भक्त श्री बालाजी महाराज के दर्शन के लिए 5 बसों एवं ट्रने से सोमवर को रवाना हुए। मिलक से आदित्य गंगवार के नेतृत्व में एक बस से 50 दर्शनार्थी रवाना हुए। जबकि 4 बसें बरेली से जाएंगी। इसके अलावा रामपुर, बिलासपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, हापुड़ व गाजियाबाद से कुछ भक्त ट्रेनों से भी रवाना हुए हैं। समिति के महामंत्री आदेश शंखधार, अशोक बजरंगी, बृजपाल सिंह गंगवार एवं संजय रस्तोगी ने दर्शनार्थियों को तिलक लगाकर रवाना किया। महामंत्री ने बताया कि समिति द्वारा प्रति वर्ष पितृ पक्ष में 7 दिवसीय तथा दिसंबर, मार्च एवं जून में 3 दिवसीय जत्था जाता है। दिव्य धाम मेहंदीपुर श्री बालाजी महाराज का धाम है। जहां लाखों लोग अपने संकटों को लेकर प्रतिदिन आते हैं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष जमुना प्रसाद गंगवार, डॉ संजय रस्तोगी, निकेश रुहेला, विनय रुहेला, अभय शर्मा आदि मौजूद रहे।

स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

16वें स्थापना दिवस पर रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रामपुर, अमृत विचार : पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में सोमवार को विद्यालय का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के आयुष गौतम को हेड ब्वॉय, हर्षित को वाइस हेड ब्वॉय, भवनीत को हेड गर्ल तथा सुधि को वाइस हेड गर्ल चुना गया। विद्यालय के चार हाउस के लिए कैप्टन तथा वाइस कैप्टन भी चुने गए। इनमें हिना चंद्रा वीनस हाउस की कैप्टन और गुरदास वाइस कैप्टन, छाया जुपिटर हाउस की कैप्टन तथा अभिषेक वाइस कैप्टन, सावित्री अर्थ हाउस की कैप्टन तथा शुभ यादव वाइस कैप्टन, दीक्षा मार्स हाउस की कैप्टन तथा अत्यंत को वाइस कैप्टन चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय को विद्यार्थियों ने सुंदर ढंग से सजाया। विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह तथा एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर परमजीत कौर से केक भी कटवाया। इस अवसर पर सह प्रधानाचार्य अमित तथा स्कूल हेड्स में पूजा अरोरा और कुलदीप कौर समेत विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

बैठक में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता।

राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना 28 को कलेक्ट्रेट में करेगी भजन-कीर्तन

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भमरौआ मंदिर की काफी जमीन पर अराजक तत्वों ने कब्जा करके मदरसे का अवैध निर्माण करा लिया है। इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए 28 सितंबर को राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के समस्त पदाधिकारी जिला अधिकारी कार्यालय के सामने भजन-कीर्तन करने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देंगे। सिविल लाइन स्थित राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भमरौआ मंदिर में निर्माण कार्य चल रहा है। वहां कुछ लोगों ने मदरसा बनवाकर जमीन पर कब्जा कर लिया है। अधिकरियों को ज्ञापन के माध्यम से बताया जा चुका है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इस मौके पर मंडल प्रभारी वीरेंद्र सिंह, विपिन कुमार सिंह, आलोक अग्रवाल, गेंदन लाल सैनी, नीलम सक्सेना, मीना सैनी, धर्मेन्द्र गुप्ता, राम विहारी, राजीव जैन आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए चलेगा अभियान

अधिशासी अधिकारी से मिलते सभासद के पति।

टांडा, अमृत विचार : सोमवार को सभासद के पति मास्टर मोहम्मद सगीर व सभासद के पुत्र मोहम्मद रईस ने अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार से मुलाकात की। उन्होंने आवारा कुत्तों को पकड़ने के संबंध में वार्ता की। अधिशासी अधिकारी ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने का आश्वासन दिया है। नगर में आवारा कुत्ते बच्चों पर लगातार हमले कर रहे हैं। इससे नगर वासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मास्टर सगीर व मोहम्मद रईस ने ईओ से तत्काल आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने को कहा। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पालिका की हरियाणा और पंजाब के कुत्ता पकड़ने वाले विशेष दस्तों से बात चल रही है। ज्ञात रहे कि रविवार को आवारा कुत्तों ने एक बच्चे को हमला करके घायल कर दिया था।

वृद्धावस्था पेंशन के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धों के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से वृद्धावस्था पेंशन योजना चल रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने के लिए 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे वृद्ध पात्रता की श्रेणी में आते हैं जिनकी आय ग्रामीण क्षेत्रों में 46,080 और शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। वर्तमान में जिले के 47,297 लोग वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं। पेंशन योजना के तहत 1000 रुपये प्रति माह की दर से चार त्रैमासिक किश्तों में लाभार्थी के बैंक खाते में धनराशि भेजी जाती है। पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर निर्धारित पात्रता वाले बुजुर्ग जरूरी अभिलेखों के साथ आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन अथवा वृद्धावस्था पेंशन संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

आयुष विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष बनीं डॉ. मीनाक्षी

नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत करते चिकित्सक।

मिलक, अमृत विचार : आयुष विभाग में प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ उत्तर प्रदेश का दो वर्षीय चुनाव लखनऊ में हुआ। इसमें मिलक क्षेत्र के गुलड़िया के आयुर्वेदिक चिकित्सालय में तैनात डॉ. मीनाक्षी आर्य ने अपने प्रतिद्वंदी को करारी शिकस्त देते हुए उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया। प्रदेश के आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा संघ के 1067 डॉक्टरों ने चुनाव में प्रतिभाग किया था। देर शाम आए चुनाव परिणाम में डॉक्टर मीनाक्षी आर्य ने 714 मत हासिल कर उपाध्यक्ष पद अपने नाम कर लिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च!

एक ही अग्नि इस संसार में अदृश्य रूप से प्रवेश करते हुए जिस किसी वस्तु में प्रज्ज्वलित होती है और उसी के अनुरूप दृश्यमान होती है, उसी प्रकार सभी प्राणियों में विद्यमान परमात्मा एक होते हुए भी जिसमें प्रविष्ट होता है उसी के अनुसार रूप धारण कर लेता है और उनसे बाहर भी रहता है।(कठोपनिषद 2-5-9)

संपादकीय

बड़ा फैसला

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे इंटरनेट का 37 फीसदी पोर्नोग्राफी है और इसके बड़े हिस्से में बच्चों को शामिल किया गया है। बाल पोर्नोग्राफी से निपटने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कई नियामक दिशानिर्देशों की अनुशंसा कर चुका है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पोर्नोग्राफी और बच्चों एवं समाज पर इसके प्रभाव जैसे चिंताजनक मुद्दे पर अध्ययन के लिए गठित राज्यसभा की एडहॉक कमेटी ने 25 जनवरी, 2020 को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा को व्यापक बनाया जाए ताकि उसमें लिखित सामग्री और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल की जा सके जोकि नाबालिग के साथ यौन गतिविधि का समर्थन करती हो या उसे प्रदर्शित करती हो। कानून में 'यौन स्पष्टता' को भी परिभाषित किया जाए। कमेटी ने सुझाव दिया था कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो को बाल पोर्नोग्राफी के सभी मामलों को अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना चाहिए। इस संबंध में सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने एक बड़े फैसले में कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखना और उसे डाउनलोड करना अपराध है। न्यायालय का मानना है कि पॉक्सो कानून में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए 'बाल पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) लिखना सही होगा। क्योंकि बाल पोर्नोग्राफ़ी शब्द का प्रयोग अपराध को गौण बना सकता है।

पोर्नोग्राफ़ी को अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह फैसला सुनाया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 बी के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले से बाल पोर्नोग्राफी की मांग बढ़ेगी, लोग बच्चों को पोर्नोग्राफी में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उच्च न्यायालय के फैसले से तय हो गया है कि चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में अदालत ने जो निर्देश दिए हैं उनसे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। जरूरी है कि यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ कराई जानी चाहिए।

ऊर्जा क्षेत्र में करने होंगे नए प्रयोग

अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं।

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। वहीं देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है।

हालांकि सरकार की ओर से अल्पकालिक और दीर्घकालिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिहाज से 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, दुनिया में भारत

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14 .32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

एनर्जी ट्रांजिशन में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। यह उस विकास से स्पष्ट है, जो हमने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल किया है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर रोजगार उत्पादन की दृष्टि से भी उम्मीदें बंधाता हुआ नजर आ रहा है। पूरी दुनिया जहां जलवायु परिवर्तन के खतरे को रोकने के लिए इस क्षेत्र को विकसित करने में जुटी है, वहीं भारत जैसे विकासशील देश ने इस स्रोत के विकास में अच्छी सफलता हासिल की है। पिछले दस सालों में देश ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपनी क्षमता में पांच गुना बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को तय किया है।

वहीं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के लिहाज से चीन, ब्राजील और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में चौथे नंबर पर है। पूरे विश्व में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नियुक्त लोगों का 5.7 प्रतिशत भारत में है। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दस साल पहले तक सेक्टर ने भारत में चार लाख नौकरियां उत्पन्न की थीं। असल में भारत में एनर्जी सेक्टर में आगे काफी ग्रोथ की संभावनाएं हैं और इस सेक्टर में जाने के लिए छात्रों को कुछ खास कोर्स करने की जरूरत पड़ेगी। एनर्जी सेक्टर में बीटेक पावर, एमबीए ऑयल एंड गैस, एमए एनर्जी इकोनॉमिक्स, सोलर एनर्जी आदि से जुड़े कई कोर्स होते हैं, लेकिन आने वाले समय में सबसे ज्यादा संभावनाएं सोलर एनर्जी में है, इसलिए छात्रों को इसी कोर्स का चुनाव करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एनर्जी सेक्टर को रिवाइव करना जरूरी होगा।

वहीं देश में एलईडी बल्ब के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावना है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। यह बिजली बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के एक साल की जरूरत के बराबर है। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14.32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। 2022 तक भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाकर 175 गीगावाट कर चुकी है। इसमें 100 गीगावाट सोलर पावर और 60 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। वहीं भारत की कोल आधारित क्षमता 2040 तक 191 गीगावाट से बढ़कर 400 गीगावाट होने की संभावना है। हालांकि भारत लंबे समय से ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे ज्यादा भरोसा कोयले पर करता आया है, लेकिन पिछले दशक के मध्य से इसमें ग्रीन एनर्जी की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है।

मौजूदा समय में भारत की ऊर्जा पर निर्भरता दूसरे देशों पर ज्यादा है। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में नवीकरणीय ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसके लिए सोलर एनर्जी के क्षेत्र में सरकार की ओर से काफी काम किया जा रहा है। भारत ने साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित करना बड़ा लक्ष्य है। साल 2040 तक भारत की ओर से 15,820 टेरावाट आवर बिजली का उत्पादन नवीकरणीय स्रोत से करने का भी लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सोलर एनर्जी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कंपनियां सोलर एनर्जी की तरफ तेजी से काम कर रही हैं। इसकी वजह से इस सेक्टर की कंपनियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है।

देखा जाए तो देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा। देश में सौर, पवन और जल विद्युत जैसे ऊर्जा स्रोतों की अपार क्षमता मौजूद है। सरकार को प्रोत्साहन राशि और सब्सिडी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास को प्रेरित करना चाहिए।

असल में वैश्विक ऊर्जा संकट के समाधानों का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है। सबसे अच्छा विकल्प यह है कि गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर दुनिया की निर्भरता को खत्म किया जाए और समग्र संरक्षण प्रयासों में सुधार किया जाए। पीले बल्बों की जगह एलईडी बल्ब लगाएं। वे कम ऊर्जा की खपत करते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। अगर दुनिया में लाखों लोग आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एलईडी का उपयोग करते हैं, तो ऊर्जा की मांग कम होगी और संकट से बचा जा सकेगा। इसके अलावा, सौर पैनलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि जनता को अक्षय ऊर्जा विकल्पों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ज्यादा स्टार वाले उपकरण खरीदे जाने चाहिए, इससे बिजली की बचत होगी। वहीं बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। ऊर्जा दक्षता को लेकर लोगों को अभी भी जागरूक होने की दरकार है। इस तरह छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम बिजली की बचत कर सकेंगे।

प्रसंगवश

अव्यावहारिक मुद्दा

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश कर दी थी,जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने अंगीकार कर लिया है और संसद के शीतकालीन सत्र में इस हेतु विधेयक लाने पर सरकार विचार कर रही है। इस पर विपक्ष का एक बड़ा धड़ा विरोध कर रहा है और इसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की सत्ता पक्ष की चाल बता रहा है। वैसे भी यह काफी कुछ अव्यावहारिक लग रहा है और इसे लागू करना लोहे के चने चबाने के समतुल्य है। इसे कार्यान्वित करने हेतु 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी,जिसके लिए दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत की आवश्यकता होगी,जो सत्तारूढ़ गठबंधन के पास नहीं है। सरकार के सहयोगी दल जनता दल(यूनाइटेड)और तेलगू देशम् पार्टी भी अभी तक मौन धारण किए हैं। इन संशोधनों में कुछ को विधानसभाओं से भी पारित कराना होगा,जिनमें अनेक में विरोधी दलों की सरकारें हैं,वे इसमें रोड़े अटकाएंगी। आने वाले विधेयक का मसौदा तो अभी सामने नहीं है,किंतु कोविंद समिति की संस्तुतियां ही समस्या का सही और संपूर्ण निदान नहीं बता पा रही हैं। उदाहरणार्थ यदि बीच में कोई विधानसभा भंग हो जाए,तो समिति कहती है कि उसका चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए हो। यह क्या बात हुई? चुनाव तो बीच में हुआ ही;'फिर एक देश एक चुनाव'कैसे रह पाएगा? इसके अलावा यदि लोकसभा ही अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती है,तब क्या होगा? ऐसी कई परिस्थितियां हो सकती हैं। मिली जुली सरकार हो और सहयोगी समर्थन वापस ले लें;फिर कोई दल या गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में न हो। या सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कुछ दल सत्ता और विपक्ष दोनों से दूरी बना लें। दरअसल,देश के संघीय ढांचे के चलते एक देश एक चुनाव सम्भव नहीं हो पायेगा और संघीय ढॉचा बदला नहीं जा सकता क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने आदेशित कर रखा है कि कोई ऐसा संशोधन नहीं किया जा सकता है ,जिससे संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन हो जाय। इन परिस्थितियों में फिलहाल यह मुद्दा सिर्फ चर्चा में ही बने रहने की संभावना है।

जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मजबूत विपक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो।

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल का योगदान है? यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था,जो इस देश की अनन्य विरासत है। पहले इसकी व्याप्ति रोटी-बेटी तक सीमित थी। अब मतदान में भी इसका विस्तार हो गया है। जैसे अपनी ही जाति में रोटी-बेटी,वैसे अपनी ही जाति में मतदान। इस विस्तार में सभी दलों का समान योगदान है।

बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के, विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं। पता लगाएं कि महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा। पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिलेंगे ही,पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं? बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाके में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं। पता करिए इन सबकी प्रबंध समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है?

आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का हक हो गया है। महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है। बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर और अनन्य राष्ट्रभक्त, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में पड़ गए हैं तो क्या किया जाए!

एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी,अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना चाहेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है,वे कब तक और जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं। बात राजनीतिक दलों की हो रही थी। कई वर्षों के अंतराल के बाद कांग्रेस को अपने दम पर अधिकृत विपक्षी दल का तमगा मिल गया है। कुछ अच्छे माने जाने वाले सुधार,जो पहले असंभव लगते थे,साकार हो रहे हैं। कुछ बुरे माने जाने वाले सुधार,जो पहले संभव लगते थे,ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल जी खानदानी राजनीतिज्ञ हैं। अब वे अधिक गंभीर,आश्वस्त,जिम्मेदार और अधिक वाचाल भी हो गए हैं। प्रधानमंत्री के लिए अन्य पुरुष, एकवचन का व्याकरण सम्मत प्रयोग अधिक करने लगे हैं। हर मुद्दे की तरह व्याकरण के मुद्दे पर भी अधिक मजबूत हुए हैं।

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो। कांग्रेस में है और राहुल में है। सबसे बड़ी बात,वे सदन के अकेले गांधी हैं। इस संभावना को मूर्त करने के लिए कांग्रेस ने अन्य प्रमुख दलों के साथ हाथ मिला लिया है। यह समय की मांग है, सत्ताकामी राजनीति की जरूरत है। अन्य दलों की अवांछित महत्वाकांक्षा आड़े आ सकती है। उन्हें ऐसे मजबूत विपक्ष की संरचना के लिए तीन काम करना अनिवार्य है।

एक तो उनके कर्णधारों को अवांछित महत्वाकांक्षा से मुक्त रहकर,कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी के बजाय सहधर्मी दल मानकर उसका नेतृत्व दिल से और हर प्रांत में स्वीकार करना होगा। दूसरा जिन दलों में (उन्हीं की करतूतों के चलते) जातीय रुझान होने का तमगा लग चुका है,इस तमगे से मुक्ति के लिए प्रकट और विश्वसनीय प्रयास करने होंगे और तीसरा काम इनमें से जो क्षेत्रीय दल हैं, उन्हें अखिल भारतीय दृष्टि विकसित करनी होगी और अखिल भारतीय नीति और कार्यक्रम का खाका बनाना पड़ेगा। ये सभी प्रमुख दल कांग्रेस के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम बना सके तो इनका,कांग्रेस का और जनतंत्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। यक्ष प्रश्न है कि क्या ये ऐसा कर पाएंगे?

सोशल फोरम

हिंदी प्रदेशों का शिक्षित मध्यवर्ग

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

पश्चिम बंगाल में जूनियर डाक्टरों ने पिछले 10 अगस्त से एक जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है, जो पुलिस कमिश्नर, प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों को उनके पद से हटाए जाने और जूनियर डाक्टरों के काम पर लौटने के बाद भी अभी समाप्त नहीं हुआ है। कोलकाता इसका केंद्र है , जबकि देश के कई नगरों और विदेशों में भी इसकी प्रतिध्वनि सुनाई पड़ी है। हजारों-हजार नागरिकों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, कलाकारों ने 'रिक्लेम द नाइट' में मोबाइल टॉर्च लेकर जुलूस निकाला। दिन के जूलूस में गीत-संगीत तथा कई कलात्मक प्रयोग होते रहे। लोग बरसात में भीगते हुए रात-दिन डटे रहे, कहीं भी झुके नहीं। कोलकाता में 20 किलोमीटर लंबे शांतिपूर्ण जूलूस में लोगों ने जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरोध में आवाज उठाई। पिछले लगभग 40 दिनों से 'वी वांट जस्टिस' के केंद्रीय नारे के साथ पूरा आंदोलन बिना किसी राजनैतिक झंडे और घुसपैठ के चला। यह सब कोलकाता के लिए भी अभूतपूर्व है। मेरे मन में कुछ प्रश्न उठे : यह एक मध्यवर्गीय आंदोलन ही है और निश्चय ही इसके केंद्र में डाक्टरों के हित की मांगें हैं। इसका चरित्र दिल्ली- हरियाणा-पंजाब के पिछले किसान आंदोलन से भिन्न है। फिर भी जागरूक नागरिकों ने इसका साथ दिया, क्या इसे अभी भी मध्यवर्ग की अंतरात्मा के बचे होने, नागरिक बोध के बचे होने का लक्षण माना जा सकता है?

मध्यवर्ग केवल बंगाल में नहीं, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश आदि हिंदी क्षेत्रों में भी है। क्या वहां का मध्यवर्ग या शिक्षित नागरिक ऐसे किसी भी मुद्दे पर मिल-जुलकर इस तरह लंबे समय तक आंदोलन करने की स्थिति में हैं? और उनमें उच्च अधिकारियों को हटाने और किसी भी एक न्याय के लिए निरंतर लड़ने की ताकत है? यदि नहीं है तो क्यों नहीं है?

जूनियर डाक्टर के आंदोलन के मुद्दों में चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक दुर्नीति और नर्सिंग होम, बड़े अस्पतालों में मनमानी लूट के मुद्दे शामिल नहीं हैं और मांगें उनकी सुरक्षा तक सीमित है। यह उनके आंदोलन की सीमा है।

-फेसबुक वॉल से

एक देश, एक चुनाव के मायने

अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

पांच साल में प्रत्येक ढाई साल के अंतराल में एक बार केंद्र के लिए और एक बार राज्य के लिए होने चाहिए देश के चुनाव। मोदी सरकार ने इच्छा शक्ति के साथ एक देश-एक चुनाव का फैसला कर लिया। देश की आजादी के वक्त केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही हुए थे। किंतु राजनितिक कारणों से उत्पन्न विभिन्न मध्यावधि चुनावों के चलते विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार के समय में अंतर आने लगा। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक मंचों से इस बात को कई बार दोहराया है कि बार -बार चुनाव होने की वजह से देश के विकास में बाधा आती है।

हमारे देश में चुनाव पांच साल में होता है। अमेरिका आदि देशों में यह समय 4 वर्ष का है। भारत में पांच साल के बीच कोई चुनाव ना होने का अर्थ है सत्ता की निरकुंशता। पांच साल तक जो मन चाहे करने का लाइसेंस। बीच -बीच में होने वाले चुनाव केंद्र सरकार को अलोकप्रिय निर्णय लेने से रोकती है और तानाशाही रवैये पर भी लगाम कसती है। आज जो पार्टी सत्ता में है, कभी उसको भी विपक्ष में बैठना पड़ जाए तो इस सत्य का अनुभव उसको भी होगा कि जब देश में राज्य और केंद्र में एक साथ चुनाव होते थे तो अधिकतर सभी राज्यों और केन्द्र में एक ही पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतते थे। राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी का वर्चस्व था।

राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने पर केन्द्रीय मुद्दे राज्य की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं एवं राज्य स्तर के क्षेत्रीय मुद्दे केंद्र की राजनीति को। ऐसा बहुत कम होने की संभावना रहेगी कि एक ही समय में एक आम मतदाता लोकसभा में किसी और एवं विधानसभा में किसी और पार्टी के लिए वोट करेगा। आम मतदाता का मन किसी समय में भाजपाई तो किसी समय में कांग्रेसी /समाजवादी तो हो सकता है किंतु एक ही समय में एक साथ केंद्र में भाजपाई और राज्य में कांग्रेसी /सपाई नहीं होगा।

कभी- कभी किसी विशेष लहर (धार्मिक, सामाजिक, सहानुभूति या अन्य) के सहारे एक ही पार्टी या विचारधारा का राज्यों और केंद्र में बहुमत आ सकता है। इस प्रकार विविधताओं वाले देश में एक ही विचार के हावी होने का खतरा है। उदाहरण स्वरूप यदि हम 2024 के लोकसभा चुनाव को साक्ष्य रखते हुए बात करें तो इस बार यूपी में लहर समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के पक्ष में रहीं। अब यदि लोकसभा के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव भी हो गए होते तो केंद्र में मोदी सरकार तो यथावत रहती, योगी जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को खतरा हो जाता। अब यूपी में कम हुई सीटों से यदि उत्तर प्रदेश सरकार सीख ले तो 2027 में फिर से बहुमत हासिल कर लेगी। इसी प्रकार 2014 में मोदी लहर के चलते यूपी की सभी सीटों पर भाजपा ने विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया। यदि 2014 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए होते तो अखिलेश सरकार 2017 तक नहीं चल पाती। राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने के समय मे विधायक प्रत्याशी अपने और सांसद प्रत्याशी प्राथमिक तौर पर अपने चुनाव जीतने के लिए ही कार्य करते दिखाई देंगे। यदि सरकार एक साथ चुनाव चाहती है तो उसे वन नेशन वन इलेक्शन नहीं, वन नेशन टू इलेक्शन के सिद्धांत पर कार्य करना होगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराएं और लोकसभा की सभी सीटों के लिए एक साथ। और दोनों चुनावों के बीच में ढाई साल का अंतराल होना चाहिए। इस प्रकार राज्य विधानसभाओं के होने वाले चुनाव केंद्र सरकार की ढाई साल की कार्य का परीक्षण जैसा होगा। जिस प्रकार क्रिकेट में वर्ल्ड कप और मिनी वर्ल्ड कप (चैंपियंस ट्राफी) होती है, ठीक उसी तर्ज पर। इस प्रकार की व्यवस्था से जनता के बाद हर ढाई साल में (पहले लोकसभा फिर विधानसभा) के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने का एवं उस पर अपने निर्णय सुनाने का अधिकार होगा।

शुद्धता - एक दिवास्वप्न

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

अभी तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में प्रयुक्त घी की शुद्धता पर धमाचौकड़ी मची हुई है, परिणाम का पता बाद में चलेगा क्योंकि अभी कुछ गुजरात की प्रयोगशाला पर प्रश्न कर रहे हैं, तो कुछ मुख्यमंत्री नायडू की अपने पूर्व मुख्यमंत्री से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता देख रहे हैं।

आज मैं मसालों की बात करता हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं केरल के कोच्चि शहर गया था। मसाले उत्पादन में केरल सैकड़ों वर्ष से प्रसिद्ध था। अरब और यूरोपीय व्यापारी मसाले के लालच में मध्य काल से केरल से व्यापार कर रहे थे। मैं कोच्चि के मसाला बाजार की एक दुकान में गया तो मसालों की सुगंध से ही मन भर गया। मेरी पहले लौंग के बोरे पर दृष्टि गई,तो उसमें रखी लौंग का आकार देख हतप्रभ रह गया। सुडौल और उससे निकलने वाली महक से मैं मंत्रमुग्ध हो गया। पूछने पर दुकानदार ने बताया कि हमारे उत्तर प्रदेश आदि में जो लौंग मिलती है, वह लौंग से तेल निकालने के बाद वाली लौंग है, इसीलिए वह सूखी व कम महक वाली होती है। लौंग के तेल का उपयोग चिकित्सीय कार्यों में होता है। यही हाल वहां पैदा होने वाले अन्य मसालों इलायची, काली मिर्च, जायफल आदि का होता है। मैं वहां से थोड़ा मसाले दैनिक उपयोग के लिए घर लाया और अब हम मसाले वहीं से कोरियर से मंगाते हैं। गुणवत्ता के कारण यह मसाले सब्जी या मांसाहारी खाने में कम मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं तथा अब यहां मिलने वाले मसाले कम अच्छे लगते हैं। वहां के शुद्ध मसाले सालों पड़े रहने पर खराब नहीं होते।

फसलों में प्रयुक्त होने वाले रसायनों, कीटनाशकों से फसल के साथ वहां की मिट्टी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लौकी का आकार बढ़ाने हेतु, गाय भैंस का दूध बढ़ाने हेतु उनमें इंजेक्शन से दवा पहुंचाई जाती है। बैंगन में तो इतनी जहरीली दवा का छिड़काव होता है कि हमने बाजार का बैंगन खाना ही छोड़ दिया। आम हो या सेब, कीटनाशक दवा तो पड़ती ही है जिससे फल सुरक्षित रहें।अब तो आंवला की बाग में भी कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा है। पेड़ों व जमीन पर पड़े रसायन एवं विष पानी के रास्ते जमीन के भीतर एकत्रित जल तक जाकर उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

मैं 12-15 वर्ष का था, घर के किसी आयोजन के लिए दूध खरीद कर लाने हेतु पिताजी ने एक यादव को लगाया। जब यादव जी दूधिया के घर गए तो उसने शुद्ध दूध का रेट तीन रुपए प्रति लीटर बताया,ज बकि तब 2.50 रुपए का रेट था। यादव जी ने कहा, ठीक है लेकिन दूध शुद्ध हो। वह शुद्ध दूध के लिए 3.50 रुपए का रेट लगाया। यादव जी के अपने सामने ही दूध दुहाने की बात करने पर वह 3.75 रुपए प्रति लीटर का रेट बताया। जब रेट के इतना बढ़ने की बात यादव ने की तो उसने शुद्धता के साथ रेट बढ़ना बताया। बाजार में जब हम सस्ता सामान लेंगे तो शुद्धता से समझौता करना ही पड़ेगा। अधिक दाम देने पर भी शुद्धता की गारंटी नहीं है। यह मिलावट और प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है, इससे खाद्य,जल,वायु सभी प्रभावित हो रहे हैं। इसका हल फिलहाल दिख नहीं रहा है।

काम का दबाव

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

काम के दवाब में एक युवा चार्टेड एकाउंटेड की कार्डियक अटैक से असामयिक मृत्यु देश के सफेद कालर वालों के लिए दिल को छू देने वाली घटना है। इसने पूंजवादी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और मानवता की ओर गंभीर चिंतन पर अपना ध्यान खींचा है। हमारे नीति निर्धारक जो पूंजीवाद पर आधारित नीतियों के पोषक हैं उनके द्वारा सामाजिक दृष्टिकोण भुला दिया गया है।

केरल निवासी एक होनहार 26 वर्षीय अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की अस्वभाविक मृत्यु ने आधुनिक कार्य संस्कृति के बारे में एक महत्वपूर्ण चर्चा को प्रज्ज्वलित कर दिया है, उसकी मां ने नियोक्ता कंपनी के चेयरमैन राजीव मेनानी को लिखे पत्र में नौकरी के कार्य दवाब को इस मृत्यु से जोड़ा है।

इस त्रासदी भरी खबर का दो महीने बाद सामने आना,और उस पर प्रतिक्रिया ने अचंभित किया है।

क्या हम कर्मचारियों के काम के संकट के सकेतों को समझने और उन पर कारवाई करने में बहुत धीमे है? कंपनी ने घटना पर अपना दुख तो जाहिर किया है। परंतु अंतिम संस्कार में संस्थान के लोगों के शामिल न होने ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है, जबकि इस कंपनी में एक लाख कर्मचारी है।

एक नजर

युवाओं ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

बहजोई, अमृत विचार : ग्राम पंचायत आनंदपुर में ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गांव के युवाओं ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गांव में सर्वप्रथम साफ-सफाई की। गांव को स्वच्छ बनाने में ग्रामीणों को आगे आने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान ने कहा कि सभी को अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। क्योंकि गांव में सफाई होगी तो वातावरण स्वच्छ रहेगा।

रोडवेज बस की टक्कर से बालक सहित पांच घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव भारतल निवासी चालक सुहैब सोमवार को गांव के ही शबी, नबाब अली की पत्नी हसरत, नजरे आलम की पत्नी रोशनी व उसके दो वर्ष के बेटे हैदर को ई रिक्शा में बैठाकर संभल आ रहा था। खग्गूपुरा के पास पीछे से आ रही रोडवेज बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इस हादसे में सुहैब, शबी, हसरत, रोशनी व हैदर घायल हो गए। मार्ग से गुजर रहे बाइक सवारों ने पीछा कर रोडवेज बस को चालक सहित संभल के मुहल्ला चौधरी सराय चौराहे पर पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

ई रिक्शा पलटा, चालक सहित दो घायल

संभल, अमृत विचार : मोहल्ला कोटगर्वी निवासी चालक शरीफ सोमवार को सवारी बैठाकर ई रिक्शा से संभल चंदौसी मार्ग पर गांव टांडा की ओर जा रहे थे। भवानीपुर पुल के पास रस्सी खुलकर अचानक से शरीफ के गले पर आ गई। अनियंत्रित होकर ई रिक्शा संभल चंदौसी मार्ग के किनारे पलट गया। ई रिक्शा के नीचे दबकर अमरोहा जिले की तहसील हसनपुर निवासी अजीम व शरीफ घायल हो गए।

नाले में पड़े छुट्टा पशु को बाहर निकाला

संभल, अमृत विचार : संभल मुरादाबाद मार्ग पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के नजदीक स्थित विशाल मेगावाट के पास रविवार की देर रात छुट्टा पशु नाले में गिर गया। किसी को दिखाई नहीं देने की वजह से छुट्टा पशु सारी रात नाले में पड़ा रहा। सोमवार को आसपास के लोगों ने नाले में छुट्टा पशु को पड़ा देखकर नगरपालिका कर्मचारियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर नगरपालिका कर्मचारी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और रस्सी बांधकर छुट्टा पशु को नाले से बाहर निकाला।

प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराई मंदिर की भूमि

शहर में राधा-कृष्ण मंदिर की 200 वर्ग मीटर भूमि पर बनी थीं तीन दुकानें और गोदाम

कार्यालय संवाददाता, संभल

संभल में मंदिर की भूमि पर किये गये निर्माण को ध्वस्त करता बुलडोजर।

संभल में कार्रवाई के दौरान मौजूद एसडीएम विनय मिश्रा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में बहजोई मार्ग पर प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। डीएम के निर्देश पर एसडीएम और सरकारी अमले ने मौके पर पहुंचकर राधा-कृष्ण मंदिर के पीछे कब्जा कर बनाए गए गोदाम को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। गोदाम से करीब 20 बाइकें कब्जें ली गईं। तीन दुकानों को भी खाली कराते हुए कब्जे में लेने की कार्रवाई की। कब्रिस्तान की भूमि पर आटो पार्ट्स के गैरेज को भी खाली कराने का काम हुआ। प्रशासन की इस कार्रवाई से दिनभर खलबली का माहौल रहा।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने सोमवार को सुबह बहजोई मार्ग पर सक्सेना अस्पताल के सामने राधा-कृष्ण मंदिर पर पहुंचे। मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। जिसके बाद एसडीएम

● जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम और सरकारी अमले ने चलवाया बुलडोजर

विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर, नगर पालिका की टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एसडीएम ने अभिलेखों को देखा तो उसमें मंदिर की करीब 200 वर्ग मीटर भूमि की जानकारी मिली। मौके पर मंदिर के दोनों तरफ गेट लगाकर अंदर गोदामनुमा हाल मिला। जिसके ऊपर टिने शेड था। यहां करीब 20 बाइकें भी खड़ी थीं। एसडीएम के निर्देश पर बाइकों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया। यहां बनी तीन दुकानों में बाइकों की खरीद फरोख्त के साथ ही पार्ट्स का काम भी होता था। एसडीएम के निर्देश पर मंदिर के पीछे गोदाम को बुलडोजर ने तोड़ने का काम शुरू कर दिया। नगर पालिका की टीम मलबे को कब्जे में लेती रही। वहीं लोगों ने दुकानों को खुद ही खाली करना शुरू किया। एसडीएम विनय मिश्रा ने बताया कि मंदिर के परिक्रमा मार्ग को घेरकर लोगों द्वारा टिन शेड डालने की जानकारी मिली थी। मौके पर अस्थाई निर्माण और दुकानें बनी मिलीं। तत्काल रूप से टिन शेड हटवा दिया गया है। लोगों को दुकानों से संबंधित अभिलेख लेकर बुलाया गया है। वहीं जिला अस्पताल के पास भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार टीम के साथ पहुंचे। बताया गया कि यहां कब्रिस्तान की भूमि में आटो पार्टस का गोदाम बना है। इस पर से भी कब्जा हटवाया जाना है। अधिकारियों के पहुंचने के बाद लोगों ने गोदाम से पार्टस निकालने का काम शुरू कर दिया।

महिला को फल देकर शिविर का शुभारंभ करते भाजपा नेता राजेश सिंघल।

भाजपा शासन में सभी को मिल रहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत सीएचसी संभल पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 450 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संभल पर स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल और सीएमओ डॉ. तरुण पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। भाजपा नेता राजेश सिंघल ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। शिविर में डॉक्टरों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें 450 मरीजों को देखकर दवा दी गई। इनमें 260 बुजुर्ग मरीज शामिल रहे। ज्यादातर मरीज बुखार, खांसी आदि से पीड़ित थे। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मनीष अरोड़ा, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ.सचिन गौतम, सोमपाल सिंह, पारस रस्तोगी, अभिषेक कुमार और सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

धांधली पर पूर्व व वर्तमान ग्राम प्रधान को नोटिस

बहजोई/संभल, अमृत विचार : व्यक्तिगत शौचालय निर्माण व विकास कार्यों में धांधली को लेकर मौजूदा प्रधान व पूर्व प्रधान को डीएम ने नोटिस जारी किया है। 15 दिन में नोटिस का जवाब न देने पर डीएम ने कार्रवाई की चेतावनी दी है।

विकासखंड पावसा की ग्राम पंचायत साकिन शोभापुर मनुजबता की वर्तमान ग्राम प्रधान नरेश देवी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के के तहत मनरेगा के कार्य कराए थे। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कमेटी ने जांच की तो पता चला कि 1 लाख 53हजार 655 रुपए की धनराशि का प्रधान ने दुरुपयोग किया। इसको लेकर डीएम ने प्रधान को नोटिस जारी किया है। पंचायत व सचिव तकनीकी सहायक को भी जांच में दोषी पाया गया है। सभी को 15 दिन में जवाब न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वहीं पूर्व प्रधान रजनी के कार्यकाल में गांव में 346 शौचालय में से 249 की धनराशि निकल गई थी जिसमें 69 शौचालय को ही मौके पर पाया गया।

सौतेले पिता ने किशोरी से एक साल तक किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने सौतेले पिता पर एक साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि एक युवक जनपद बुलंदशहर के पास ईंट भट्ठे पर काम करने वाली उसकी मां व उसे 7 साल पहले अपने साथ ले आया था। 9 वर्षीय किशोरी का कहना है कि करीब एक वर्ष पहले उसकी मां बिना बताए कहीं चली गई। किशोरी का आरोप है कि मां के जाने के बाद सौतेला पिता किशोरी को डरा धमकाकर एक साल से दुष्कर्म करता आ रहा है। पिता की हरकतों से परेशान होकर किशोरी ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि किशोरी अपने सौतेले पिता के पास रहना नहीं चाहती है। किशोरी सौतेले पिता के चाचा के पास रह रही है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

सौतेले पिता व किशोरी का ऑडियो वायरल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : सौतेले पिता और किशोरी की बातचीत का एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है। ऑडियो में सौतेला पिता किशोरी को अपनी पत्नी बनाकर रखने का दबाव बना रहा है। किशोरी पर गंभीर आरोप भी लगा रहा है। किशोरी की शादी को लेकर भी जिक्र हो रहा है। ऑडियो में थाना क्षेत्र की एक चौकी को लेकर भी बातचीत हो रही है। किशोरी सौतेले पिता से कह रही है कि चौकी में पुलिस के सामने माफी मांग रहा था। जिसके बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। चौकी में पंचायत भी हुई थी। अब किशोरी को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

खराब हुई धान की फसल का सर्वे कराकर दिया जाए मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बहजोई में एडीएम प्रदीप वर्मा को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने समस्या समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीतू रानी को सौंपा।

जिसमें कहा गया है कि देवीय आपदाओं व खराब मौसम के चलते किसानों की फसलों को हर मौसम में गेहूं, धान आदि की फसलों पर भारी असर पड़ रहा है। जिसमें किसानों की हर फसल बर्बाद हो रही है। जिससे किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। अब किसान मजबूर होकर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। जिससे देश में खाद्यान्न की कमी हो सकती है। इसलिए क्षतिग्रस्त धान की फसल का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों के निजी नलकूपों के बिल माफ कर मीटर लगाने बंद किए जाए। मंडियों में धान की बिक्री के समय ट्रैक्टर-ट्राली को आने व जाने के लिए अलग-अलग रास्ता बनाया जाए। जिससे जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके। सभी छुट्टा पशुओं को पकड़ने को प्रशासन को सख्त निर्देश दिए जाए, ताकि किसानों की फसलें बर्बाद होने से बच सके। प्रदेश के हर गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाए। जनपद के शहर चन्दौसी में प्रसव को ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश की सभी छोटी बड़ी ग्राम पंचायतों में गोशालाओं का निर्माण कराया जाए। शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं होने पर समिति पदाधिकारियों ने आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा, रामप्रसाद, राहुल कश्यप, संजीव कुमार, सूर्य प्रताप, दिनेश, सुदेश तोमर आदि मौजूद रहे।

समस्याओं को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

बहजोई, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली से जुड़े किसानों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपकर बारिश के कारण फसलों के नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रदीप वर्मा को सौंप कर कहा कि पूरे प्रदेश में हो रही बारिश के कारण खरीफ की फसलों में भारी नुकसान हुआ है। फसलों में बीमारी की मार किसान झेल रहा है। जल्द से जल्द सर्वे कराकर शीघ्र ही फसलों की मुआवजा राशि दिलवाई जाए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों पर पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। उर्वरक वितरण में धांधली की जा रही है। जिसकी वजह से किसानों की भारी भीड़ रहती है। ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

कीटनाशक पीने से कक्षा 8 के छात्र की जान गई

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार: कैलादेवी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का 14 वर्षीय बेटा थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर में स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा आठ के छात्र को पिता ने छात्र को डांट दिया था।

पिता के डांटने के बाद छात्र पशुओं के लिए चारा लेने अपने साथियों के साथ खेत पर चला गया। पिता की डांटने से नाराज छात्र ने नलकूप की कोठरी में रखा कीटनाशक पी लिया था। कीटनाशक पीने के बाद छात्र की हालत बिगड़ने लगी। छात्र के साथियों ने कीटनाशक पीने की जानकारी उसके पिता को दी। आनन फानन में परिजन छात्र को उपचार के लिए संभल लेकर आ गए। हालत गंभीर होने पर छात्र को दिल्ली रेफर किया गया। रविवार को उपचार के दौरान दिल्ली के अस्पताल में छात्र की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

किल्लत 20 दिनों से नहीं एनपीके खाद, आलू की फसल की बोआई नहीं कर पा रहे किसान

खाद को सहकारी समितियों के चक्कर लगा रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, संभल

संभल के चौधरी सराय सहकारी समिति कार्यालय पर पसरा सन्नाटा।

अमृत विचार : क्षेत्र के किसान एनपीके खाद नहीं मिलने के कारण परेशान हैं। किसान खाद की उम्मीद में सहकारी समितियों और इफको किसान सेवा केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं ,लेकिन बैरंग लौटना पड़ रहा है। हालांकि जिम्मेदारों ने एक दो दिन में खाद की आवक होने की उम्मीद जताई है लेकिन वर्तमान में तमाम किसान आलू की बोआई नहीं कर पा रहे हैं।

तमाम किसानों ने बड़ी उम्मीदों के साथ आलू को बोने की तैयारी की लेकिन अब एनपीके खाद की किल्लत सामने आ रही है। आलम यह है कि किसान सुबह उठने के बाद इफको किसान सेवा केंद्र और सहकारी समितियों के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन एनपीके खाद नहीं मिल रहा है। संभल मंडी समिति में स्थित इफको किसान सेवा केंद्र पर 15 दिनों से खाद नहीं है। वहीं आदमपुर मार्ग पर स्थित सहकारी समिति रुकनुद्दीन सराय, मियां सराय और रसूलपुर धतरा पर करीब 20 दिनों से खाद नहीं आया है। ऐसे में तमाम किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समिति पर मौजूद गांव कैमा के किसान राकेश और योगेंद्र ने कहा कि कई दिनों से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल रहा है । इफको किसान सेवा केंद्र के प्रभारी राजेश चौधरी ने कहा कि 15 दिनों से एनपीके खाद नहीं है। जल्द ही केंद्र पर खाद की उपलब्ध होने की उम्मीद है।

समितियों में खाद उपलब्ध कराने की मांग

बहजोई, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक से जुड़े पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों को सहकारी समितियां पर खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष शंकर सिंह यादव के नेतृत्व में डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंप कर कहा कि किसान रबी की फसल बोने के लिए तैयारी कर रहा है। लेकिन सहकारी समितियां पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। गन्ने के राज्य परामर्शीय मूल्य लागत एवं अन्य को आधार मानते हुए 450 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए। जल जीवन मिशन द्वारा ग्राम पंचायत में तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत नहीं कराई जाए।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी।

फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसान संघ का प्रदर्शन

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : भारतीय किसान संघ से जुड़े किसानों ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर बारिश के कारण जनपद में खराब हुई फसलों के नुकसान की भरपाई करने के लिए मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कहा कि जनपद में भारी वर्षा होने के कारण किसानों की फसल को भारी नुकसान होने के साथ-साथ पशु हानि व जनहानि भी हुई है। अधिकतर किसानों की फसल बर्बाद भी हो गई है। इसकी क्षतिपूर्ति आकलन के लिए शीघ्र ही सर्वे कराया जाए। जिससे किसानों को उचित मुआवजा सरकार द्वारा दिलाया जाए। इस दौरान महिपाल सिंह, भूपेंद्र सारस्वत, मनदीप सिंह, कमल सिंह आदि रहे।

सार-संक्षेप

परिवार कल्याण कार्यक्रम को गति देने की कवायद

कार्यशाला को संबोधित करतीं वक्ता।

संभल, अमृत विचार : जिला अस्पताल में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) के सहयोग से अभिमुखीकरण कार्यशाला में सीएमएस डॉ.राजेंद्र सिंह ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में परिवार कल्याण कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने के हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने परिवार नियोजन सेवाओं की रिपोर्ट भी समय से हेल्थ मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही। कार्यशाला में सर्जन डॉ. राजेश कुमार ने परिवार नियोजन सेवाओं को और बेहतर बनाने के अहम सुझाव दिए। जिसमें स्थाई व अस्थाई गर्भ निरोधक साधनों को बढ़ावा देने के लिए काउंसलिंग पर जोर दिया। पीएसआई इंडिया की मैनेजर प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन डॉ. गीतिका ने जिले में चल रहे परिवार नियोजन कार्यक्रमों के बारे में बताया। डॉ. स्वाति रस्तोगी और डॉ. आंचल मल्होत्रा ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने व प्रसव पश्चात गर्भ निरोधक सेवाओं को प्रदान करने के बारे में बताया। जिला नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश शर्मा ने परिवार नियोजन कार्यक्रम में आशा, एएनएम व स्टाफ नर्स की जिम्मेदारी निर्धारित किये जाने पर जोर दिया।

सीएमओ ने जिला अस्पताल में लिया जायजा

संभल, अमृत विचार : सीएमओ डॉ.तरुण पाठक ने सोमवार को जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को देखा। सीएमओ ने ओपीडी का जायजा लेकर एसएनसीयू को देखा। जहां भर्ती बच्चों के इलाज के बारे में जानकारी ली। किस बीमारी से पीड़ित बच्चे का इलाज किस तरह किया जा रहा है, इस बारे में पूछा। सीएमओ ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसे लेकर पूरी गंभीरता के साथ काम किया जाए। इस दौरान सीएमएस डॉ.राजेंद्र सैनी, डॉ.जया कौशल आदि रहे।

संभल के एमजीएम कॉलेज में सफाई करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कॉलेज परिसर में झाड़ू लगाकर किया श्रमदान

संभल, अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुड़े नए छात्र-छात्राओं का माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसके बाद युवा खेल मंत्रालय केंद्र सरकार के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों और सेविकाओं व कार्यक्रम अधिकारी ने कॉलेज परिसर में श्रमदान किया। सभी ने झाड़ू लगाकर लोगों को भी स्वच्छता के लिए जागरूक किया। प्राचार्य डॉ.योगेंद्र सिंह ने स्वच्छता कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए लोगों से भी इस अभियान में हिस्सा लेने का आह्वान किया।

बबराला में लोगों को सम्मानित करते क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

परोपकार सप्ताह के उपलक्ष्य में किया सम्मानित

बबराला, अमृत विचार : जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बबराला के तत्वावधान में परोपकार सप्ताह के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर के गुन्नौर रोड स्थित एक आई केयर सेंटर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगाराम यादव, रामवीर सिंह यादव, चंद्रावती देवी, रविन्द्र यादव, जगदीश वाष्णेय, पुरेन्द्र शर्मा, रतनसिंह आदि को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बबराला के अध्यक्ष डा. कैलाश वार्ष्णेय, सचिव डा. राहुल यादव, कोषाध्यक्ष डिम्पल वार्ष्णेय, नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय, डा. एनपी यादव, डा. रिजवान अहमद, अनिल गुप्ता, डिम्पल वार्ष्णेय, प्रभाव किशन, अनीश यादव, राशिद, रंजीत, योगेन्द्र, सबीर, कपिल, गुंजन, अरविन्द आदि मौजूद रहे।

बहजोई में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

शिविर में 300 छात्र-छात्राओं का किया नेत्र परीक्षण

बहजोई, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला उन्नति के तत्वावधान में चल रहे जायंट्स सेवा सप्ताह के छठे दिन नेत्र परीक्षण शिविर में बच्चों की आंखों का परीक्षण कर चिकित्सक ने आंखों को सुरक्षित रखने के टिप्स दिए। कृष्ण मुरारी मनोरमा अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल व अध्यक्ष अनुपम अग्रवाल ने फीता काटकर किया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रणव पाठक ने छात्रों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आंखों को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि आंखों को सुरक्षित करने के लिए हमेशा दिन में दो से तीन बार आंखों को धोना चाहिए। अच्छा कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

संभल में युवतियों को सेनेटरी पैड वितरित करती संगठन की महिलाएं।

जायंट्स ग्रुप की महिलाओं ने टीबी रोगियों को लिया गोद

संभल, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप ऑफ संभल सिटी के द्वारा चलाए जा रहा सेवा सप्ताह के अंतिम दिन टीबी के मरीजों को गोद लिया गया। इसके साथ ही युवतियों को सेहत के प्रति जागरूक कर सेनेटरी पैड वितरित किये गये। जिला अस्पताल में समिति की महिलाओं ने ग्रुप की अध्यक्ष नीरू चाहल के साथ मिलकर टीबी के मरीजों को गोद लेकर फल वितरित किये। समिति की अध्यक्ष नीरू चाहल ने बताया कि जायंट्स ग्रुप ऑफ संभल सिटी की महिलाएं गोद लिए गए रोगियों की सेवा में जुटी रहेंगी जब तक मरीज बिल्कुल ठीक नहीं होते समिति सेवा करती रहेगी। दवा और फल समय समय उनके घर पहुंचते रहेंगे। टीबी मरीजों के साथ दवा लेने आई युवतियों को सेहत के प्रति जागरूक किया गया। संगठन की ओर से उन्हें सेनेटरी पेड़ वितरित किए गए।

एक नजर

आग की चपेट में आकर तीन बालक झुलसे

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव खगूपुरा निवासी बलेश अपने खाली जगह में सोमवार देर शाम कूड़ा जला रहे थे। पास में ही पड़ोसी धर्मेंद्र का 6 वर्षीय बेटा अरस्तु व राहुल का 5 वर्षीय बेटा आयुष और राजीव की ढाई वर्षीय बेटी छवि खेल रहे थे। आरोप है कि मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने जलती हुई आग में ईंट फेंक दी। जिसकी वजह से तीनों बालक झुलस गए। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। तहरीर मिलने पर पुलिस ने तीनों का मेडिकल कराया।

छुट्टा पशु से टकराई बाइक, चालक घायल

संभल/जुनावई, अमृत विचार : कासगंज जिले के गांव पचोलिन निवासी भुलवेंद्र सोमवार को बाइक पर सवार होकर जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं मेरठ मार्ग पर जा रहा था। जुनावई पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही भुलवेंद्र की बाइक के आगे छुट्टा पशु आ गया। जिससे बाइक पशु से टकरा गई और भुलवेंद्र घायल हो गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर भुलवेंद्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

1.80 हजार की लूट का मामला निकला झूठा

संभल, अमृत विचार : संभल मुरादाबाद मार्ग पर गांव फिरोजपुर पुल के पास नशा सुंघाकर 1,80 हजार रुपये लूट की झूठी सूचना देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धनारी थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ निवासी अजमत ने रविवार की सुबह दस बजे फिरोजपुर पुल के पास बाइक पर सवार होकर तीन नकाबपोश बदमाशों के द्वारा नशा सुंघा कर नकदी लूटने की सूचना पुलिस को दी थी। अजमत के होश में आने पर पुलिस देर शाम पूछताछ की तो लूट का मामला झूठा निकला।

छात्राओं को स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता पखवाड़े के तहत छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इसके बाद छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। कार्यक्रम में नगर पालिका की सेनेटरी इंस्पेक्टर प्रियंका सिंह ने बताया कि हम किस तरह मिल कर भारत को कूड़ा मुक्त कर सकते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने हम अपने घर के कूड़े को डस्टबिन में डाले और नगर पालिका के डोर टू डोर कूड़े कलेक्शन वाहन में घर के कूड़े के डाल दें।

गोद से शिशु को छीन ले गया जानवर

दीवार फांदते समय छिटककर गिरा, बच्चा मामूली रूप से चोटिल, वन विभाग की टीम पहुंची

कार्यालय संवादादता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

दादी कुसम की गोद में दो माह का प्रियांश।

गांव के विद्युत पोल पर कैमरा लगवाती वन विभाग की टीम।

अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास के मझरा मिलक में रविवार की रात तीन बजे जंगली जानवर दादी की गोद से दो माह के शिशु को मुंह में दबाकर ले गया लेकिन मकान की दीवार फांदते समय बच्चा जानवर के मुंह से छिटक गया। शोर शराबा होने पर जानवर भाग गया। जबकि बच्चा मामूली रूप से चोटिल हो गया। घटना से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम ग्रामीण के घर पहुंची और गांव में सीसीटीवी कैमरा लगाया है।

रविवार की रात गांव दियौरा खास के मझरा मिलक निवासी महिला कुसम पत्नी रामवीर यादव घर के बरामदे में अपने दो माह के पौत्र प्रियांश पुत्र राहुल के साथ सो रही थी। प्रियांश की मां विनीता और अन्य परिजन भी आसपास सोए थे। रात तीन बजे बच्चा रोने लगा तो दादी उसे गोद में लेकर चुप करा रही थी। तभी अचानक जंगली जानवर घर की दीवार फांद आया और महिला की गोद से बच्चे को छीन लिया और मुंह में दबाकर ले जाने लगा। महिला शोर मचाते हुए जानवर के पीछे-दौड़ी। आनन-फानन में जानवर ने मकान की दीवार फांदने का प्रयास किया।

इस बीच बच्चा जंगली जानवर के मुंहसे छिटक कर गिर गया, जिसे महिला ने उठा लिया। तब तक घर के लोग जाग गए और मौके पर पहुंचे। मां विनीता ने बच्चे के शरीर पर देखा तो मामूली चोट आई थी। इससे पहले रात ढ़ाई बजे जंगली जानवर गांव में रामनिवास के घर में घुसा था। ग्रामीण ने जब उसे देखा तो पत्थर मार भगा दिया। घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। महिला कुसमा ने बताया कि जंगली जानवर का मुंह बड़ा था और शरीर कुत्ते जैसा था। ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार की दोपहर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और रामवीर यादव से घटना के बारे में जानकारी की। टीम ने ग्रामीण के घर के बाहर विद्युत पोल पर सीसीटीवी कैमरा लगाया है।

उप वन क्षेत्राधिकारी फारुख अहमद ने बताया कि ग्रामीण रात के समय घर के बाहर अकेले न जाएं। जाना जरूरी हो तो समूह बनाकर जाएं। हाथ में लाठी-डंडे लेकर बाहर निकलें। छोटे बच्चों के साथ घर के बाहर न सोएं। जंगली जानवर के दिखाई देने पर वन विभाग को सूचित करें।

तेज धूप में खेलते समय दो छात्राओं की हालत बिगड़ी

संभल, अमृत विचारः नखासा थाना क्षेत्र में शहर से सटे संभल हसनपुर मार्ग पर स्थित निजी स्कूल में सोमवार को लंच के बाद तेज धूप में दौड़ लगाने व बास्केटबॉल खेलते समय कक्षा 8 की दो छात्राओं की हालत बिगड़ गई। जिससे स्कूल प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और मामले को सामान्य बनाने में जुट गए।

सूचना मिलने पर मौके पर सदर कोतवाली के मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी छात्रा व हयातनगर निवासी छात्रा के परिजन मौके पर पहुंच गए और आनन फानन में छात्राओं को उपचार के लिए परिजनों ने संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

पूछने पर छात्राओं ने परिजनों को बताया कि लंच के बाद तेज धूप होने के बाद भी पीटी टीचर ने दौड़ व दो घंटे तक बास्केटबॉल खिलवाई थी। जबकि गर्मी अधिक होने की वजह से छात्राओं ने पीटी टीचर से खेलने के लिए मना कर दिया था।

सार-संक्षेप

रामप्यारी इंटर कालेज में स्काउट गाइड कैंप में तंबू का निरीक्षण करती संगीता भार्गव।

प्रथम स्थान पर रहीं सूरजमुखी टोली

चन्दौसी, अमृत विचार : रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय भारत स्काउट गाइड शिविर के अंतिम दिन छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। शिविर का आरंभ दीप जला कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने गाइड कैंप का निरीक्षण किया। साथ ही शिविर में सिखाए गई चीजों की जानकारी की। तीन दिवसीय शिविरमें प्रथम स्थान पर सूरजमुखी टोली ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य कीर्थि कुशवाहा, जिला संगठन आयुक्त मीनू भारती आदि मौजूद रहे।

संभल में सफाई मित्रों को सम्मानित करते ईओ डा. मणिभूषण तिवारी।

सम्मानित कर वितरित किए गए सुरक्षा उपकरण

संभल, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद की और से शासन के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई मित्र सुरक्षा सम्मान शिविर का आयोजन कर सफाई मित्रों को सम्मानित कर सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए। सफाई मित्रों और सरकार की सौभाग्य योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी दी गई। शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को पालिकाध्यक्ष आसिया मुशीर और ईओ डॉ.मणिभूषण तिवारी ने सम्मानित किया। सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए। शहरी स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने में दिन रात, सर्दी गर्मी में काम करने वाले सफाई मित्रों के लिए पालिकाध्यक्ष और अन्य ने भोजन परोसा और साथ-साथ भोजन किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष पति चौधरी मुशीर खां, सभासद और पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री। ● अमृत विचार

आंगनबाड़ी कार्यकत्री को जलाने वालों की गिरफ्तारी हो

संभल, अमृत विचार : आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को जलाने के मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन की जिलाध्यक्ष विनीता शर्मा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीएम विनय कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपा। कहा कि नखासा थाना क्षेत्र के गांव पलथा के केंद्र पर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री सलमा बानो को 16 सितंबर को जलाने की घटना हुई। नामजद मुकदमा नखासा थाने में दर्ज कराया गया है। गंभीर हालत में आंगनबाड़ी कार्यकत्री दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती है। कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर नामजद आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कराया जाए। इस दौरान गिजाला परवीन, तनवीर कौसर, सर्वेश, बबीता, संतोष देवी, सरोज यादव, आभा देवी, उर्मिला, किरन, वेदवती आदि रहीं।

पदाधिकारियों का सम्मान करते जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के लोग।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को किया सम्मानित

बहजोई, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के तत्वाधान में सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। चंद्रपाल आर्य आदर्श कन्या विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल व सचिव लव कुमार आर्य ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सेवा सप्ताह के तहत अच्छा कार्य करने वाले पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सामाजिक सेवा में भागीदारी करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. अनीता श्रीवास्तव, आशा वार्ष्णेय, किरण शर्मा, सुनैना वार्ष्णेय, राधिका दिलेर, दीपिका वार्ष्णेय, प्रीति कठेरिया आदि मौजूद रहे।

दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, 4 घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

कार चालक को भीड़ से छुडाकरले जाती पुलिस।

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के कैथल गेट पर पुलिस चौकी के सामने कार सवार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए। जिसमें दो घायलों को सीएचसी व दो को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली में घटना की रिपोर्ट कार चालक के विरुद्ध दर्ज कराई गई है।

सोमवार की दोपहर 12 बजे सीता रोड पंजाबी कालोनी निवासी आशीष वार्ष्णेय व उसका भाई गौरव वार्ष्णेय के साथ रामबाग धाम की ओर जा रहा था। जब बाइक सवार कैथल गेट स्थित ब्रह्म बाजार पुलिस चौकी के पास पहुंचे तो सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। आशीष के बाएं पैर की हड्डी टूट गई व गंभीर चोटें

● **लोगों ने कार चालक को पकड़ पुलिस को सौंपा, रिपोर्ट दर्ज**

आयी हैं। आसपास के लोगों कार चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

घायलों के भाई रतन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने राहुल शर्मा पुत्र स्व. सुरेश चंद्र शर्मा निवासी गणेश कॉलोनी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि कार चालक ने एक अन्य बाइक को भी टक्कर मारी है। जिसमें जसवीर पुत्र गिरधारी व उसका भाई बालिस्टर निवासी गांव नगार पुखरा थाना उघैती जनपद बदायूं घायल हो गए। जिनका उपचार सीएचसी में कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार सवार रामबाग से ही तेज गति में कार चला रहा था। पुलिस ने कार चालक का मेडिकल कराया है और कार को कब्जे में ले लिया है।

स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन की अनुमति को लेकर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

मारपीट के बाद स्टेशन अधीक्षक से जानकारी करते जीआरपी के एसआई।

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन की अनुमति लेने को रेल कर्मी व स्टेशन अधीक्षक के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्ष जीआरपी थाने पहुंच गए और तहरीर देकर एक-दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा ने जीआरपी थाने में दी तहरीर में कहा है कि अपराह्न साढ़े तीन बजे वह अपने कार्यालय में बैठे, तभी दो रेलवे कर्मी उनके पास पहुंचे और लिखित पत्र देकर रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन करने को अनुमति मांगी। इस पर स्टेशन अधीक्षक ने अपने उच्चाधिकारियों से पूछने की बात कही। आरोप है कि इस पर दोनों रेल कर्मी उनके साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर स्टेशन अधीक्षक के साथ मारपीट शुरू कर दी । जिसमें उनके कपड़े फट गए और सीने में चोट आई है। जबकि दूसरे पक्ष के रेल कर्मी नितेश कुमार ने थाने में दी तहरीर में कहा कि वह अपनी ड्यूटी करने के बाद स्टेशन पर आया था। तभी स्टेशन अधीक्षक द्वारा उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई। तहरीर मिलने पर जीआरपी इंचार्ज मनजीत सिंह ने दोनों पक्षों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा।

दोबारा मतगणना में 3 मतों से जीता पराजित प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

तहसील में पुनर्मतगणना करते कर्मचारी।

अमृत विचार : ब्लॉक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर काशी में 2021 में हुए ग्राम प्रधान के चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी ने पुनर्मतगणना को उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया था। सोमवार को तहसील परिसर में पुनर्मतगणना कराई गई। जिसमें दूसरे स्थान पर रहे अशरफ खां को 3 मतों से विजयी घोषित किया गया। जीत की घोषणा के बाद समर्थकों ने नवनियुक्त ग्राम प्रधान को फूल माला पहनाई व मिठाई बांटी।

गांव मोहम्मदपुर काशी में 2021 में ग्राम प्रधान के चुनाव में महकशा पत्नी मोहम्मद अंसार ने अपने प्रतिद्वंदी अशरफ खां पुत्र न्याज मोहम्मद को हराया था। दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पुनर्मतगणना की मांग की थी। सोमवार को तहसील परिसर में तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह की देखरेख में पुनर्मतगणना का कार्य किया गया। सुबह दस बजे आरंभ हुई मतगणना दोपहर डेढ़ बजे तक चली। जिसमें अशरफ खां को 660 मत प्राप्त हुए जबकि कहकशा को 657 मत मिले। जबकि अन्य प्रत्याशी मोहम्मद अंसार को 1, इशरत जहां को 4 व कासिब को 2 मत मिले। जिसमें अशरफ खां को 3 मतों से विजयी घोषित कर दिया।

शिविर में 60 वर्ष से अधिक के मरीजों का किया उपचार

चन्दौसी, अमृत विचार : सीएचसी परिसर में आयुष्मान आरोग्य भारत योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आरंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव व राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के 545 लोगों का उपचार किया गया। साथ ही रक्तचाप, मधुमेह, मोतियाबिंद के मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया गया। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने की बात कही। इस अवसर पर परमेश्वर लाल सैनी, भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, डॉ. टीएस पाल, शुभम अग्रवाल, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

संभल ब्लॉक को निपुण बनाने में जुटें शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **डीएम ने गोष्ठी कर शिक्षकों को दिए जरूरी निर्देश**

अमृत विचार : निपुण भारत मिशन के तहत हुई शिक्षक विमर्श गोष्ठी में डीएम ने कहा कि 31 अक्टूबर तक संभल ब्लॉक को प्रत्येक दशा में निपुण बनाना है। इसके लिए शिक्षक जुट जाएं। उन्होंने बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संभल ब्लॉक सभागार में हुई गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने कक्षा एक व दो के शिक्षकों के साथ संवाद किया। उन्होंने निर्देश दिए कि 31अक्टूबर तक संभल निपुण हो जाए, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत की जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों के शतप्रतिशत निरीक्षण किए जाएं। जिसमें किसी तरह की लापरवाही संज्ञान नहीं आनी चाहिए। डीएम ने कहा कि 11 ऑनलाइन रजिस्टर भरे जाने का कार्य पूर्ण किया जाए। शिक्षण योजना के अनुसार होना चाहिए।

डीएम ने विकास खंड पवांसा के गांव अतरासी में पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया। स्कूल में चल रहे कार्यों का जायजा लेकर दीवार पर बॉल पेंटिंग, रैंप को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विनय कुमार मिश्र, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, खंड विकास अधिकारी संभल प्रेम पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी पंवासा अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

बदायूं, अमृत विचार : बरेली-मथुरा राजमार्ग पर शनिवार देर रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बिनावर जाते समय किसी वाहन ने बाइक सवार दोनों युवकों को टक्कर मारी थी।। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। नवादा पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों युवकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गई। जहां चिकित्सक ने एक युवक की मौत की पुष्टि कर दी जबकि घायल को भर्ती किया गया है। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा नवादा निवासी मुकेश कश्यप पुत्र कल्लू कश्यप अपने गांव निवासी चंद्रमोहन पुत्र छोटे लाल कश्यप के साथ बाइक से बदायूं-मथुरा राजमार्ग से होते हुए बिनावर जा रहे थे। शहर से बाहर निकलते ही बारह पत्थर के पास किसी ने वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

आज 8 घंटे बंद रहेगी बिजली

चन्दौसी, अमृत विचार : एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को पॉवर हाउस उपकेंद्र से जुड़ी लाइन पर कार्य किया जाएगा। जिससे मुंसिफ रोड, मयूर विहार, सीएचसी आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक 8 घंटे बंद रहेगी। संबंधित क्षेत्र के लोग पानी से संबंधित कार्य समय से निपटा लें।

नाम परिवर्तन

पहले मेरा नाम **AMAN** था जो कि अब बदलकर **AMAN KHAN S/O SABIB KHAN** निवासी किले वाली मस्जिद कानून गोयान मुरादाबाद रख लिया है। भविष्य में मुझे **AMAN KHAN** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

:सूचना:

एक किता (मूल) रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध पत्र जो कि खुर्शीद बेगम पत्नी मो0 गुफरान ने श्रीमती फरजाना जमाल पत्नी श्री मो0 शाकिर के हक में दिनांक 26.10.2012 वही1 जिल्द 9255 पृष्ठ 211/232 कम संख्या 15105 पर रजि. हुआ था, वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। जिसका मौजा ज्यंतीपुर रकबा 59.78 वर्गा मी0 है।

उक्त के संदर्भ में प्रकाशन की तिथि के सात दिन के सम्पर्क स्थापित करें बाद उसके संबंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

प्रदीप कुमार गुप्ता, एडवोकेट
चेम्बर नं0. सी-3, सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीछे
मुरादाबाद फोन- 9837781229

सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र मौ. तौफीक व इसकी पत्नी गुलफशा खातून बुरी संगत में पड़ गये हैं। जो आये दिन मेरे व परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौच व मारपीट करते रहते हैं। मैं स्वेच्छा से पति-पत्नी दोनों को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। इनके द्वारा किये गये लेन-देन व कुकृत्यों के यह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

-खुर्शीद पुत्र अ. रशीद, निवासी- मौ. आबिदपुरा ऊमरी कलां, तह.- कांठ, जिला-मुरादाबाद

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल 2010 की सनद अनुक्रमांक 0788968 वास्तव में खो गई है। **प्रदीप कुमार पुत्र मनोज कुमार ग्राम शिवनगर पो. किशनपुर गावड़ी, तह. ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)**

सम्बन्ध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बेटा अदनान गलत संगत में पड़ जाने से नशा आदि करने लगा है। जिसके चलते मैंने उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल संपत्ति से बे दखल कर दिया है।

-श्रीमती अंजुम पत्नी शब्बन, निवासी मोहल्ला मोहम्मदी सराय अमरोहा

आयोजन बनियाखेड़ा में किया जा रहा रामलीला का मंचन

धनुष टूटते ही श्रीराम ने सीता के गले में डाली वरमाला

संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन करते कलाकार।

प्रतियोगिता में प्रस्तुति देती बालिका।

अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा में श्री आदर्श युवक रामलीला समिति की ओर से शिव मंदिर परिसर में रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को तीसरे दिन कलाकारों ने सीता स्वयंवर का भावपूर्ण मंचन किया।

रामलीला के प्रथम दृश्य में दिखाया गया है कि ऋषि विश्वामित्र श्रीराम व लक्ष्मण के साथ राजा जनक के महल में सीता के स्वयंवर में पहुंचते हैं। जहां एक से बढ़कर एक राजा शिव धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं, मगर वह धनुष को हिला तक नहीं पाते। यह देख राजा जनक चिंतित हो उठते हैं और स्वयंवर में अपनी पीड़ा बयां करते तो लक्ष्मण उसका उत्तर देते हैं। इसके बाद ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा मिलने पर श्रीराम धनुष के पास पहुंचते हैं और एक ही हाथ से धनुष उठा लेते हैं और प्रत्यंचा चढ़ाते है, तो वह टूट जाता है। इसके बाद माता रानी सखियों के पास पहुंचती और श्रीराम के गले में वरमाला डाल देती है। इस अवसर पर वीरपाल प्रजापति, अंश प्रजापति, वंश प्रजापति, गजेंद्र सिंह यादव, महेश मौर्य आदि रहे।

बच्चों की नृत्य प्रस्तुति पर जमकर बजी तालियां

चन्दौसी, अमृत विचार : गणेश चतुर्थी मेले में सोमवार को लाला भूपाल दास रंगमंच पर जूनियर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता कौशल क्रांतिकारी ने फीता काटकर किया। जूनियर डांस प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें युविका, जिज्ञासा, समृद्धि, अनन्या, आध्या, अवनिका, माही, आराध्या, तमन्ना बजाज, निधि दिवाकर, पूर्वी, श्रेयांश प्रजापति, पीहू, प्रांजलि की प्रस्तुति सराहनीय रही। निर्णायक मंडल में विचित्रा गुप्ता, डॉ. कविता गुप्ता, हेमलता वार्ष्णेय मौजूद रहीं।

चर्म शोधन को भूमि विनिमय शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चर्म शोधन के लिए आरक्षित भूमि पर पुलिस चौकी के निर्माण को रोकने के मामले पर विचार करते हुए कहा कि प्रश्नगत भूमि के उपयोग को बदलने और प्रस्तावित दूसरी भूमि के साथ विनिमय करने की मांग उचित है। कोर्ट ने विपक्षियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि विनिमय शीघ्र होना चाहिए और आवंटन बिना किसी अतिरिक्त समय की हानि के होना चाहिए। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बधवार की खंडपीठ ने कासिम और एक अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया।

दरअसल याचियों द्वारा जनहित में याचिका दाखिल कर बताया गया था कि गाटा संख्या 81 रकबा 0.034 हेक्टेयर भूमि ग्राम राजा का गुलाबपुर थाना असमोली परगना तहसील संभल में चर्म शोधन के लिए आरक्षित की गई थी, जिसे अब पुलिस विभाग को पुलिस चौकी बनाने के लिए आवंटित कर दिया गया है। मौजूद पुलिस चौकी वर्तमान स्थान से केवल 300 मीटर की दूरी पर पड़ोस के गांव में है और अगर संबंधित भूमि का उपयोग पुलिस स्टेशन के लिए किया जाता है तो चर्म शोधन के लिए कोई अन्य स्थान उपलब्ध नहीं होगा। हालांकि विपक्षियों द्वारा कोर्ट को यह बताया गया कि प्रश्नगत भूमि का विनिमय किसी अन्य भूमि से किया जा रहा है और इस संबंध में एसडीएम द्वारा जिला कलेक्टर, संभल को 31 अक्टूबर 2023 को एक पत्र भेज कर सूचित किया गया है। पत्र में यह भी बताया है कि मौजूदा पुलिस चौकी केवल अस्थायी प्रकृति की है, इसलिए प्रश्नगत भूमि पर पुलिस चौकी का निर्माण प्रस्तावित है।

एक नजर

किशोरी को ले जाने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

बुरावली/रहरा, गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री उसके छोटे भाई जल्लोपुर चौकी क्षेत्र के गांव अपने चाचा के घर 17 सितंबर को आई थी। वहां से 21 सितंबर को उसी गांव का एक युवा किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि युवक पहले भी उसकी बेटी से बात करने की कोशिश करता रहा है। रहरा थाना प्रभारी अलका चौधरी ने बताया कि आरोपी पीतम के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

युवती ने मारपीट करने का लगाया आरोप

हसनपुर, अमृत विचार : महिला ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। नगर के मोहल्ला ग्रीन सिटी निवासी आरती ने कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोमवार दोपहर 3 बजे वह घर में काम कर रही थी। इस दौरान महिला व युवक आए और कहने लगे कि हमारे यहां हमारा सामान रह गया था, उसे वापस कर दो। पीड़ित महिला ने कहा कि जब तुम किराये का मकान खाली करके गए थे तब अपना सामान ले गए थे। महिला व युवक उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। पीड़ित महिला ने कोतवाल से मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। 23 मई को गांव सिहाली जागीर में गजरौला मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास एक युवक का शव मिला था। उसकी पहचान गजरौला थाना क्षेत्र के गांव तिगरिया खादर निवासी ओमकार (40) के रूप में हुई थी। मृतक की पत्नी रेखा कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण न्यायालय की शरण में पहुंच गई थीं, न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर मनौटा निवासी पवन, परम एवं ओमप्रकाश के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पोषण पुनर्वास केंद्र व वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

बच्चों को न दें चिप्स, खीर-पोषण युक्त खाना खिलाएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सोमवार को जिला अस्पताल में बने राष्ट्रीय पोषण पुनर्वास केंद्र व वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। एनआरसी में भर्ती आठ कुपोषित बच्चों के अभिभावकों, माताओं से बात की। उनसे व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और बेहतर सुविधा मुहैया कराने को लेकर सीएमएस को निर्देश दिए।

एनआरसी में भर्ती बच्चे की मां से हाल पूछतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

डीएम ने बच्चों की माताओं से पूछा कि मीनू चार्ट के अनुसार, कुपोषित युक्त आहार दिया जा रहा है या नहीं, कोई समस्या तो नहीं है। कहा कि चिकित्सक द्वारा जिस प्रकार आहार व दवा लेने की सलाह दी जा रही है, उसके अनुसार ही बच्चों को पोषण युक्त आहार दें। जिलाधिकारी ने स्वयं सुझाव देते हुए कहा कि बोतल से बच्चों को दूध नहीं दें। साफ चम्मच से बच्चों को दूध पिलाएं। चिप्स नहीं देने की सलाह दी। बच्चों को खीर खिलाएं, दाल खिलाने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने कुपोषित बच्चों का हाल जाना। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से सभी भर्ती बच्चों की बेहतर देखभाल रखने को कहा। टीकों और दवाओं को समय से देने के निर्देश दिए। डीएम ने बच्चों का युवी पोर्टल पर डाटा दर्ज करने के निर्देश दिए। कहा कि आशाएं भी घर-घर जाकर आयरन, कैल्शियम की गोली गर्भवती और धात्री महिलाओं को वितरित करें। रहरा क्षेत्र में ज्यादा कुपोषित युक्त बच्चे मिलने की सूचना पर जिलाधिकारी ने मनरेगा स्वास्थ्य व अन्य संबंधित विभागों से बात कर इसे खत्म करने के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दारान वन स्टॉप सेंटर पर डीएम ने फैसलेशन कक्ष, मेडिकल कक्ष में दवा की उपलब्धता सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर उपस्थित संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली। पूछा कि किस प्रकार काउंसिल की जाती, पीड़ित के आने पर क्या प्रक्रिया की जाती है। पीड़ित को कितने दिन तक रखा जाता है। जिलाधिकारी ने सफाई कम मिलने पर जिला महिला कल्याण अधिकारी को सफाई कर्मी लगाकर सफाई करने का निर्देश दिया। वन स्टॉप सेंटर में 12 पदों के सापेक्ष खाली पदों को भरने के लिए भी जिला महिला कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया।

डेंगू-मलेरिया का केस बिगड़ा तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

बैठक में निर्देश देतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

- जिलाधिकारी ने संचारी रोग व दस्तक अभियान को लेकर समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को संचारी रोग अभियान व दस्तक अभियान को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें डीएम ने गांवों और शहरी क्षेत्र में सफाई, फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराने पर जोर दिया।

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट सभागार में 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले संचारी रोग अभियान और दस्तक अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी और शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी अभियान चला कर सफाई, फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव करा दें। आशाओं के साथ बैठक कर संचारी रोगों के प्रति उन्हें प्रशिक्षित कर दें। दस्तक अभियान के तहत आशा, आंगनबाड़ी घर-घर जाकर दिमागी बुखार, मलेरिया, जल जनित रोग के बारे में संवेदीकरण कराएं। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त कर कहा कि डेंगू और मलेरिया का मामला बिगड़ता है तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें। सभी चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों में अवश्य बैठें। जिला कार्यक्रम अधिकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बैठक करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पशु पालकों व अन्य व्यवसाय करने वाले लोगों से मिलकर कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग अभियान से संबंधित जो भी अधिकारी जुड़े हुए हैं, वे प्राथमिकता के साथ कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं की जानी चाहिए।

12 से अधिक क्लीनिक और अस्पताल सील

कई संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए दी तहरीर, कार्रवाई से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलेभर में सोमवार को अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक और अस्पतालों पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान 12 से अधिक अस्पतालों को सील कर दिया गया। कई संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को जिले में अवैध अस्पताल संचालकों एवं झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई की। एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और स्वास्थ्य विभाग की टीमें ने यह कार्रवाई की है। अमरोहा सदर एसडीएम सुधीर कुमार सिंह ने नोडल अधिकारी के साथ हकीम आंकड़ों वाले सहित कई अवैध संचालकों पर कार्रवाई की। इसमें हकीम आंकड़ों वाले दवाखाने को सील कर दिया गया। एसके गोला क्लीनिक में स्टाफ मंडी धनौरा की एसडीएम चंद्रकांता को कागजात नहीं दिखा पाया। इस पर उन्होंने झोलाछाप के क्लीनिक को सील कर दिया। नौगांवा सादाता के एसडीएम बृजपाल को अनस तुर्क हारून माही मेडिकल स्टोर में एक्सपायरी डेट की दवा मिली। मेडिकल स्टोर को क्लीनिक के रूप में प्रयोग होता पाया गया। उन्होंने सैंपल भरवा कर दवा व क्लीनिक सील करा दिया। हारून के खिलाफ तहरीर दी है। एसडीएम न्यायिक हसनपुर मसीह नजम ने भी एसके हेल्थ केयर क्लीनिक काला खेड़ा का निरीक्षण किया। मौके पर कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं मिला। उनके पास कोई वैध लाइसेंस भी नहीं था। एसडीएम न्यायिक धनौरा भगत सिंह ने अवैध मेडिकल प्रैक्टिशनर जोया का निरीक्षण किया। मेडिकल की कोई डिग्री नहीं मिलने पर क्लिनिक को सील कर दिया गया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव को जोया में आगा हेल्थ क्लीनिक के नाम पर दो यूनानी दवाखाना चलते मिले। अल्ट्रासाउंड सेंटर जोया में न कोई डॉक्टर था, न ही कोई स्टाफ। इस पर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया। डिप्टी कलेक्टर पुष्कर नाथ चौधरी ने भी शहर के मोहल्ला दरवारे कला में स्थित युसूफ हेल्थ केयर क्लिनिक, अब्बास हेल्थ क्लिनिक का निरीक्षण किया। इस दौरान क्लीनिक बंद मिले। इसके बाद वह एएम हॉस्पिटल पर पहुंचे। जहां अस्पताल स्वामी जीशान उपस्थित मिले। कागजात मांगने पर वह कोई लाइसेंस नहीं दिखा सके। इसके बाद अस्पताल को सील कर दिया गया।

जोया स्थित अस्पताल में कार्रवाई के दौरान मौजूद एसडीएम विभा श्रीवास्तव।

- अमरोहा नगर, जोया, नौगांवा सादात, मंडी धनौरा में मारे छापे

तहसीलदार अमरोहा ने भी मोहल्ला सराय कोना में स्थित कमर आलम के क्लीनिक का निरीक्षण किया। यहां कोई कागज नहीं दिखाने पर उन्होंने क्लीनिक को सील कर दिया। धनौरा तहसीलदार, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार ने भी अस्पतालों का निरीक्षण किया। रजिस्ट्रेशन नहीं मिलने पर कई अस्पतालों को सील कर दिया। नोडल अधिकारी शरद कुमार ने भी जोया स्थित विजय क्लीनिक का निरीक्षण किया। यहां प्रतिबंधित दवा मिलने पर सील कर दिया गया और एफआईआर करने के लिए तहरीर दी है। माही मेडिकल स्टोर में सरकारी दवा पाई मिलीं। एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी है। उन्होंने न्यू मैराज हेल्थ केयर क्लीनिक को भी सील करा दिया। आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई है। सीएमओ एसपी सिंह ने बताया कि 12 से अधिक अपंजीकृत और अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों, क्लीनिकों को सील किया गया है। कई संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए थानों में तहरीर दी गई है।

हसनपुर के अस्पताल में कार्रवाई करती टीम।

अलीगढ़ हेल्थ केयर क्लीनिक किया गया सील, दवा भी जब्त

संवाददाता, हसनपुर

- आयुर्वेद की डिग्री पर अंग्रेजी दवा से किया जा रहा था इलाज

अमृत विचार : तहसीलदार और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने अलीगढ़ हेल्थ केयर क्लीनिक को सील कर दिया है। क्लिनिक में बरामद हुईं दवाइयां भी जब्त कर ली है

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर हसनपुर तहसीलदार मूसा राम सिंह और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने नगर के मोहल्ला खंगर वाला में स्थित अलीगढ़ हेल्थ केयर क्लीनिक पर छापा मारा। इस दौरान क्लीनिक को सील कर अंग्रेजी दवाई को जब्त कर लिया। तहसीलदार मूसाराम सिंह ने बताया कि अधिकारियों को मिली शिकायत पर यह छापेमारी की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने बताया कि अलीगढ़ हेल्थ केयर क्लीनिक के चिकित्सक के पास आयुर्वेदिक दवा चलाने से संबंधित डिग्री थी। लेकिन वह अंग्रेजी दवा से मरीजों का इलाज कर रहे थे। इस पर अंग्रेजी दवाइयों को जब्त कर क्लीनिक को सील कर दिया गया है। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से रहरा, सैदनगली, हसनपुर पुलिस मौजूद रही। क्लीनिक पर हुई इस कार्रवाई से नगर में क्लीनिक, पैथोलॉजी और अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

हसनपुर में रैली निकालते विद्यार्थी, साथ में शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

नगर में छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर स्थित झम्मन लाल पीजी कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निति शर्मा के निर्देशन में जागरूकता रैली निकाली।

रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर ग्राम रामपुर भूड़ पहुंची। स्वयंसेवियों ने हम सब का एक ही नारा, साफ स्वच्छ हो, देश हमारा नारे लगाए। गांव में पहुंचकर छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने प्राथमिक विद्यालय में सफाई भी की। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों से कहा कि घर के आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाएं। इस अवसर पर तुषार, प्रेम, छाया नेहा, प्रिंस, शिवी, सिद्धि आदि मौजूद रहे।

विधायक के मामा के हत्यारोपी नहीं पकड़े

हसनपुर, अमृत विचार : भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के मामा सत्यप्रकाश की हत्या के एक सप्ताह बाद भी हसनपुर कोतवाली पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। हालांकि पुलिस अधिकारी आरोपियों को जल्द पकड़वाने का दावा कर रहे हैं।

गांव घंसूरपुर में पशुशाला में सोते समय सत्यप्रकाश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामला भाजपा विधायक से जुड़ा होने के कारण पुलिस की कई टीमें कार्य कर रही हैं। यह मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा था। इस हत्याकांड का खुलासा करने में अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में दो पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं कई प्रभारी निरीक्षक जांच कर रहे हैं। रविवार देर रात्रि पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने हत्याकांड के खुलासे में लगी सभी टीमों को बुलाकर आवश्यक निर्देश दिए थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि टीमें जांच कर रही हैं।

छात्र-छात्राओं को बांटी स्टेशनरी किट

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नाईपुरा खादर में सोमवार को छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी किट बांटीं। शिक्षक व शिक्षिकाओं को भी उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों एवं स्टाफ को बैंक की बचत योजना व जीवन में छोटी बचत का महत्त्व बताया।

अलीपुर चौपला क्षेत्रीय कार्यालय में आगमन पर क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल कुमार अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। अध्यक्ष ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाशा अलीपुर चौपला की ओर से पीके एसोसिएट्स को एमएसएमई का रुपये 1.80 करोड़ ऋण स्वीकृत किया। यहां के बाद क्षेत्रीय कार्यालय अलीपुर चौपला में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को बैंक की विशेष योजनाओं के बारे में बताया।

छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी किट बांटते बैंक के चेयरमैन। ● अमृत विचार

- बैंक की बचत योजना और जीवन में छोटी बचत का महत्तव बताया

वित्तपोषित ई-रिक्शा महिला चालकों को चाभी सौंपीं। चार करोड़ के एमएसएमई व आवासीय ऋण, छह करोड़ के कृषि ऋण, दो करोड़ के स्वयं सहायता समूह ऋण वितरित किए। दिव्यांग व्यक्ति को व्हील चेयर दी। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक विपुल चिकारा, वरिष्ठ प्रबंधक अजीत सिंह, सारिका शर्मा, इंदु पाण्डेय, नीरज कुमार, प्रभात कुमार, नीलिमा बागरी, विवेक कुमार, नेहा सिंह, सपना भारती व कमल शर्मा उपस्थित रहीं।

सार संक्षेप

फीता काटकर शिविर का उद्घाटन करते विधायक और पालिका अध्यक्ष।

शिविर में लोगों को दीं स्वास्थ्य सेवाएं

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित सीएचसी में सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। सीएचसी प्रभारी डॉ धुर्वेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। विधायक न चेयरमैन ने सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में पौधरोपण भी किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, उषा शर्मा, मनोज शर्मा, अजय पाल, सुरभित गुप्ता, मुदित गौतम, मनोज जोशी, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते विधायक हरि सिंह ढिल्लो।

सीएचसी में लगा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

नौगांवा सादात, अमृत विचार : सीएचसी में सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। उन्होंने सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके बाद मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने भाजपाइयों व अस्पताल स्टाफ का धन्यवाद किया। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी, जिला उपाध्यक्ष शुभम जालान, जिला मंत्री सुमित गुर्जर, थम्मन सिंह चौहान, धर्मपाल सिंह, संदीप चौहान, अमन कुमार, डॉ. प्रिंस मिश्रा व शुरभी गुप्ता आदि रहे।

लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

हसनपुर, अमृत विचार : भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने गांवों में ग्रामीणों को भाजपा की नीतियां बताईं। साथ ही लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सोमवार को हसनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने गांव बिजौरा के बूथ नंबर 24 पर सदस्यता अभियान चलाया। 8800002024 नंबर पर मिस कॉल लगाकर ग्रामीणों को भाजपा का सदस्य बनाया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विश्व में सम्मान बढ़ा है। इस मौके पर डॉ. गजराज सिंह, सुभाष प्रजापति, पवन शर्मा, सचिन प्रजापति आदि रहे।

कल से भरे जाएंगे बीटेक के बैक परीक्षा फॉर्म

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीटेक-2024 मुख्य परीक्षा के सप्तम और अष्टम सेमेस्टर के बैक परीक्षा के फार्म भरने के तिथि निर्धारित कर दी है। छात्रों को 25 से 29 सितंबर तक ऑनलाइन फार्म भरकर विभाग में जमा करने होंगे। विभाग को 30 सितंबर तक फार्म ऑनलाइन सत्यापित करने होंगे।

कार्यक्रम — गजरौला और मंडी धनौरा में भाजपा विधायक ने केंद्र, राज्य सरकार की योजनाएं गिनाईं

स्वास्थ्य मेले में लाभार्थियों को बांटे आयुष्मान कार्ड

संवाददाता, गजरौला/मंडी धनौरा

अमृत विचार : आयुष्मान कार्ड योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें विधायक राजीव तरारा ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं गिनाईं।

कहा कि केंद्र ने आयुष्मान योजना चलाकर गरीब, मजदूर व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अच्छे अस्पतालों में उपचार कराने की सुविधा दी है। हाल ही में प्रधानमंत्री ने 70 वर्ष से अधिक आयु वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ देने की घोषणा भी की है। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह ने बताया कि गजरौला सीएचसी को 75 हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य था। इसके सापेक्ष 70 हजार कार्ड बन गए हैं। स्वास्थ्य शिविर में 485 मरीजों का परीक्षण किया गया। 75 लाभार्थियों को विधायक ने आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक तोताराम, सतीश अग्रवाल, शशि चौहान, सत्यपाल पाल, मनमोहन सिंह सेन आदि के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सतीश चंद्र भास्कर ने बताया कि धनौरा सीएचसी को करीबन 56 हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य था, इसके सापेक्ष 55 हजार कार्ड बन गए हैं। कार्यक्रम के बाद विधायक राजीव तरारा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने दवा स्टॉक कक्ष, सफाई व्यवस्था के साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों का हल जाना। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह, डॉ मनदीप सिंह, बीपीएम अभिषेक वर्मा, सतीश अग्रवाल, सतपाल पाल, राजीव चौधरी, आकाश चौधरी, सुशील कुमार, निहार त्यागी, कुसुमलता गोयल, परवेंद्र सिंह सहित कर्मचारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

फीता काटकर कार्यक्रम का आरंभ करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

दीक्षा गंग. वार, बीपीएम मनोज सैनी आदि मौजूद रहे। उधर मंडी धनौरा में लगे शिविर में मरीजों को निशुल्क जांच व उपचार कर दवा का वितरण किया गया। आयुष्मान के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। विधायक राजीव तरारा ने स्वास्थ्य विभाग के साथ अधिकारियों के साथ बैठक कर संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर निर्देश दिए। सीएचसी अधीक्षक डॉ.

किसान के घर से नकदी समेत चार लाख का सामान चुराया

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : शहर व ग्रामीण इलाकों में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस इन वारदातों को गंभीरता से नहीं ले रही है। रविवार रात नकब लगाकर चोरों ने किसान के घर से 40 हजार रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवर समेत चार लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी किसान को सोमवार सुबह जागने पर हुई। सूचना पर पुलिस भी मौके पहुंची।

क्षेत्र के गांव दरियापुर बुजुर्ग निवासी शिव ध्यान सिंह का मकान गांव के बाहरी घेर पर है। रविवार रात किसान परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। इस बीच देर रात चोरों ने उसके घर के पीछे से नकब लगाया और अंदर घुस आए। कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी 40 हजार रुपये की नकदी, सोने की दो चूड़ी, चार कुंडल, पेंडिल समेत करीब चार लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह किसान की नींद खुली तो वह कमरे में गए। मौके पर नकब लगा देखा। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गजरौला के गांव दरियापुर बुजुर्ग में चोरी की जानकारी देते मकान स्वामी।

एक नजर

सुल्तानपुर गांव में बुखार से मजदूर की मौत

आदमपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में बुखार से पीड़ित मजदूर की मौत हो गई। वह कई दिन से बुखार से पीड़ित थे। क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर भीमा निवासी मुरारी सिंह (65) को चार दिन से बुखार आ रहा था। गांव में ही निजी चिकित्सकों से उनका इलाज चल रहा था। रविवार को उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। परिजन उन्हें ढबारसी में स्थित निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन मुरारी सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजन उनका शव अपने गांव ले गए। इसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक मुरारी ने अपने पीछे चार बेटे व दो बेटियों को छोड़ा है।

जिलेभर में बढ़ रहीं तेंदुए की गतिविधियां, लोगों में दहशत, पकड़ने की मांग तेज

तरौली गांव के जंगल में तेंदुआ देख भागे किसान

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : जिलेभर में तेंदुए का आतंक बढ़ता जा रहा है। हसनपुर, गंगेश्वरी, गजरौला और अन्य क्षेत्रों में तेंदुए की गतिविधियां बढ़ गई हैं। इससे लोगों में दहशत है। सोमवार को तरौली गांव के जंगल में तेंदुआ देखकर किसानों ने भाग कर जान बचाई। उन्होंने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव तरौली में सोमवार को सुंदर अपने खेत की रखवाली कर रहे थे। सुंदर की नजर अपने ही धान के खेत में तेंदुए व उसके शावक पर पड़ी तो चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के खेतों में रखवाली कर रहे किसान प्रधान अमरीश नागर, मास्टर सुरेश, नंदकिशोर शर्मा आदि मौके पर पहुंचे। वहां तेंदुआ देख किसानों के होश उड़ गए। वहां से सभी किसानों ने भाग कर अपनी जान बचाई। तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में दहशत है।

वन दरोगा सुमित कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है। लेकिन तेंदुए के पैरों के निशान नहीं दिखाई दिए हैं। फिर भी गांव में नजर रखी जा रही है। उधर, तीन दिन पहले गजरौला क्षेत्र के एक गांव स्थित स्कूल के पास दो तेंदुए दिखने से छात्र-छात्राएं और शिक्षक कमरों में कैद गए थे। तभी से इस क्षेत्र में भी तेंदुए की दहशत है।

तेंदुए ने कई पालतू पशुओं को बनाया निवाला

आदमपुर/मुबारिजपुर, अमृत विचार : आदमपुर क्षेत्र के गांव मरौरा में चार दिन से अलग अलग स्थान पर तेंदुआ घूम रहा है। अब तेंदूए ने राजकुमार, दुष्यंत और कृष्ण के पालतू पशुओ को अपना निवाला बना लिया। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए ने पालतू जानवरों का शिकार किया है। इसके बाद से गांव में दहशत है। सोमवार सुबह अरजीत व प्रेमशंकर ने बताया कि खेत से घर आते समय तेंदुआ देखा था, जबकि कई बछड़ों और बकरियों का शिकार कर चुका है। ग्रामीणों का कहना है तेंदुए से ग्रामीणों में भय है। क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि किसी जंगली जानवर ने ही बछड़े का शिकार किया है। मौके पर जाकर जांच कराई जाएगी।

निपानिया गांव के लोगों को दिखा तेंदुआ

गजरौला, अमृत विचार : रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव निपानिया के ग्रामीणों ने सोमवार को जंगल में तेंदुआ दिखाई देने का दावा किया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। क्षेत्र में लगातार तेंदुए का शोर जारी है। इसको लेकर क्षेत्रों के लोगों में दहशत है। इसके बावजूद वन विभाग के कर्मचारियों को तेंदुए को पकड़ने में सफलता नहीं मिल पा रही है। शनिवार सुबह क्षेत्र के गांव खजूरी के प्राथमिक विद्यालय के पास दो तेंदुए छात्र-छात्राएं व शिक्षकों को दिखाई देने से हड़कंप मच गया था। छात्र-छात्राएं व स्टाफ कमरे में कैद होकर ताला लगा लिया था। वन दरोगा राकेश कुमार ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

सिगरेट के रुपये मांगने पर दुकानदार को पीटा

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे किनारे स्थित दुकान पर युवकों से सिगरेट के रुपये मांगने पर आरोपियों ने दुकानदार को पीटकर घायल कर दिया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती खुर्द निवासी नरेश गंगा एक्सप्रेसवे किनारे चाय एवं बीड़ी का दुकान चलाता है। सोमवार को उसकी पत्नी बबीता दुकान पर बैठी थी, तभी वहां चार युवक आए और सिगरेट मांगी। नरेश ने उनसे सिगरेट के रुपये मांगे तो चारों युवक भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर चारों युवकों ने नरेश को पीट दिया। इससे नरेश की आंख में चोट लग गई। इसके बाद चारों युवक वहां से फरार हो गए। घायल नरेश अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

गंगा में कूदा बरेली का अधेड़ व्यक्ति, गोताखोरों ने बचाया

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : बरेली का रहने वाला अधेड़ व्यक्ति सोमवार को आत्महत्या करने के लिए बृजघाट पुल से गंगा नदी में कूद गया। हालांकि गोताखोरों ने उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। उधर, हसनपुर क्षेत्र की एक महिला भी आत्महत्या करने के लिए बृजघाट पहुंची। लेकिन उसे भी बचा लिया गया।

बताया गया कि बरेली निवासी अमित सोमवार को बृजघाट पहुंचा व आत्महत्या करने के लिए पुल से गंगा नदी में कूद गया। पुल से कूदने के लिए पहले वह लोहे की जाली पर चढ़ा। गंगाघाट के किनारे मौजूद नाविकों व गोताखोरों ने उसे जाली पर चढ़ते देखा तो वे गंगा में पुल के

गुस्सा

- **घर से नाराज होकर आत्महत्या करने के लिए बृजघाट पहुंची हसनपुर की महिला**

नीचे पहुंच गए। अधेड़ व्यक्ति के कूदते ही नाविकों ने गोताखोरों ने उसे सकुशल बाहर निकाल लिया। इस बीच बृजघाट चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उससे उसके परिवार के बारे में जानकारी ली। मौके पर पहुंचे परिजनों को उसे सौंप दिया गया। उधर, बृजघाट पुलिस चौकी इंचार्ज नितेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि हसनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला भी घर से नाराज होकर आत्महत्या करने के लिए बृजघाट पहुंची थी। समझा बुझाकर उसे परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

पालिका अध्यक्ष पर कार्य नहीं कराने का आरोप, सभासदों ने दिया धरना

एसडीएम के समझाने पर भी नहीं माने, धरना जारी रखने का ऐलान

संवाददाता, गजरौला

गजरौला में नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे सभासद। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर पालिका की अध्यक्ष और उनके पति के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर सभासदों ने सोमवार को पालिका कार्यलय के बाहर धरना दिया। शाम को मौके पर एसडीएम चंद्रकांता मौके पर पहुंच गईं। लेकिन सभासदों ने अपनी मांगों का निस्तारण नहीं होने तक धरना जारी रखने का निर्णय लिया।

नगर पालिका की अध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी के पति हरपाल सिंह और सभासदों के बीच ठनी हुई है। कुछ दिन पहले सभासदों से उनकी नोकझोंक हो गई थी। उस समय लोगों ने लोगों पक्षों को शांत करा दिया था, लेकिन अब सभासद चेयरपर्सन व उनके पति हरपाल सिंह पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए सोमवार को पालिका कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि शहर में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। लाभार्थियों को राशन कार्ड व आवासीय योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों को आउट सोर्सिंग के तहत नौकरी पर रखने के नाम पर काम कराया जाता है। बाद में उन्हें निकाल दिया जाता है। शहर में पथ प्रकाश व सफाई व्यवस्था धड़ाम है। सभासद चेयपर्सन से कार्य करवाने की बात कहते हैं तो उनके पति नोकझोंक करते हैं। नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा चलाए जा रहे ज्यादातर वाहनों का रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। ऐसे में यदि हादसा हो जाता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। पालिका बोर्ड की कार्यवाही का रजिस्टर भी सभासदों को नहीं दिखाया जा रहा है। मांगने पर भी बोर्ड को कैश रजिस्टर नहीं दिखाया जाता है। ईओ दीपिका शुक्ला ने सभासदों की बात सुनी। सभासदों ने मागों का निस्तारण नहीं होने तक धरना जारी रखने का निर्णय लिया। सभासदों में पुष्पा देवी, मनु शर्मा, अनिल गर्ग, सरताज अहमद, देवेश शर्मा, अशोक चौधरी दिले, भानू चौधरी, अरविंद कुमार, राजपाल सिंह आदि धरने पर बैठे। उधर, पालिका की अध्यक्ष से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं की।

भाकियू लोकशक्ति की पंचायत में अधिकारियों की उपस्थिति की मांग

हसनपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने आगामी पंचायत में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और एक ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि 29 सितंबर को एक पंचायत रहरा ब्लॉक कार्यालय के परिसर में होगी। इसमें किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए बीडीओ रहरा, आपूर्ति प्रभारी रहरा, एसडीओ बिजली विभाग बुराबली, लेखपाल जितेन्द्र यादव, ग्राम पंचायत तरौली, नाजिम लेखपाल ग्राम पंचायत पथरा उपस्थित रहने चाहिए। अगर संबंधित अधिकारी समय से उपस्थित नहीं हुए तो किसान रहरा हसनपुर मार्ग पर यातायात को बाधित करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में राजेश कुमार, तेजपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, योगेश सिंह, मनोज सिंह आदि शामिल रहे।

भानपुर खालसा में हुई बैठक में शामिल भाकियू के कार्यकर्ता।

बैठक में किसानों और मजदूरों के मुद्दे उठाने पर की गई चर्चा

संवाददाता, गजरौला

● **भानपुर खालसा में हुई भाकियू चढूनी के पदाधिकारियों की बैठक**

अमृत विचार : भानपुर खालसा स्थित जिला कार्यालय में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष नफीस मेवाती ने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश बताए। भविष्य में किसान, मजदूरों व बेराजगारों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा।

फरमान गुर्जर को ग्राम नौनेर का अध्यक्ष मनोनीत किया। वक्ताओं ने केन्द्र व प्रदेश सरकार से किसानों की समस्याओं के निस्तारण का आह्वान किया। उन्होंने समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान प्रदेश सचिव अनीश चौधरी, चौधरी समरपाल सिंह, सौरभ वर्मा, राकेश सिंह, सोनू यादव, शब्बन खान, बाबू चौधरी, देवेन्द्र यादव, काशिफ खान, मुनिराम पाल, दर्शन अरोड़ा, नासिर हुसैन, नवीन जैन, मनवीन गुर्जर, शाहवेज खान, काशिफ खान आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

नवनियुक्त थाना प्रभारी ने संभाला कार्यभार

थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह।

नौगांवा सादात, अमृत विचार : नव नियुक्त थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद सभी चौकी प्रभारी और बीट अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने का आदेश दिया। अपराधिक घटनाओं पर कड़ी नजर रखने पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने सभी चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ाने, लोगों के सहयोग से गांवों में पहरा लगाने के लिए बात कही। उन्होंने बताया कि किसी भी गांव में चोरी की घटना नहीं हो, इसे लेकर सभी चौकी प्रभारी व बीट अधिकारी समय-समय पर क्षेत्रों का निरीक्षण करें। क्षेत्र में नशा करने वाले पदार्थों की तस्करी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा नशे बचाव को लेकर समय-समय पर अपने क्षेत्रों में विशेष सभाएं करें।

ग्रामीण ने लगाई मदद की गुहार, कोई सुनने को नहीं तैयार

हसनपुर, अमृत विचार : गांव बाईखेड़ा निवासी भूप सिंह की भूमि आबादी में दर्ज है। उस भूमि का वह मालिक है और उसे पर काबिज भी है। वह उस भूमि पर मकान बनवा रहा था तो गांव के ही कुछ लोग मौके पर पहुंचे और निर्माण को ध्वस्त कर उसके साथ मारपीट करने लगे। निर्माण करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसने उपजिलाधिकारी, संपूर्ण समाधान दिवस, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यमंत्री के यहां शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगाई, लेकिन कहीं से भी उसे मदद नहीं मिली। पीड़ित भूप सिंह का कहना है कि वह अधिकारियों के यहां शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगा रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।

लाइब्रेरी के लिए निशुल्क मिलीं 50 पुस्तकें

पुस्तकें प्राप्त करते ग्राम प्रधान अरुण कपासिया।

बुरावली, अमृत विचार : गांव मटीपुरा में बनी निशुल्क लाइब्रेरी के लिए 50 किताबें निशुल्क भेंट की गई हैं। अब इन किताबों को लाइब्रेरी में बच्चे पढ़ सकेंगे। न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के गांव मटीपुरा में ग्राम प्रधान अरुण कपासिया के सहयोग से विद्यार्थियों की सहायता करने और शिक्षा से जोड़ने के लिए निशुल्क लाइब्रेरी खोली गई थी। उत्कृष्ट कार्य करने पर 15 अगस्त को उच्च अधिकारियों ने ग्राम प्रधान को सम्मानित किया था। विद्यार्थी बिना कीमत चुकाए किताबों को पढ़ते हैं। मटीपुरा लाइब्रेरी के लिए प्रतियोगिता से संबंधित 50 किताबें निशुल्क भेंट की हैं, जो प्रधान अरुण कपासिया ने ग्रेटर नोएडा पहुंचकर आरडब्लूए सेन्टर से किताबों को प्राप्त किया और लाइब्रेरी में रखवाया। ग्राम प्रधान ने कहा कि शिक्षा मुफ्त ही होनी चाहिए। यह हर बच्चे का अधिकार है। जो मजबूत भारत की नींव है। यहां कोई भी पाठक लाइब्रेरी में जाकर किताबें पढ़ सकता है। यह किताबें बच्चों के लिए अग्रिम परीक्षाओं में सहयोगी रहेंगी।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक शनिवार को नोएडा से लौटते समय सड़क हादसे में घायल हो गया था। मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। क्षेत्र के गांव शेखुपुर झकड़ी निवासी टिंकू (22) पुत्र दिनेश कुमार नोएडा में किसी कंपनी में कार्य करता था। शनिवार शाम वह अपने साथी शिवम एवं भुवनेश के साथ वाहन में सवार होकर घर लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही वाहन नेशनल हाईवे पर बृजघाट के पास पहुंचा तो उसका टायर फट गया। इससे वह वाहन अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया था। इसमें टिंकू, शिवम, भुवनेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर पहुंचे परिजनों नेने गंभीर हालत में टिंकू को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार सुबह टिंकू की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसका शव घर ले आए। परिजनों ने बताया कि वह तीन भाइयों में मझला था। उसकी मौत से भाई नरेंद्र, सचिन, मां जगवती समेत परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

बाइक फिसलकर गिरने से युवक घायल

हसनपुर, अमृत विचार : नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव हादीपुर कलां निवासी मोनू सोमवार दोपहर गांव ओसा माफी में बाइक से अपनी बहन के घर आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक अतरासी मार्ग पर गांव रजोहा के पास पहुंची तो अचानक बाइक फिसल कर गिर गई। इसे युवक घायल हो गया। राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को नगर के सीएचसी में पहुंचवाया। जहां घायल युवक की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजन युवक को उपचार के लिए अमरोहा ले गए।

कमेटियों के सदस्यों को किया गया सम्मानित

सैदनगली/उझारी, अमृत विचार : ईद मिलादुन्नबी पर विशेष योगदान देने वाली कमेटियों के सदस्यों को अंजुमन गुलामान-ए-मुस्तफा की ओर से सम्मानित किया गया। कस्बा उझारी में अरबी साल के तीसरे महीने रबी उल अव्वल में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। 12 रबी उल अव्वल को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाता है। इन तकरीबात में नगर की आठ अंजुमने प्रतिभाग करती हैं। जो जुलूस को भव्यता देने में अपना पूर्ण योगदान देती हैं। अंजुमन गुलामान ए मुस्तफा ने सभी कमेटियों के जिम्मेदारान को सम्मानित करने के लिए मोहल्ला सादात में कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें अंजुमन गुलामान ए पंजतन की ओर से शकील सैफी, शफीक अल्वी, अंजुमन फिदायाने मुस्तफा की ओर से डॉ. नदीम मलिक, नाजिम अलवी, अंजुमन नूर उन नबी की ओर से रईस कस्सर, असलम शाह, अंजुमन यंग गुलामान ए मुस्तफा ने डॉ. साहिल, शाने आलम कुरेशी, वकील कस्सर, अंजुमन गुलशन ए मदीना की ओर से मोहम्मद राशिद, अंजुमन गुलामान ए गौस ओ रजा की ओर से अनस कुरैशी, जावेद कुरेशी एवं फहीम मलिक, मौ0 मुस्तकीम को अंजुमन गुलामान ए मुस्तफा की ओर से सम्मानित किया गया।

बाग में काट डाले आम के 10 हरे पेड़

नौगांवा सादात, अमृत विचार : नगर क्षेत्र में रात में कुछ लोगों ने आम के हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी। बाग में खड़े हरे आम के 10 पेड़ों को रातों रात काट लिया गया। सूचना के बाद भी वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है। कस्बा नौगांवा सादात के मोहल्ला अली नगर में नजीब आलम, शबी रजा, रियाज बाकर का नौ बीघा भूमि पर आम और शीशम के 63 पेड़ों का बाग है। इस बाग पर सिविल कोर्ट अमरोहा और हाई कोर्ट उच्चतम न्यायालय इलाहाबाद में मुकदमा विचाराधीन है। लेकिन शबी रजा और रियाज बाकर ने ठेकेदार शाकिर निवासी आलमपुर कैच से हम साज होकर रात्रि में आम के हरे 10 पेड़ कटवा दिए। पेड़ों की जड़ों को मिट्टी से ढकवा दिया गया। जब इसकी सूचना दूसरे पक्ष को मिली तो उन्होंने आपत्ति जताते हुए वन विभाग को सूचना दी। लेकिन अभी तक वन विभाग के कर्मचारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

उत्तराखंड-आसपास

रिश्वत लेते पकड़ा कनिष्ठ लिपिक, निलंबित

मीट व्यापारी की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : एंटी करप्शन टीम ने नगर पालिका परिषद, बदायूं के कनिष्ठ लिपिक मुशाहिद अली को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। पालिका अध्यक्ष ने उसे निलंबित कर दिया है।

आरोपी मुशाहिद अली।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी अरसलान खान पुत्र जमीरउल हसन ने मीट की दुकान खोलने के लिए नगर पालिका में आवेदन किया था। एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए नगर पालिका में कनिष्ठ लिपिक मुशाहिद अली ने 20 हजार रुपये की मांग की। व्यापारी ने इतने रुपये देने में असमर्थता जताई तो मामला 8 हजार रुपये में तय हुआ। अरसलान ने बरेली की एंटी करप्शन टीम के सीओ यशपाल सिंह से शिकायत की। सीओ ने सोमवार को ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में टीम बदायूं भेजी। कनिष्ठ लिपिक ने व्यापारी से रुपये लिए वैसे ही टीम ने दबोच लिया। गाड़ी में बैठाकर सिविल लाइन कोतवाली ले गई और रिपोर्ट दर्ज करा टीम उसे बरेली ले गई है। पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने कनिष्ठ लिपिक को निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एंटी करप्शन, बरेली के सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी को रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ा है। सिविल लाइन कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

व्यापारी से ऑनलाइन ठगी का आरोपी गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय ठगी करने वाले युवक का गिरफ्तार कर लिया है। वह बदायूं के अलावा कई जिले व राज्यों में लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। उसके खिलाफ बदायूं के अलावा राजस्थान और दिल्ली में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। मूल रूप से असम के गुवाहाटी के सेंजू नगर निवासी राजवीर उर्फ हरविंद सिंह पुत्र मोहिंदर सिंह शातिर किस्म का है। वह वर्तमान में दिल्ली के निहाल बिहार थाना क्षेत्र की कॉलोनी चंदन विहार में रह रहा है। उसने शहर के नेहरू चौक निवासी मैसर्स भारद्वाज रोप स्टोर फर्म के मालिक व शहर के मोहल्ला चौबे निवासी गौरव भारद्वाज के साथ ठगी की थी। उसने फर्म के मालिक को असम से फूल झाड़ू का कच्चा माल सप्लाई करने के लिए ऑनलाइन फार्म भरवाया और 11 लाख 92 हजार 500 रुपये की ठगी कर ली। फर्म के मालिक ने साल 2022 में विश्वास के हनन की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद धोखाधड़ी, कूटरचना, धमकाने आदि की धाराएं बढ़ाई गई थीं। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी राजवीर कोर्ट उपस्थित नहीं हुआ था। बदायूं के अलावा दिल्ली व अन्य राज्यों की पुलिस उसकी तलाश में थी। वह दिल्ली में नाम बदलकर राजवीर, टिंकू देव कपूर बनकर रह रहा था। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि वह राजस्थान के आशीष इंटरप्राइजेज के मालिक के साथ 2 लाख रुपये, बिहार के गैरी इंटरप्राइजेट के मालिक से एक लाख 87 हजार रुपये, सहारनपुर की अग्रवाल फर्म से 50 हजार रुपये, आंध्र प्रदेश के अशोक चौधरी से एक लाख 30 हजार, दिल्ली के संजय से 6 लाख रुपये, दिल्ली के मोहल्ला जनकपुरी निवासी गुरुनीत सिंह से एक लाख 20 हजार 500 रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस ने उससे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने फर्जी जीएसटी नंबर लिया था।

महिला की मौत, मायके वालों ने चिता से उठाया शव, हंगामा

संवाददाता, बिनावर/विजय नगला

अमृत विचार : बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई। ससुराल वाले गांव के पास अंतिम संस्कार कर रहे थे। सूचना मिलने मिलने पर मायका पक्ष पहुंचा और हंगामा किया। पुलिस मौके पर पहुंची। मायका पक्ष को समझाया। शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें महिला की मौत शरीर में खून की अत्यधिक कमी और फेफड़ों में पस पड़ने से होने की बात सामने आई है।

जिला कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र के गांव ताली निवासी नन्हें पुत्र गेंदालाल की बेटी पूजा (24) की शादी लगभग तीन साल पहले थाना बिनावर क्षेत्र के गांव करतोली निवासी छोटे पुत्र कल्लू के साथ हुई थी। नन्हें के अनुसार बेटी के ससुरालीजनों ने कुछ दिन पहले उन्हें फोन करके सूचना दी थी कि उनकी बेटी को खुशी होने वाली है। फिर रविवार को बताया कि पूजा ने मृत नवजात को जन्म दिया है। डिलीवर के बाद उसके हालत बिगड़ गई है। उसे बरेली के निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। जहां इलाज के दौरान सोमवार को पूजा की मौत हो गई। ससुरालीजन शव घर ले आए। आरोप है कि ससुरालीजनों ने मायका पक्ष को जानकारी नहीं दी। दोपहर लगभग एक बजे गांव के पास श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जा रहा था। किसी ग्रामीण की सूचना पूजा का मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और हंगामा करने लगा। शव को चिता से हटवाया। पूजा के पिता ने बिनावर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मायका पक्ष को शांत कराया।

आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी को आठ साल की सजा

संवाददाता, रुद्रपुर

● **जिला जज ने जिरह सुनने के बाद सुनाया फैसला**

अमृत विचार: वर्ष 2018 में पत्नी को दहेज की खातिर प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी पति को अदालत ने आठ साल कठोर कारावास और 15 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता नंदन सिंह धामी ने बताया कि वर्ष 2018 को निखिल बढ़ई निवासी अशोकनगर मानपुर ओझा बिलासपुर यूपी निवासी ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन संगीता की शादी शिवनगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी विवेक राय के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा और एक बार बहन ने अपने पति को किसी दूसरी महिला के साथ देख लिया। तभी से पति शारीरिक व मानसिक यातनाएं देने लगा।

12 सितंबर 2018 को पड़ोसी का फोन आया और बताया कि तुम्हारी बहन की मौत हो गई। बहन के ससुराल पहुंचा तो बहन मर चुकी थी। शिकायतकर्ता ने जीजा पर दहेज हत्या का आरोप भी लगाया। जिला शासकीय अधिवक्ता नंदन सिंह ने 11 गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिकंद कुमार त्यागी ने दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी पति विवेक राय को सजा सुनाई है।

बीएससी और एमएससी कृषि परीक्षा के लिए चार नोडल केंद्र बनाए गए

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 25 सितंबर से शुरू होने वाली बीएससी और एमएससी कृषि सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए चार नोडल केंद्र बनाए हैं। इन केंद्रों से गोपनीय पत्राचार महाविद्यालयों को मिलेंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक लाला सिपट्टर लाल डिग्री कॉलेज बल्लिया का नोडल केंद्र बरेली कॉलेज, दीक्षित कॉलेज रामपुर का नोडल केंद्र राजकीय राजा कॉलेज रामपुर, रामचंद्र सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज मिर्जापुर शाहजहांपुर का नोडल केंद्र प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद और श्री राम गोपाल सिंह महाविद्यालय सुल्तानपुर मुरादाबाद का नोडल केंद्र जीएसडी कॉलेज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद होगा।

बरेली कॉलेज के जल्द खुल सकते हैं खाते

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में नगर निगम के करोड़ों के टैक्स के बकाया होने से सीज खाते खुलवाने की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। कॉलेज में मंगलवार को नगर निगम की टीम पैमाइश के लिए पहुंच सकती है।

बरेली कॉलेज पर 1998 से 2024 तक करीब 27 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है। लंबे समय से बरेली कॉलेज की ओर पत्राचार कर बताया जा रहा था कि कॉलेज सरकारी और ऐतिहासिक धरोहर है, निगम को इस पर टैक्स नहीं लगना चाहिए, जबकि नगर निगम का तर्क था कि निगम के 100 मीटर दायरे में आने के चलते टैक्स लगाया जा रहा है। टैक्स जमा न होने पर निगम ने कॉलेज के खाते सीज कर दिए थे। इससे कॉलेज के तमाम काम अटक गए। मामले के निस्तारण के लिए 10 सितंबर को तत्कालीन नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स से कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव देवमूर्ति, प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने मुलाकात कर फ्रीज खाते खुलवाने के लिए चर्चा की थी। 14 सितंबर को नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स का स्थानांतरण हो गया। इससे पैमाइश की प्रक्रिया अटक गई। अब इस संबंध में नए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से पत्राचार किया गया है, जिसमें मंगलवार को चार सदस्यीय टीम को नामित कर पैमाइश के लिए भेजने की बात पर सहमति बनी है।

प्राचार्य प्रो.ओपी राय ने बताया कि पैमाइश में टीम का सहयोग किया जाएगा। न्यूनतम दर पर कर को किस्तों में जमा करने की प्रक्रिया प्रबंधन के सहयोग से करेंगे।

4 अक्टूबर से शुरू होंगी नर्सिंग और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने नर्सिंग, कृषि समेत कई परीक्षाओं का कार्यक्रम सोमवार को जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक स्नातक और परास्नातक की व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सुधार परीक्षा 4 से 18 अक्टूबर तक होगी। बीएससी नर्सिंग प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की पूरक 4 से 24 अक्टूबर तक होगी। एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा 4 अक्टूबर से होगी। एमएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षा 4 और 5 अक्टूबर को कराई जाएगी। एमएससी बायोटेक्नोलॉजी द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा 4 से 9 अक्टूबर तक होगी। एमएससी कृषि एनिमल हसबेंडरी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 1 से 7 अक्टूबर तक होगी। बीएससी ऑनर्स प्रथम वर्ष की बैक परीक्षा 4 से 9 अक्टूबर तक, द्वितीय वर्ष की 4 से 15 अक्टूबर और तृतीय वर्ष की 4 से 17 अक्टूबर तक होगी।

डॉक्टरों की कमी पूरी करें, वरिष्ठ नागरिकों को दें आयुष्मान कवर

विशेषज्ञ डॉक्टरों को बेहतर मानदेय व इंसेंटिव की सुविधा से जोड़ें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग प्रिंसिपल, डॉक्टरों व अन्य सहयोगी स्टाफ की भर्ती की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि अच्छे मानदेय व कार्य के अनुसार इंसेंटिव की सुविधा के साथ विशेषज्ञ डॉक्टर्स को जोड़ा जाए। कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्राइवेट हास्पिटल्स के बेहतर कार्यों को देखते हुए उनके रजिस्ट्रेशन की समयावधि को कम से कम तीन से पांच वर्ष किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की और इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरुप 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के संबंध में विभाग को सभी आवश्यक कार्य व प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल सके।

कॉर्पस फंड की व्यवस्था करें अस्पताल

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेज अपने यहां चिकित्सकीय उपकरणों-एक्स रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन व लिफ्ट इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों के लिए अपने यहां एक कॉर्पस फंड की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कोरोना काल खंड में हेल्थ वॉलंटियर्स के अनुभवों का विभाग लाभ उठाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गाजियाबाद में एम्स सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने जा रही है। इसके लिये सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को समय से पूरी हो जाएं।

नीट यूजी : 2691 सीटों के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग

लखनऊ, अमृत विचार: नीट यूजी में दूसरे चरण की काउंसिलिंग कुल 109 कॉलेजों की एमबीबीएस व बीडीएस की 2691 सीटों के लिए हो रही है। काउंसिलिंग में एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए 84 मैंडिकल कॉलेज और 25 डेंटल कॉलेजों में अभ्यर्थी प्राथमिकताएं दे सकते हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह द्वारा सोमवार को राज्य में कॉलेजवार सीट व्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। इसके बाद अथ्यर्थी कॉलेजों में सीट की उपलब्धता देकर मनपंसद कॉलेज की प्राथमिकताएं दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन सीटों में 2210 सीटें अनारक्षित हैं, जबकि ओबीसी 197, एससी में 180, एसटी की 22, ईडब्लूएच की 82 सीटें शामिल हैं।

मध्यांचल निगम ने खोला गोवा की ब्लैक लिस्टेट कंपनी का टेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● पावर कॉरपोरेशन रिपोर्ट मंगाकर करे जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई : उपभोक्ता परिषद

अमृत विचार: बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने गोवा की उस निजी कंपनी का टेंडर खोल दिया है, जिसे हाल में ब्लैक लिस्टेट किया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निगम में टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि जानकारी के बाद भी टेंडर प्रक्रिया में निजी कंपनी को शामिल करना अफसरों की लापरवाही है। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मामले की रिपोर्ट तलब कर अफसरों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सोमवार को ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम गर्वमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश की टेंडर विवरण संबंधी रिपोर्ट में सिंगल फेस मीटर के टेंडर प्रक्रिया में आठ निजी कंपनियों का उल्लेख है। इसमें गोवा की निजी कंपनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में होने के कारण अयोग्य ठहराया गया है। इसमें 'फाइनेंसिशल बिड' खोलने की तारीख 19 सिंतबर 2024 का जिक्र है। 24 अगस्त 2024 की बिडिंग में एचपीएल इलेक्ट्रिक के साथ जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को स्वीकार किया गया है। प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही दोनों मीटर निर्माता कंपनियां गोवा में काली सूची में हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल निगम ने एक टेंडर में एचपीएल का पार्ट बिड न खोलकर उसे बाहर किया है, पर दूसरे टेंडर में दोनों कंपनियों का टेंडर का भाग दो खोला गया है। कंपनियों को 5 अगस्त को काली सूची में डाला गया था।

हिंदू वह है जो गोकशी रोके, लाए कानून : अविमुक्तेश्वरानंद

सोमवार को लखनऊ में पत्रकार वार्ता करते शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हिंदू वह है जो गोरक्षा के लिए कानून लाए, गोकशी रुकवाए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को गो-ध्वज स्थापना भारत यात्रा कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में कर रहे थे। शंकराचार्य ने कहा कि यदि सत्ताधारी नीति नियंता चाहते तो अब तक गोकशी रोकने के लिए कानून बन गया होता, एक भी गाय की हत्या नहीं होती। गो हत्या रोकने के लिए सरकार को कानून बनाना होगा।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सरकार जब अभी तक कानून बनाने में असफल रही तो मुझे मठ से बाहर निकलना पड़ा। उन्होंने कहा कि गो रक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 33 प्रदेशों में जाएगी।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमारे यहां पहला स्थान गाय का है। देश की जनता ने कई बार गो माता के नाम पर वोट देकर विभिन्न दलों की सरकारें बनवाईं, मगर किसी ने भी गाय की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। जब एक देश एक चुनाव को लेकर बात हो रही है तो गो माता को लेकर प्रदेशों में अलग-अलग कानून क्यों हैं। गो हत्या रोकने के लिए भी एक ही कानून पूरे देश में लागू होना चाहिए। गाय को पशु सूची से हटाकर राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे रही है। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे होते तो प्रदेश में गाय नहीं कट रहीं होतीं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जिस दिन देश में गो हत्या बंद हो जाएगी उस दिन सोने के पात्र में गाय के दूध से अयोध्या में भगवान राम का अभिषेक करेंगे।

तिरुपति के प्रसाद से धर्म किया गया भ्रष्ट

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि तिरुपति के प्रसाद ने सनातनियों का धर्म भ्रष्ट किया है। जिन्होंने प्रसाद ग्रहण किया है वे यदि गो माता के पंच द्रव्य का सेवन करेंगे तो पाप नष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में बाहर से लाए जाने वाले प्रसाद को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। बताया कि अल्पसंख्यक नहीं कह सकते कि गो मांस खाना हमारा अधिकार है। इससे बहुसंख्यकों को तकलीफ पहुंचेगी।

भदरसा दुष्कर्म मामले में दाखिल हुआ आरोप पत्र

अयोध्या, कार्यालय

● पॉक्सो एक्ट अदालत में 26 को तय है रिमांड पेशी

अमृत विचार : सियासत के साथ शासन-सत्ता तक हलचल मचाने वाले पूराकलंदर थाना क्षेत्र निवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में विवेचक ने आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत में प्रस्तुत कर दिया है।

अभियुक्तों के रिमांड की पेशी 26 सितंबर पहले से ही नियत की गई है। मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने की पुष्टि अभियुक्त मोईद खान के अधिवक्ता वाईवी मिश्रा ने किया है।थाना क्षेत्र के भदरसा कस्बा निवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान मोईद खान का नौकर राजू खान खेत में पहुंचा और उसे बुलाकर बेकरी के कारखाने में ले गया। वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने मोईद खान के मोबाइल से इसका वीडियो बनाया और इसी आपत्तिजनक वीडियो के सहारे बलैकमेल कर राजू ने पुत्री के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई।

पिता ने गर्म चिमटे से बेटी को दागा किया गिरफ्तार

बांदा,एजेंसी: ललितपुर में बच्चों के साथ खेलने पर एक व्यक्ति ने अपनी 11 साल की बेटी को गर्म चिमटे से कई जगह दाग दिया। पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के बारौन गांव में रामस्वरूप उर्फ रमसू की 11 साल की बेटी हमउम्र बच्चों के साथ शनिवार को घर में खेल रही थी। इसी दौरान बोरी में रखी पोई की भाजी बकरियों ने गिरा दी। उन्होंने बताया कि इसी से नाराज रमसू ने चूल्हे के पास रखे गर्म चिमटे से बेटी की हथेली और शरीर के कई अंगों को दाग दिया। बचाने आए बच्ची के बाबा को भी बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया।

पूरे परिवार का अपहरण, महिला की हत्या

संवाददाता, राठ/सरीला (हमीरपुर)

● कामतानाथ के दर्शन कराने के बहाने किया अपहरण

● चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

अमृत विचार : कामतानाथ के दर्शन के बहाने एक परिवार का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास किया गया। गला कसने पर पति चलती कार से कूद गया, जबकि पत्नी की गला कसकर हत्या कर दी और राठ-उरई हाईवे पर गोहांड कस्बे के पास शव फेंक दिया।

बेटे को भी मरा समझ कर रास्ते में फेंक दिया, जबकि बेटी को औरैया में छोड़ा। पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कार बरामद कर ली है और चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित की गई हैं।कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के मदारीपुर निवासी सूरज सिंह परिवार के साथ कानपुर नगर के गुजैनी क्षेत्र में किराए पर रहता है। उसी मकान में त्रिभुवन उर्फ चाचा नाम का व्यक्ति भी रहता है। सूरज ने जरिया पुलिस को बताया कि त्रिभुवन ने चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन के लिए जाने की बात कही तो वह भी पत्नी अमन, बेटा रामजी और बेटी परी के साथ तैयार हो गया। शनिवार शाम त्रिभुवन ने अपने साथी वीर सिंह और रामप्रसाद को बुला लिया। रविवार रात त्रिभुवन ने राठ-उरई हाईवे पर कुम्हरिया गांव के पास सूरज का गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह चलती कार से कूद गया। इसके बाद सूरज के पुत्र शिवा उर्फ रामजी को गोहांड के पास फेंक दिया। बेटी परी और पत्नी अमन को लेकर भाग गए। कार सवारों ने अमन की गला दबाकर हत्या करने के बाद जरिया थाना क्षेत्र के रहंक बंबी के पास फेंक दिया। बेटी परी को औरैया में फेंक दिया।

रविवार सुबह रामजी ने गोहांड के पास एक मंदिर में घटना की जानकारी पुजारी को दी। पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को अपने साथ लेकर उसके पिता सूरज यादव की तलाश की तो वह भी मिल गया। सोमवार सुबह पुलिस ने रहंक बंबी के पास खेत से महिला का शव बरामद किया।

धर्म दर्शन

शर: पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

उपशमन सूक्त के देवता पर्जन्य हैं। पर्जन्य शब्द सामान्य अर्थों में वर्षा के लिए प्रयुक्त होता है, परंतु सभी का पोषक होने के कारण वह पोषणकर्ता भी है। अतः अनंत आकाश के विभिन्न स्रोतों से बरसने वाले पोषक एवं उत्पादक स्थूल एवं सूक्ष्म प्रवाहों को यहां पर्जन्य के रूप में वर्णित किया गया प्रतीत होता है। इस सूक्त में ऋषि ने धनुष से छूटने वाले विजयशील "शर" (बाण) के उदाहरण से जीवन तत्व के गूढ़ रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

"शर" शब्द का सामान्य अर्थ बाण है, किंतु पृथ्वी से जो अंकुर निकलता है,उसे भी शर कहते हैं। इस प्रकार यह शर पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक है और उसी पर प्राणी मात्र का जीवन निर्भर करता है। बाण अथवा जीवन तत्व के रूप में उसकी उत्पत्ति पिता पर्जन्य के सेचन से तथा माता पृथ्वी के गर्भ से होती है। यह जीवन तत्व ही समस्त बाधाओं एवं रोग आदि को जीतने में, जीवन लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है। इसलिए उसकी उपमा "शर" से दी गई है। जीवन संग्राम में विजय के लिए प्रयुक्त शर (जीवन तत्व) किस धनुष से छोड़ा जाता है, उसका सुंदर अलंकरण यहां प्रस्तुत किया गया है। उस धनुष का एक छोर माता पृथ्वी है तथा दूसरा छोर पिता पर्जन्य है। ज्या अर्थात प्रत्यंचा उन दोनों को खींचकर उनकी शक्ति संप्रेषित करती है। ज्या का एक अर्थ जन्मदात्री भी होता है। अतः आकाश में स्थित पर्जन्य एवं पृथ्वी की शक्ति के सहयोग से जीवन तत्व का संरक्षण करने वाली सृजनशील प्रकृति ही इस धनुष की ज्या (प्रत्यंचा) है। "शर" शब्द का प्रयोग यथास्थान मूत्र रोग के उपचार हेतु शलाका के लिए भी किया गया है। ऋषि अथर्वा कहते हैं कि अनेक प्रकार से चराचर धारक एवं पोषक पर्जन्य को हम इस "शर" के पिता के रूप में जानते हैं। अनेक प्रकार के स्वरूप देने वाली पृथ्वी को भी हम भली प्रकार जानते हैं। हे ज्या! आप हमारे शरीरों को चट्टान की तरह सुदृढ़ता एवं शक्ति प्रदान करें। शत्रुओं (शारीरिक दोषों) को शक्तिहीन बनाकर हमसे दूर करें। द्युलोक एवं पृथ्वी के मध्य स्थित तेज की भांति यह मुंज (मुक्तिदाता या शोधक जीवन तत्व) सभी स्रावों, रसों एवं रोगों के बीच प्रतिष्ठित रहे अर्थात शरीर या प्रकृति के समस्त स्रावों को वह जीवन तत्व रोगों की ओर न जाने दें। रोगों के शमन में उसका उपयोग करें।

इस शरीर के जनक पर्जन्य से हम भलीभांति परिचित हैं। अनंत बलशाली मित्रदेव (प्राण वायु) जो शर का पिता है, को हम जानते हैं। शर के पालक सशक्त वरुण देव को हम जानते हैं। हम शर के पिता आह्लादक चंद्र देव को जानते हैं। हम जानते हैं कि विशेष शक्ति संपन्न पवित्रतादायक सूर्य शर के पालक हैं। ये सभी तुम्हारा कल्याण करें। उनसे तुम्हें विशिष्ट पोषण प्राप्त हो तथा विकार बाहर निकल जाएं। मूत्र वाहिनी नाड़ियों, मूत्राशय एवं आंतों में स्थित दूषित जल इस चिकित्सा से पूरा का पूरा वेग के साथ शब्द करता हुआ शरीर से बाहर हो जाए। शर (शलाका) से मूत्रमार्ग को खोल देते हैं। बांध टूट जाने से जिस प्रकार जलाशय का जल शीघ्रता से बाहर निकलता है, उसी प्रकार रोगी के उदरस्थ समस्त विकार वेगपूर्वक बाहर निकलें। धनुष से छोड़े गए, तीव्र गति से बढ़ते हुए बाण की भांति तेरा संपूर्ण मूत्र (विकार) वेगपूर्वक बाहर निकले।

वैष्णव संप्रदाय

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

वैष्णव पुराणों में, विष्णु, ब्रह्मवैवर्त, हरिवंश तथा भागवत में विष्णु, नारायण, यादव कृष्ण तथा गोपाल कृष्ण के चरितों के विभिन्न पहलूओं का विस्तृत विवरण अंकित है। यह तथ्य विवादरहित है कि "श्रीमद् भागवत पुराण ही भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। मोटे तौर पर, वैष्णव संप्रदाय, भगवान विष्णु को ही परमेश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। वैष्णव धर्म की सामान्य जानकारी हमें उपनिषद साहित्य से ही प्राप्त होने लगती है। छान्दोग्य उपनिषद में श्रीकृष्ण का उल्लेख मथुरा में जन्में देवकी पुत्र तथा आंगिरस शिष्य के रूप में होती है। वृष्णिवंशीय वासुदेव कृष्ण इस संप्रदाय के उपास्य देव हैं। वासुदेव को ज्ञान शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य तथा तेज नामक छह गुणों से संपन्न होने के कारण ही भगवान या भागवत कहा गया है। वैरागी, दास, रामानंद, वल्लभ, निम्बार्क, माधव, राधा वल्लभ, सखी तथा गौड़ीय इसके उपसंप्रदाय हैं। प्रमुख वैष्णव संप्रदायों के नाम, प्रमुख आचार्य नाम तथा मत इस प्रकार हैं-वैष्णव संप्रदाय विशिष्टाद्वैत रामानुज, ब्रह्मा संप्रदाय द्वैत आनंद तीर्थ, रुद्र संप्रदाय विशुद्ध द्वैत वल्लभाचार्य और सनक संप्रदाय द्वैताद्वैत निम्बार्क। वैष्णव संतों का प्रमुख संबोधन है-आचार्य, स्वामी और संत।

वैष्णव संतों में मूलतः वैरागी संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े श्रीदिगंबर अनी अखाड़ा, श्री निर्वाणी अखाड़ा और श्री निर्मोही अखाड़ा। यहीं पर यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जन्मना या जाति से ब्राह्मण न होकर भी वैष्णव धर्म धारण कर, सिर पर चोटी छोड़ सिर मुड़ा और विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैष्णव ब्राह्मण बन सकता है। जन्मना गैरब्राह्मण से वैष्णव ब्राह्मण बने लोगों मे तमिल बन्निया, तेलगु नायडू, मलयाली गैर ब्राह्मणों की अच्छी खासी संख्या है। अपने सद्कर्म, हार्दिक भक्ति और आस्था के बल पर कोई भी मनुष्य वैष्णव बन सकता है। वैष्णव के लिए शारीरिक सौंदर्य पर ध्यान, तेल मालिश, हजामत से परहेज आवश्यक है। उसके लिए सुबह, दोपहर और सायं बेला में हरि कीर्तन, भजन, सत्संग, धर्म कथा श्रवण अनिवार्य है।

वर्ग पहेली-201

बाएं से दाएं
1. 1. महाप्रलय 2. पितृपक्ष 3. तीर्थस्थान।
4. एक दिशासूचक यंत्र जिसकी सुई सदैव पश्चिम दिशा की ओर रहती है; कुतुबनुमा, दिग्दर्शक यंत्र।
6. 1. श्रद्धा, आस्था 2. विश्वास, भरोसा, ऐतबार।
7. अभिमानी स्त्री।

ऊपर से नीचे
1. 1. मज़ाक संबंधी 2. हंसोड़, परिहासप्रिय, विनोदी।
2. नियत अनुपात में, अनुपात के अनुसार।
3. 1. घान 2. तेल आदि पेरने का कोल्हू 3. ढेर।
5. यशोदा, कृष्ण की माता।



वर्ग पहेली -200 का हल

	1 ह	क	2 ब	क	
	ल		हु		3 जे
	फ़ी		का		ली
		4 कु	लि	या	
	5 लि	पि	क		6 ता
		त			नू
7 जु	ई		8 स	फ़ी	र

सुडोकू-114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			5	7		
1			7			9		4
		3		6	1			2
			8			2		1
2		6				4		3
3		9			7			
8			1	9		3		
4		7			8			9
		1	2			5		

सुडोकू - 113 का हल

8	6	9	1	3	2	5	4	7
5	1	4	9	8	7	2	3	6
7	3	2	5	6	4	9	8	1
4	7	5	3	2	8	6	1	9
1	2	6	4	5	9	8	7	3
3	9	8	7	1	6	4	2	5
9	5	1	8	4	3	7	6	2
6	4	3	2	7	5	1	9	8
2	8	7	6	9	1	3	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 21.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज अपना व्यवहार सबके प्रति अच्छा रखें। किराये के घर पर रहने वालों के मन में नए घर को लेकर चिन्ता बढ़ सकती है। आज आप अपनी सधी हुई संवादशैली के प्रभाव से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। गलत कार्यों में अपना दिमाग न लगाएं।

वृष — आज व्यवसाय में में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नई संपत्ति खरीदने को लेकर विचार बना सकते हैं। अपनी गलतियों और कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करें। विपरीत विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बहस न करें।

मिथुन — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। करियर में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आप कुछ विशिष्ट कार्यों की तरफ मुड़ सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर दिखावा न करें। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

कर्क — आज नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी रहेंगे। अनिद्रा और घबराहट की समस्या हो सकती है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। उच्च अधिकारी आपका विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े अधीर रहेंगे, किन्तु आज अपने दिल की बात कहने से बचें।

सिंह — आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अधूरे काम पूरे होने से मन में काफी खुशी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साह बढ़ायेंगे। महिला जातकों को महंगे उपहार मिल सकते हैं।

कन्या — आज आपकी कार्यशैली लोगों के लिए चर्चा का विषय बन रही है। सभी काम सरलता से होते हुए प्रतीत होंगे। अविवाहित लोग विवाह को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। धर्म-कर्म के मामले में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार के लोग किसी कारणवश आपसे नाराज हो सकते हैं।

तुला — आज विदेश में रहने वाले लोगों को घर की याद आयेगी। निजी कंपनियों जॉब करने वाले लोग अवकाश को लेकर बॉस से चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय संयमित रखें और दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

वृश्चिक — आज दांपत्य जीवन थोड़ा उबाऊ हो सकता है, लेकिन आप अपना व्यवहार जीवनसाथी के प्रति अच्छा रखें। शोध कार्यों के प्रति आपकी रुचि हो सकती है। दोस्तों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। निम्न रक्तचाप और थकान की समस्या हो सकती है।

धनु — आज जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसन्द करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी रोमान्टिक रहने वाले हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मकर — आज धन की समस्या दूर होगी। पार्टनर के साथ विवाद समाप्त होगा। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आपको कारोबार में मनचाही उन्नति मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए मित्रों से मिल सकते हैं।

कुंभ — आज दिन की शुरुआत खास ठीक नहीं रहेगी। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। मसालेदार भोजन से बचें वरना कब्ज की समस्या भी हो सकती है। परिवार के कुछ लोग आपकी निन्दा कर सकते हैं, लेकिन आपको उन पर अभी ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

मीन — आज किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। घर की परिस्थितियों के सामने स्वयं को असहज महसूस करेंगे। मच्छरों से सावधान रहें। शाम के समय कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। इससे आपका मूड फ्रेश हो जायेगा। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें।

आज की फिल्में

औलाद
सुबह : 09.24
कुली नं. 1
रात : 07.16
खिलाड़ियों का खिलाड़ी
सुबह : 10.53
तरला
रात : 08.00

2012
सुबह : 10.23
डार्क फोनिक्स
रात : 08.45
रक्षाबंधन
दोपहर : 12.16
स्कंदा
रात : 08.00
शिवा द सुपर हीरो 3
सुबह : 11.27
गुप्त
रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 12.16 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू (पिंटू से)- और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नहीं?
पिंटू से- अबे घुटनों पर चलकर आई थी मेरे पास, घुटनों पर
चिंटू- क्या बात कर रहा है, सच में?
पिंटू - और नहीं तो क्या
चिंटू- फिर क्या बोली?
पिंटू - बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नहीं मारुंगी!

मिंटू-सोनू जरा अपनी साइकिल देना।
पिंटू- नहीं, मैं नहीं दे रहा।
मिंटू-अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा
पिंटू-कोई बात नहीं चीनी खा लेना।

एक नजर

स्पाइसजेट ने क्यूआईपी से जुटाए 3,000 करोड़ रुपये

मुंबई। घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ जुटाए हैं। स्पाइसजेट ने कहा कि क्यूआईपी 16 सितंबर को खुला और 18 सितंबर को बंद हुआ। इसमें योग्य निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया के साथ काफी अधिक अभिदान मिला। यह कंपनी की वृद्धि संभावनाओं में मजबूत विश्वास को दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि 3,000 करोड़ के वित्तपोषण के अलावा उसे पिछले वित्तपोषण दौर से 736 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी मिली। इससे उसकी वित्तीय स्थिरता तथा वृद्धि योजनाओं को और बढ़ावा मिलेगा। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि निवेशकों और संस्थानों से मिली मजबूत प्रतिक्रिया स्पाइसजेट के विस्तार और भारत के उभरते विमानन बाजार में एक मजबूत कंपनी बनने की क्षमता में उनके विश्वास का प्रमाण है।

मुरादाबाद मंडी

दालें :दाल चना : 75 से 78 रुपये
मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 – 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी: 60से 70 रुपये चना कावली: 90 से 130 रुपये राजमा लाल: 130 से140 रुपये राजमा चित्ता: 125 से 130 रुपये लोबिया लाल: 90से 110 रुपये लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

मेंथा बाजार भाव

रामपुर: शिवालिक-965 फ्लैग-1115 डीएमओ-835 बोल्ड-1150
चन्दौसी: शिवालिक- 965 फ्लैग-1080 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 875

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	76,300
चांदी आभूषण	89,000

वॉयस-इंटरनेट दरों में 95% की कमी: सिंधिया

दूरसंचार विभाग के चार समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाओं का लक्ष्य संचार मंत्री ने बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

- **मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर बोले- 117 करोड़ मोबाइल धारकों की संख्या**
- **2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में घटकर 3.5 पैसे प्रति मिनट है**
- **2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है**

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग के 4 समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं देने का लक्ष्य बताते हुए सोमवार को कहा कि कॉल ड्राप में धीरे-धीरे सुधार करने की दूरसंचार विभाग द्वारा तैयारी की गई है। सिंधिया ने अपने मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर कहा कि अभी देश में 117 करोड़ मोबाइलधारकों की संख्या है। एक दशक पहले 2014 में देश में छह करोड़ इंटरनेट के कनेक्शन थे जो अभी बढ़कर 95 करोड़ हो गया है। इसी तरह से ब्रॉडबैंड कनेक्शन की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गयी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में 94 प्रतिशत घटकर औसतन 3.5 पैसे प्रति मिनट है। 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में 95 प्रतिशत घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है। इस तरह से कॉल और इंटरनेट दरों में 95 प्रतिशत की कमी आई है। मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी पर काबू पाने के उद्देश्य से संचार साथी पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है कार्रवाई के तहत 15 सितंबर तक 2.3 लाख से अधिक मोबाइल फोन को ब्लॉक किया गया है।

साथ ही 3.50 लाख हैकर को ब्लॉक किया गया है और साथ एक करोड़ मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिये गये हैं। कॉल ड्रॉप पर सिंधिया ने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध काम करने की योजना बनायी गयी है। शुरूआत में तिमाही स्तर पर कॉल ड्राप निगरानी की समीक्षा की जा रही है और आगे चलकर इसको मासिक करने की योजना है। साथ ही प्रति टावर भी इसकी समीक्षा की जायेगी। इसको इस तरह से काबू पाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग चार स्तंभ समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 6.5 लाख गांव में से 36621 गांव में दूरसंचार सेवाओं को पहुंचाना है जिसमें से 100 दिनों में 9500 गांवों में यह सेवा पहुंची है। 7200 से अधिक टावर लगाए गए हैं। गावों में सेवायें पहुंचाने के लिए 27600 से अधिक टावर लगाये जाने हैं। बीएसएनएल के लिए 4 जी की तैयारी जोरों से जारी है। इसके लिए 4 जी स्टैक लगाने का काम चल रहा है।

मोटर इंश्योरेंस क्लेम के लिए एक आसान गाइड

वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो कैसे पाएं क्लेम

आज लोगों के बड़ी संख्या में निजी वाहन खरीदने से मोटर इंश्योरेंस सबसे प्रचलित बीमा उत्पाद बन गया है। परिणामस्वरूप हर साल सबसे ज्यादा क्लेम भी होते हैं, लेकिन हममें से अधिकांश लोग अपना पहला मोटर क्लेम करते समय कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हैं। लेकिन मोटर इंश्योरेंस के प्रकार, क्लेम से पहले और बाद की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हो तो मुश्किलें खत्म हो जाती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

क्लेम के प्रकार- मोटर इंश्योरेंस के क्लेम आमतौर पर दो श्रेणियों में होते हैं – कैशलेस और रीइम्बर्समेंट क्लेम।

कैशलेस क्लेम : इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई नुकसान पहुंचता है, जिसे मरम्मत की जरूरत हो तो आपको आगे बढ़कर कोई खर्च नहीं करना पड़ता। बीमा प्रदाता सीधे अपने नेटवर्क गेराज को वाहन की मरम्मत के लिए खर्चों का भुगतान करता है। आप यानी ग्राहक केवल मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) और डिडक्टेबल लागू होने पर उसका भुगतान करते हैं। मूल्यह्रास का प्रतिशत वाहन की आयु और भाग के अनुसार अलग-अलग होता है।

रीइम्बर्समेंट क्लेम : इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई भी नुकसान होता है, तो आप किसी भी गेराज में अपने वाहन की मरम्मत करवा सकते हैं। आपको मरम्मत की लागत का भुगतान करना होगा और बीमा प्रदाता से रीइम्बर्समेंट (प्रतिपूर्ति) के लिए अप्लाई करना होगा। सुनिश्चित करें कि आप वर्कशॉप से मरम्मत से संबंधित सभी रसीदें और बिल ले लें। बीमा प्रदाता क्लेम संबंधी दस्तावेजों और बिलों को सत्यापित करने के बाद आपको भुगतान करेगा।

तीन तरह के क्लेम

थर्ड पार्टी (टीपी) : भारत में थर्ड पार्टी कवर कानूनन अनिवार्य है। टीपी का उद्देश्य है आपके वाहन द्वारा किसी थर्ड पार्टी को हुए नुकसान के मुआवजे की स्थिति में आपको कानूनी दायित्वों के लिए कवरेज प्रदान करना। टीपी सेक्शन आपको या आपके वाहन को कोई कवर प्रदान नहीं करता। टीपी सेक्शन में एक थर्ड पार्टी जिसे आपके वाहन से चोट लगी हो, संपत्ति को नुकसान हुआ हो या मृत्यु हो गई हो, मुआवजे के लिए क्लेम कर सकता है। मृत्यु या चोट के मामले में मुआवजे पर कोई सीमा नहीं होती और मुआवजे की राशि कोर्ट द्वारा निर्धारित की जाती है। अगर आप दुर्घटना में थर्ड पार्टी हैं, तो आपको तुरंत एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए और वाहन के मालिक से उनके टीपी इंश्योरेंस के विवरण लेने चाहिए।

ओन डैमेज (ओडी) : दुर्घटना में आपके वाहन को हानि पहुंचने पर ओडी क्लेम लागू हो जाता है। पहला कदम है पुलिस और अपने बीमा प्रदाता को सूचित करना। पुलिस और बीमा प्रदाता की सहमति के बिना अपने वाहन को दुर्घटना स्थल से न हटाएं। दुर्घटना स्थल से वाहन को हटाने की सहमति मिलने के बाद आप अपने वाहन को मरम्मत के लिए ले जा सकते हैं और बीमा प्रदाता कैशलेस या रीइम्बर्समेंट के आधार पर भुगतान करेगा।

चोरी : अगर आपका वाहन चोरी हो जाता है तो आपको पुलिस में एफआईआर दर्ज करवानी होगी और बीमा प्रदाता व आरटीओ को चोरी के बारे में सूचित करना होगा। आपको बीमा प्रदाता के पास एफआईआर, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आदि की एक कॉपी जमा करवानी होगी। पुलिस इस मामले की जांच करेगी, लेकिन अगर आपका वाहन 90 दिनों के भीतर नहीं मिलता, तो पुलिस एक "नो ट्रेस रिपोर्ट" जारी करेगी। चोरी के मामले में क्लेम सेटलमेंट के लिए नो ट्रेस रिपोर्ट अनिवार्य होती है।

डिजिटल क्लेम प्रक्रिया

बीमा उद्योग तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है और समय पर क्लेम सेटलमेंट करने के लिए नए उपायों का उपयोग कर रहा है। क्लेम सेटलमेंट में ऐसा एक नया इनोवेशन है ऑन द स्पॉट सेटलमेंट। यह बीमा प्रदाता के एप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है। बीमित व्यक्ति को केवल अपने वाहन को हुए नुकसान की कुछ फोटो क्लिक करके बीमा प्रदाता के एप या पोर्टल पर उन्हें अपलोड करना होगा। बीमा प्रदाता उन फोटो और अपने डेटा एनालिटिक्स टूल का उपयोग करके क्लेम राशि निर्धारित करते हैं। स्वीकार किए जाने पर क्लेम 20 मिनट के अंदर मिल जाता है।

टीए रामलिंगम
(चीफ टेक्निकल ऑफिसर, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस)

रत्न-आभूषण निर्यात 18.79% घटा

मुंबई, एजेंसी

सुस्त वैश्विक मांग से अगस्त में भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 18.79घटकर 2.01 अरब डॉलर रहा है। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से जानकारी मिली है। अगस्त, 2023 के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.47 अरब डॉलर रहा था।

जीजेईपीसी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान निर्यात जुलाई से बेहतर रहा, जब यह 1.66 अरब डॉलर का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने बताया कि अगस्त में तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 26% घटकर एक अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 1.36 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन महीने के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात भी 1.15% घटकर 68 करोड़ 76.9 लाख डॉलर का रह गया। कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक, कॉलिन शाह ने कहा कि वैश्विक बाजार परिदृश्य की तुलना में घरेलू स्तर पर रत्न और आभूषण क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सीमा शुल्क में कटौती के बाद सोने की कीमत में आई कमी खरीदारों तक पहुंचेगी, जिससे अंततः बिक्री बढ़ेगी।

सोना 600 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,000 की गिरावट

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच देश के सर्राफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपये चढ़कर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग से सात दिन की तेजी का क्रम टूट गया और चांदी 1,000 रुपये गिरकर 90,000 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

प्याज की कीमतों पर नियंत्रण को बफर स्टॉक से बढ़ी बिक्री

नई दिल्ली। सरकार ने निर्यात शुल्क हटाने के बाद खुदरा कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर थोक बाजारों में बफर स्टॉक से बिक्री बढ़ाकर प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने बफर स्टॉक (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है। खरे ने कहा कि निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। हमारे 4.7 लाख टन के बफर स्टॉक और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है।

- **केंद्र ने दिल्ली और अन्य शहरों के बाजारों में भंडार से प्याज निकालना कर दिया शुरू**

राष्ट्रीय

एक नजर

तृणमूल विधायक, डॉक्टर से सीबीआई की पूछताछ

कोलकाता। पिछले महीने यहां आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष से केंद्रीय एजेंसी की पूछताछ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल के फॉरेंसिक विभाग में डॉक्टर-प्रोफेसर अपूर्ब बिस्वास से भी इसी मामले के सिलसिले में सीबीआई अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के पानीहाटी से विधायक घोष सुबह साढ़े 10 बजे साल्टलेक स्थित सीबीआई के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय पहुंचे। सीबीआई ने कहा कि हमने उन्हें आरजी कर अस्पताल की घटना के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया था।

राउज के सीईओ और समन्वयक को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने सोमवार को राउज आईएएस स्टडी सर्किल के सीईओ अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को जुलाई में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत से संबंधित मामले में सात दिसंबर तक अंतरिम जमानत दे दी।

छत्तीसगढ़: महिला समेत तीन नक्सली मारे गए

नारायणपुर। जिले में सोमवार को खोजी अभियान पर निकले जवानों की मुठभेड़ नक्सलियों से हुई, जिसमें तीन नक्सली मारे गए। मृतक नक्सलियों के पास से एके 47 सहित कई हथियार मिले। इलाके में जवानों ने सघन खोजी अभियान चलाया है। पुलिस ने बताया कि जवानों को खबर मिली थी कि इलाके में नक्सली बैठक कर रहे हैं। शाम 4 बजे वह अबूझमाड़ के जंगल पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी की तो जवानों के जवाबी कार्रवाई में एक महिला समेत तीन नक्सली मारे गए।

कोर्ट पहुंचे स्वामी, निगरानी में जांच का अनुरोध

तिरुपति लड्डू विवाद: याचिका में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश देने की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- **टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त जज की समिति से जांच का किया अनुरोध**

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच अदालत की निगरानी में किये जाने के अनुरोध के साथ सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। भाजपा नेता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी के स्रोत और नमूने पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे।

स्वामी ने आग्रह किया कि वह अधिकारियों से विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतरिम निर्देश जारी करे। याचिका अनुसार प्रसाद में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता या उसकी कमी की निगरानी और सत्यापन के लिए आंतरिक रूप से अंकुश होना चाहिए था। स्वामी ने याचिका की जानकारी एक्स पर पोस्ट की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैंने जनहित याचिका दायर कर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश की मांग की। नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में जानवरों के मांस और सड़े पदार्थों की मिलावट की गई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य वाई.वी. सुब्बा रेड्डी ने भी न्यायालय में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व वाली स्वतंत्र समिति द्वारा जांच कराये जाने का अनुरोध किया है।

मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान ले न्यायालय : विहिप

तिरुपति। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने उच्चतम न्यायालय से तिरुपति के लड्डुओं में मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेने और दोषियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू करने की सोमवार को अपील की। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विहिप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए तथा एक निश्चित समयावधि में इसकी जांच कर इस अक्षम्य अपराध के दोषियों की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए। उसने कहा कि इस मामले में लापरवाही और देरी की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि ऐसा होने पर हिंदू समुदाय के सदस्य राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर सकते हैं, जो इस मामले को लेकर पहले से ही अधीर हैं। विहिप के अनुसार, तिरुपति के लड्डुओं को लेकर पिछले चार-पांच दिन में दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी वाईएसआरसीपी द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों-प्रत्यारोपों से हिंदू समुदाय स्तब्ध है।

एफएसएसएआई की रिपोर्ट का इंतजार

नई दिल्ली। तिरुपति मंदिर में बांटे गए लड्डुओं पर जारी विवाद के बीच उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि उनका विभाग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की रिपोर्ट मिलने के बाद ही बाजार में घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार करेगा। खरे ने कहा कि हम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।

कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, उसने सैलजा का किया अपमान : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे दलित विरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। शाह ने आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री हैं।

शाह हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने दलित नेताओं का अपमान किया, चाहे वह अशोक तंवर हों या बहन सैलजा। सत्तारूढ़ भाजपा दलित नेता सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रही है। सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने की खबरों के बीच हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सैलजा को भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया था।

मैं कांग्रेसी हूं, दो-तीन दिन में शुरू करूंगी प्रचार: सैलजा

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने नाराजगी की खबरों के बीच सोमवार को कहा कि वह कांग्रेसी हैं और दो-तीन दिन में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं।

आरोपी ने पुलिस की रिवॉल्वर छीन चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में मौत

बदलापुर (महाराष्ट्र), एजेंसी

बदलापुर यौन शोषण

- **अस्पताल में आरोपी ने तोड़ा दम, एक पुलिसकर्मी घायल**

स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे ने हिरासत में पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

आरोपी शिंदे को तलोजा जेल से पुलिस रिमांड पर लेकर बदलापुर जा रही थी। आरोपी ने गाड़ी में पुलिसकर्मी से रिवाल्वर छीन ली और पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर फायरिंग की गई। इसमें अक्षय शिंदे को गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अक्षय शिंदे ने दम तोड़ दिया।

अक्षय शिंदे की मौत को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अक्षय शिंदे की पूर्व पत्नी ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इसलिए उसे जांच के लिए ले जाया जा रहा था। शिंदे ने एक पुलिस कर्मी नीलेश मोरे पर गोली चलाई, जो घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर है। पुलिस ने आत्मरक्षा में यह कार्रवाई की है। जांच के बाद अधिक जानकारी सामने आएगी।

जाति जनगणना बोलने से डरते हैं मोदी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण पर भाजपा पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले, लेकिन मुख्य विपक्षी दल आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं और वह नहीं चाहते कि बहुजन को उनका हक मिले।

राहुल गांधी ने आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की पैरवी करते हुए कहा कि बहुजन को न्याय दिलाना उनके जीवन का मिशन है। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संदर्भ में दिए बयान को लेकर भाजपा और उसके शीर्ष नेता उन पर हमले कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सभा में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़े वर्गों सहित वंचित वर्गों को दिए आरक्षण को छूने की इजाजत नहीं दी जाएगी। राहुल अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की जरूरत नहीं है।

श्रीनगर में सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

जम्मू-कश्मीर में बोले राहुल- संसद में बनूंगा आपकी आवाज

श्रीनगर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज बनने का सोमवार को वादा किया और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए भाजपा शासित केंद्र पर दबाव बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई। श्रीनगर के बाहरी इलाके जैनाकोट में चुनावी रैली में गांधी ने कहा कि जब भी आपको मेरी जरूरत होगी, आप मुझे सिर्फ आदेश दीजिए, मैं आपके समक्ष हाजिर हो जाऊंगा। मैं आपके मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। आप जानते हैं कि मेरा आपसे कितना खास रिश्ता है। मुझे इसका जिक्र करने की भी जरूरत नहीं है।

किश्तवाड़ में आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के समूह में कुछ देर तक गोलीबारी होने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। किश्तवाड़ के चटरू इलाके में मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकियों के जंगली इलाके में छिपे होने की उम्मीद है। जहां सुरक्षा बलों की टीम ने घेराबंदी कर रखी है। चटरू के गुरिनाल गांव में डन्ना धार वन क्षेत्र के पास 21 सितंबर को शुरू हुई मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। 13 सितंबर को हुई गोलीबारी में दो जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

यूएपीए: मुकदमे की मंजूरी देने में समयसीमा का सख्ती से हो पालन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत अभियोजन मंजूरी की सिफारिश और स्वीकृति के लिए निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। ऐसी समयसीमाओं के बिना सत्ता बेलगाम हो जाएगी, जो एक लोकतांत्रिक समाज के खिलाफ है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अन्यथा सत्ता हो जाएगी बेलगाम**

यूएपीए के नियम 3-4 सात दिन की समयसीमा देते हैं, जिसके भीतर संबंधित प्राधिकारी को आईओ द्वारा एकत्रित सामग्री के आधार पर सिफारिश करनी होती है। अदालत ने प्राधिकारी की रिपोर्ट पर कहा कि ऐसे मामलों में समय का पालन महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने फुलेश्वर गोपे की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। गोपे पर पीएलएफआई का सदस्य होने का आरोप है।

सैन्य अधिकारी व महिला मित्र के उत्पीड़न को लेकर आयोग गठित

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुलिस थाने में सैन्य अधिकारी को कथित तौर पर प्रताड़ित करने और उसकी मंगेतर के यौन उत्पीड़न के मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चितरंजन दास की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया है।

आयोग घटनाक्रम और उससे जुड़ी परिस्थितियों के साथ ही इससे संबद्ध व्यक्तियों तथा प्राधिकारियों की भूमिका, आचरण और जवाबदेही पर गौर करेगा। जांच रिपोर्ट 60 दिन में सौंपी जाएगी। आयोग भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि सेना अधिकारी, उसकी मंगेतर और महिला के पिता ने सोमवार सुबह राज्य सचिवालय में माझी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सरकार दोषियों पर कार्रवाई को प्रतिबद्ध है।

महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक : अदालत

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रेमनारायण सिंह की इंदौर पीठ ने कथित तौर पर क्रूरतापूर्ण दुष्कर्म के मामले में पीड़ित और आरोपी पक्ष के बीच समझौते पर प्राथमिकी रद करने से इनकार करते हुए कहा है कि महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक है।

इस मामले के आरोपी के खिलाफ अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का इल्जाम है। आरोपी ने पीड़िता से हुए समझौते पर याचिका दायर करते हुए हाईकोर्ट से गुहार की थी कि उसके खिलाफ इंदौर के थाने में इस साल तीन मई को दर्ज प्राथमिकी और निचली अदालत की लंबित कार्यवाही रद कर दी जाए।

सूरत: पटरी से छेड़छाड़ में रेलवे के ही कर्मी गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी

- **हादसा टालने का श्रेय लेने और सम्मान पाने के लिए पटरी पर फिश प्लेट रखकर दी थी सूचना**

गुजरात के सूरत जिले में रेल पटरी से छेड़छाड़ करने और फिर संभावित हादसे को टालने का श्रेय लेने के आरोप में रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी होतेश जॉयसर ने बताया कि सुभाष पोद्दार, मनीष मिस्त्री और शुभम जायसवाल रेलवे के रखरखाव विभाग में ट्रैकमैन हैं। पोद्दार और अन्य ने कोसांबा और किम स्टेशन के बीच निरीक्षण के दौरान शनिवार सुबह 5.30 बजे रेलवे प्रशासन को सतर्क किया था कि शरारती तत्व पटरी से ट्रेन को उतारने के लिए एक तरफ की पटरी से इलास्टिक क्लिप और दो फिश प्लेट हटाकर उन्हें दूसरी तरफ की पटरी पर रख रहे हैं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तीनों के पटरियों से छेड़छाड़ देखे जाने से ठीक पहले मार्ग से एक ट्रेन गुजरी थी। छेड़छाड़ का पता चलने और ट्रेन के गुजरने के समय का अंतर बहुत कम था और इतने कम समय में इलास्टिक क्लिप और फिशप्लेट हटाना संभव नहीं था। तीनों के मोबाइल फोन की जांच की और देर रात 2.56 बजे से तड़के 4.57 बजे तक अलग-अलग अंतराल पर रिकॉर्ड किए छेड़छाड़ वाले वीडियो पाए। मिस्त्री ने अपनी खींची तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। पूछताछ के बाद तीनों ने इस कृत्य को कबूल किया। उन्होंने बताया कि वे इस कृत्य में इसलिए शामिल हुए कि उन्हें सम्मानित किया जाएगा और आगे भी रात की ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा, जिससे उन्हें दिन में परिवार के साथ रहने का मौका मिलेगा। वह पोद्दार ही था, जिसके मन में यह विचार आया, क्योंकि मानसून में लगाई गई उसकी रात्रि ड्यूटी समाप्त होने वाली थी।

20 साल में पहली बार खिताब जीतना गर्व का पल

- हरिका बोलीं- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी शतरंज ओलंपियाड जीतने की खुशी है

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है।

भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। अजरबैजान के खिलाफ महिला टीम के लिए 33 वर्षीय हरिका ने लय में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 18 वर्षीय दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर गोवर बेयदुल्यायेवा को पछाड़ कर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी पक्का किया। हरिका ने कहा मेरे लिए जाहिर तौर पर यह इन लोगों (टीम के साथी खिलाडियों) से ज्यादा भावुक क्षण है। मैं लगभग 20 साल से खेल रही हूं लेकिन पहली बार स्वर्ण पदक जीतने का मौका मिला है। मैं इन खिलाड़ियों के लिए काफी खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। युवा खिलाड़ियों ने टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया। शायद मेरा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था लेकिन टीम के स्वर्ण पदक से मैं सब कुछ भूलने में सफल रही। मुझे खुशी है कि हम निराशा को पीछे छोड़कर मजबूत वापसी करने में सफल रहे।

शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

दिव्या ने कहा इसकी शुरुआत काफी अच्छी रही, लेकिन बीच में हमें कुछ सफलता मिली और जिस तरह से मैंने और मेरी टीम ने इसे संभाला उस पर मुझे गर्व है। हमने दृढ़ता के साथ मुकाबला किया और आखिरकार हम स्वर्ण पदक के साथ यहां हैं। मैं अभी भावनाओं से भरी हुई हूं। मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। यह करो या मरो जैसे हालात थे, आपको देश के लिए सब कुछ झोंकना होता है। दिव्या तीसरे बोर्ड पर 11 में से 9.5 अंक हासिल कर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में भी सफल रही। तानिया ने कहा यह वह क्षण है, मुझे लगता है कि हम इसके लिए ही बने थे। पिछली बार (2022 में टीम मामूली अंतर से चूक कर कांस्य पदक जीती थी) ऐसा नहीं हुआ। पिछली बार कांस्य पदक का जश्न मनाना कठिन था लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं।

श्रीलंका ने जीता पहला टेस्ट मैच

गाले, एजेंसी

प्रबथ जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड को 68 रनों से हरा दिया है। आज यहां मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम कल के स्कोर आठ विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरु किया।

प्रबथ ने शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र (92)को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके दो रन बाद विलियम ओरूर्क (शून्य) को बोल्ड कर प्रबथ ने न्यूजीलैंड की पारी को 211 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। मैच में नौ विकेट लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

प्रबथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच।

- पांचवें दिन 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड 68 रनों की हारी

इससे पहले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और उसने छह रन के स्कोर पर डेवन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रबथ ने केन विलियमसन (30) को स्टंप आउट करा दिया। टॉम लेथम (28) को धनंजय ने पगबाधा किया। टॉम ब्लंडल (30) को प्रबथ ने बोल्ड आउट किया। रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 92 रन बनाए। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए प्रबथ जयसूर्या ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रमेश मेंडिस को तीन विकेट मिले। धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया

पुडुचेरी। साहिल पारेख (नाबाद 109) और अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सोमवार को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। आज यहां 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में हैरी होकेस्ट्रा ने रुद्ध पटेल को (10) पर रोनाल्डो के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद साहिल पारेख और अभिज्ञान कुंडू ने भारतीय पारी को संभालते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। साहिल ने 75 गेंदों में 14 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 109) रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं अभिज्ञान कुंडू ने 50 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की शृंखला 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

शारजाह। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को शृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने शृंखला 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मार्कराम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान के लिए पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष आठ में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। इनमें से तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एएम गजनफर ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

तैराक प्रत्याशा रे को मिलेगा एकलव्य पुरस्कार

भुवनेश्वर। ओडिशा की उभरती हुए तैराक प्रत्याशा रे को 2024 के प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रत्याशा ने इस साल फरवरी में गुवाहाटी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते थे। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए जूरी सदस्यों वाली एकलव्य पुरस्कार समिति ने यहां एक बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्याशा का चयन किया। प्रत्याशा को एक समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ सात लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। धावक डोंडापति मृत्युम जयराम और बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री को भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र के साथ डेढ़ लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।

बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत दर्ज की

मैड्रिड। बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हंसी फ्लिक ने कहा इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं। टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है जिसने शनिवार को इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।

डब्ल्यूटीसी की तालिका में भारत का वर्चस्व

बांग्लादेश पर जीत के साथ मजबूत हुई स्थिति, श्रीलंका तीसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई, एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लार्ड्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाकिस्तान के खिलाफ शृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए। अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है।

जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। (फाइल फोटो) ● एजेंसी

गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं। श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।

गिल के साथ मैदान के बाहर की दोस्ती काम आई : पंत

चेन्नई। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ सफल साझेदारी के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि दोनों के बीच मैदान के बाहर की दोस्ती से मैदान पर काफी मदद मिली। पंत और गिल दोनों पहली पारी में नहीं चल पाए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 167 रन की साझेदारी की जिसका आखिर में मैच के परिणाम पर असर पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी मदद मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे तथा बेहद सहज थे। आखिर में हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले पंत ने कहा मेरी खेल की समझ यह कहती है कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए। इसलिए मैं टीम की मदद करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया।

बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीव स्मिथ

नई दिल्ली। अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो शृंखला जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट शृंखला जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। 35 वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ शृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है।

टीम यूरोप ने टीम विश्व को हराकर लीवर कप जीता

बर्लिन। चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी।

अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी। रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई। टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा

- कानपुर टेस्ट में 300 विकेट और 3,000 रन के साथ ग्रैंड डबल एलीट क्लब में शामिल होने का मिलेगा मौका

चेन्नई, एजेंसी

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रविंद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों ना हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3,000 रन के ग्रैंड डबल को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3,122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है।

अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यूट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं। हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है।

स्वदेश में हमने 45 मैच खेले, जडेजा ने लिए 218 विकेट : अश्विन

अश्विन ने कहा अब यह प्रशंसा एक कदम और बढ़ गई है, यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा वह काफी प्रेरणादायक है। कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटरों के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं, और फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। वर्ष 2012 में जोड़ी बनाने के बाद से अश्विन और जडेजा स्वदेश में एक साथ 45 टेस्ट खेले जिनमें से भारत ने 34 जीते, तीन में हार और शेष आठ ड्रॉ रहे। इन 45 मैचों में जडेजा ने 218 जबकि अश्विन ने 263 विकेट चटकाए।

बॉलीवुड हलचल

मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 बनीं रिया सिंघा

जयपुर। गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गईं हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई।दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, फिलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह, रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज संधू शामिल है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी

हैदराबाद। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24,000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बन जाएंगे। उन्होंने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्म है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2 : द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। #पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा द रूल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

भांबरी, जीवन और प्रशांत अलग-अलग टूर्नामेंट के युगल फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई।

जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांग्झोऊ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंजी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।

विजय सुंदर प्रशांत व जीवन नेदुनचेझियान।

- फाइनल मुकाबला जीवन और विजय का कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की जर्मन जोड़ी से होगा

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

इजराइली हमलों में 182 लोग मारे गए

लेबनान के लिए 2006 के बाद सर्वाधिक घातक दिन, 300 ठिकानों पर हमला किया

मरजायौन (लेबनान), एजेंसी

लेबनान के लिए वर्ष 2006 के बाद सोमवार सर्वाधिक घातक दिन रहा और हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल के हमलों में 180 से अधिक लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ व्यापक हवाई अभियान से पहले दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के निवासियों को अपने घर खाली करने की चेतावनी दी थी।

दक्षिण लेबनान से इजराइल की चेतावनी के बाद हजारों लेबनानी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। वर्ष 2006 के इजराइल-हिज़बुल्ला युद्ध के बाद इस सबसे बड़े पलायन में दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन के पास मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में सोमवार को लगभग 300 ठिकानों पर हमला किया। इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी, तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। हिजबुल्ला के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है।

सामाजिक दबावों के बीच पुरुष अकेलेपन की महामारी से जूझ रहे

जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया।

कनाडाई रैप गायक ने अपने दिल की भावनाएं पेश की

एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी।

अमेरिकी सर्जन ने महामारी बताया

पुरुषों पर अकेलेपन का असर को लेकर अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति ने एक सलाह जारी की, जिसमें उन्होंने देश में अकेलेपन और अलगाव को एक महामारी के रूप में वर्णित किया। हाल ही में हमने 75 नए और भावी पिताओं पर एक अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आघात से निपटने की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि इससे अंतत: उनके परिवारों को सहायता मिलेगी। लेकिन नए और भावी पिताओं का कहना है कि पुरुषों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए संसाधन अक्सर अनुपलब्ध या बहुत सीमित होते हैं।

पुरुष होने के नाते बाहर से दिखाते मजबूत

शोध में शामिल एक प्रतिभागी ने कहा एक पिता और एक पुरुष होने के नाते, आपको माहौल खुशनुमा रखना है और बाहर से खुद को मजबूत दिखाना है। लेकिन, अंदरुनी तौर पर आप कुछ अलग ही महसूस कर रहे होते हैं। शोध एक स्थायी सामाजिक स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाता है, वह चुप्पी जो आमतौर पर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द रहती है।

एक नजर

ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

तेहरान। ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने सोमवार को बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वह शख्स इस्लामाबाद में सीनेट का कर्मचारी था, लेकिन हाल ही में उसे नौकरी से हटा दिया गया।

इराक के आतंकवादी गुट ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

बगदाद। इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने रविवार शाम को जॉर्डन घाटी में एक इजराइली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी। इससे पहले दिन में समूह ने इज़रायली ठिकानों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमलों की जिम्मेदारी ली जिसमें भोर में दक्षिणी इज़राइल में स्थलों पर ड्रोन हमला, उत्तर में कई स्थलों पर उन्नत अल-अरक़ब क्रूज मिसाइलों से हमले और सुबह में जॉर्डन घाटी में एक इजराइली सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला शामिल है।

मानवता की सफलता युद्ध के मैदान में नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में कहा- सर्वोच्च प्राथमिकता मानव-केंद्रित होनी चाहिए

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन में कहा कि मानवता की सफलता युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति में निहित है। संयुक्त राष्ट्र महासभा हॉल के प्रतिष्ठित मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत नमस्कार से की और कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र में 1.4 अरब भारतीयों या मानवता के छठे हिस्से की आवाज लेकर आए हैं। भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहा है, तो सर्वोच्च प्राथमिकता मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को दी जानी चाहिए। इससे पहले भविष्य के शिखर सम्मेलन के पहले दिन विश्व नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को मंजूरी दे दी थी। साथ ही ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट और भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणा पत्र को भी स्वीकार कर लिया गया था।

भविष्य का शिखर सम्मेलन और उसके बाद वार्षिक महासभा का उच्च स्तरीय सप्ताह इजराइल-हमास संघर्ष और यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन, असमानता और गहरे भू-राजनीतिक विभाजन की चुनौतियों के बीच हो रहा है। समझौते के पांच व्यापक फोकस क्षेत्रों में सतत विकास, अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी युवा और भावी पीढ़ियां तथा वैश्विक शासन में परिवर्तन शामिल हैं। यह कल की पीढ़ियों के लिए अधिक सुरक्षित, अधिक शांतिपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी दुनिया की दिशा में सदस्य देशों द्वारा की जाने वाली कार्रवाइयों और प्रतिबद्धता के लिए आधार तैयार करता है। अगले साल संयुक्त राष्ट्र के 80 साल पूरे होने के अवसर पर, यह समझौता वैश्विक संस्थाओं में सुधार, सतत विकास लक्ष्यों पर कार्रवाई के लिए आगे का रास्ता, जलवायु कार्रवाई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की आवश्यकता समेत अन्य क्षेत्रों को रेखांकित करता है। हालांकि, इसमें इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समयसीमा नहीं बताई गई है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

मोदी ने 15 कंपनी के सीईओ के साथ की बैठक

न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया और इस दौरान भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की। बैठक मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन रविवार को लोट्टे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई। बैठक में एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली अमेरिका की 15 प्रमुख कंपनियों के सीईओ ने हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के सीईओ के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य विषयों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। भारत के प्रति आशावादी दृष्टिकोण को देखकर मुझे खुशी हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) जैसे प्रयास भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मूल में हैं।

सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए हो प्रयास

पिछले वर्ष नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। भारत 15 देशों की सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षों से चल रहे प्रयासों में अग्रणी रहा है। संयुक्त राष्ट्र की यह शक्तिशाली संस्था वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है, साथ ही इसने इस बात पर जोर दिया कि वह स्थायी सदस्यता का हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में अस्थायी सदस्य के तौर पर सुरक्षा परिषद में बैठा था।

विश्व आतंकवाद के खतरे से जूझ रहा

मोदी ने वैश्विक महत्वाकांक्षा के अनुरूप वैश्विक कार्रवाई का भी आह्वान किया, क्योंकि विश्व आतंकवाद के खतरे के साथ-साथ नई चुनौतियों से भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा, जहां एक ओर आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र संघर्ष के नए क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा इन सभी मुद्दों पर मैं इस बात पर जोर दूंगा कि वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने औली समेत विश्व के कई नेताओं से की मुलाकात

- द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की
- प्रधानमंत्री ने फिलस्तीनी राष्ट्रपति सहित से की गहन चर्चा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के इतर अब्बास से मुलाकात की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। भारत और नेपाल की मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और गति देना चाहते हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घनिष्ठ मित्रता को और प्रगाढ़ करते हुए यूएनजीए सत्र से इतर नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से आज मुलाकात की। इसमें कहा गया दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की। ओली प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले किसी पड़ोसी देश का दौरा करने की परंपरा को तोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका आए हैं।



नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मोदी।

गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की

मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी यहां मुलाकात की और गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।

अगर हारा, तो 2024 का चुनाव मेरा आखिरी मुकाबला होगा : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अगर वह 2024 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में वापसी करने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि वह 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। जब पत्रकार शेरिल एटकिसन ने ट्रंप से फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा नहीं, मैं (चुनाव नहीं) लड़ पाऊंगा। ट्रंप की यह टिप्पणी इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने व्हाइट हाउस के लिए चौथी बार दावेदारी की संभावना को खारिज कर दिया है और वह कभी इस संभावना को स्वीकार नहीं करते हैं कि वह वैध रूप से चुनाव हार सकते हैं।

रूसी व अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

मॉस्को, एजेंसी

- दो यात्रियों ने परिक्रमा कर रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रिकॉर्ड-लंबा प्रवास पूरा किया

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा। ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं। कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं।

लेबनान एक और गाजा में हो सकता है तब्दील : गुटेरेस

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि इजराइल व हिजबुल्ला के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। गुटेरेस ने अमेरीकी समाचार आउटलेट सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि लेबनान में संचार उपकरणों के हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि बहुत अधिक वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है। लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस ने एक्स पर कहा क्षेत्र एक आसन्न तबाही के कगार पर है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है, ऐसा कोई सैन्य समाधान नहीं है जो किसी भी पक्ष को सुरक्षित कर सके।

दिसानायके ने नया युग का किया वादा

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने ली शपथ, कहा- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत

कोलंबो, एजेंसी

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कहा कि वह अपने देश में पुनजार्गरण की शुरुआत करेंगे। दिसानायके (56) ने सोमवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में उन्हें शपथ दिलायी।

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद दिए संबोधन में कहा मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है। दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अलग-थलग नहीं रह सकता और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद संबोधन करते राष्ट्रपति दिसानायके।

मोदी का जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें बधाई दिए जाने पर उनका आभार जताया और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं। दिसानायके ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद।

मध्यस्थता सुनवाई में रूस पर जड़े आरोप

द हेग, एजेंसी

- यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्चस्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई शुरू

यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्च-स्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान, कीव ने मॉस्को पर रणनीतिक रूप से अहम अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में यह सुनवाई रूस और यूक्रेन से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामलों की श्रृंखला में नवीनतम है। ये मामले 2014 में मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जा करने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण करने से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधि एंटन कोरिनविच ने मध्यस्थों के एक पैनल को बताया रूस अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए उसने प्रवेश स्थल पर एक विशाल द्वार बनाया है, ताकि छोटी रूसी नौकाओं को प्रवेश की अनुमति दी जा सके और अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को बाहर रखा जा सके। प्रवेश द्वार से यूक्रेन का संदर्भ क्रीमिया पर कब्जे के बाद केर्च जलडमरूमध्य पर रूस द्वारा बनाए गए एक पुल से था।

मध्यस्थता सुनावाई के दौरान पक्ष रखते जेलेंस्की। एजेंसी

जेलेंस्की ने गोला बारूद फैक्टरी का दौरा किया

स्क्रैंटन (अमेरिका)। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

बमाको। पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे। मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो चुनौतियों के बावजूद राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक पवित्र संघ की आवश्यकता पर जोर दिया।

ज्ञान-विज्ञान | 466 मिलियन वर्ष पहले थे वलय, नए शोध से हुआ खुलासा

अतीत में शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बेहद रोचक जानकारी सामने आ रही कि पृथ्वी भी कभी शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी। ऑस्ट्रेलिया स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। शोध में बताया गया है कि 466 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी के चारों ओर वलय थे।

इसमें दो राय नहीं कि प्रकृति कभी एक समान नहीं हो सकती। बदलना इसका स्वभाव रहा है। हमारी धरती भी इससे अछूती नहीं है। कभी यह धधकती आग का गोला हुआ करती थी तो कभी भीषण हिमयुग की चपेट में रही। मगर अब जो जानकारी सामने आई है, वह आश्चर्य व्यक्त करने वाली है। हमारे सौर मंडल में रिंग सिस्टम आम हैं। शनि, बृहस्पति, यूरेनस, नेपच्यून और यहां तक कि कुछ बौने ग्रहों और क्षुद्रग्रहों में भी छल्ले हैं। अतीत में पृथ्वी के वलयों को लेकर किए गए शोध पर सच्चाई झलकती है। ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 16 सितंबर को इसका खुलासा किया है। 466 मिलियन वर्ष पहले यानी पृथ्वी मध्य ऑर्डोविशियन काल के दौरान छल्लों से घिरी हुई थी। वैज्ञानिकों ने कहा कि क्षुद्रग्रह प्रभाव से बने क्रेटर के अध्ययन से इसका पता चलता है। अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंस लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि लगभग 466 मिलियन वर्ष पहले एक बड़ा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के रोश सीमा के भीतर से गुजरा था। रोश सीमा पृथ्वी से न्यूनतम दूरी होती है। जिसके भीतर पृथ्वी का आंतरिक गुरुत्वाकर्षण बल प्रभावी होता है। जिसके चलते पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण ने क्षुद्रग्रह को तोड़ दिया और मलबा छिटककर वलय बनकर पृथ्वी की परिक्रमा करने लगा। शोधकर्ताओं ने 466 मिलियन वर्ष पहले मध्यकाल के 21 ज्ञात क्षुद्रग्रह प्रभावों के स्थानों की जांच की। तब पता चला कि सभी क्रेटर भूमध्य रेखा के 30 डिग्री के भीतर स्थित थे। अनुसंधान दल ने अनुमान लगाया कि क्रेटर मलबे से बने हैं जो धीरे-धीरे पृथ्वी से टकराते चले गए।

दुनिया के तमाम क्षेत्रों का किया अध्ययन

वास्तव में इस पृथ्वी के वलयों का पता लगाना आसान नहीं था। जिसके लिए शोधकर्ताओं ने पृथ्वी के तलछट या बर्फ के नीचे दबे क्षेत्रों, नष्ट हुए क्षेत्रों और टेक्टोनिक गतिविधि से प्रभावित क्षेत्रों को बाहर रखा और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिकी क्रेटन और यूरोप के छोटे हिस्सों सहित विभिन्न महाद्वीपों को अध्ययन क्षेत्र बनाया। तब यह जानकारी सामने आ पाई।